You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-305 | गुरुवार, 05 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




सदन के पटल पर सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने की विफलता के बाद श्री गांधी रस्म अदायगी के लिए उत्तर प्रदेश के संवेदनशील क्षेत्र संभल जाने का प्रयास कर रहे हैं। मैं इसे ऐसे कहना चाहूंगा कि कांग्रेस औपचारिकता नहीं विवशता निभा रही है। सुधांशु त्रिवेदी


बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार का मामला लोकसभा में उठा 11

राष्ट्रीय सुरक्षा हित सर्वोपरि रख कर चीन के साथ आगे बढ़ेंगे : जयशंकर 12


## संक्षेप

### भारत को अब तक 'चीन प्लस वन रणनीति' में सीमित सफलता मिली: नीति रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** भारत को अब तक 'चीन प्लस वन रणनीति' को अपनाने में सीमित सफलता मिली है, जबकि वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया और मलेशिया को इसका बड़ा फायदा मिला है। सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि सस्ता श्रम, सरल कर कानून, कम शुल्क और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने में तेजी जैसे कारकों से इन देशों को अपनी निर्यात हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिली। अमेरिका ने चीन की वृद्धि और तकनीकी प्रगति पर होने वाले खर्च को सीमित करने के लिए चीनी वस्तुओं पर सख्त निर्यात नियंत्रण और उच्च शुल्क लागू किए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट – 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' में कहा गया है कि इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बड़ा बदलाव आया और बहुराष्ट्रीय निगमों को चीनी विनिर्माण का विकल्प तलाशना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक, ''हालांकि, भारत को अब तक 'चीन प्लस वन रणनीति' को अपनाने में सीमित सफलता मिली है।'' हाल के वर्षों में श्रम-सघन क्षेत्रों के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी घटी है। इसमें कहा गया कि भारत को प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की जरूरत है।

### प्रदेश सरकार को नवंबर में मिला 1779 करोड़ राजस्व


**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवंबर में कुल 18389.80 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के नवंबर में 16610.53 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवंबर में गत वर्ष तुलना में 1779.27 करोड़ राजस्व अधिक मिला है। खन्ना ने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत जीएसटी मद के तहत नवंबर 2024 में कुल 7793.48 करोड़ की राजस्व मिला जबकि गत वर्ष यह 6652.20 करोड़ था। वैट के तहत इस बार नवंबर में 2685.19 करोड़ राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष नवम्बर में यह प्राप्ति 2737.13 करोड़ थी। आबकारी से नवंबर में कुल 4071.27 करोड़ मिले जबकि गत वर्ष यह प्राप्ति 3788.55 करोड़ रही थी। स्टाम्प तथा निबंधन से नवंबर की राजस्व प्राप्ति 2263.77 करोड़ है जबकि गत वर्ष यह 1961.94 करोड़ थी। परिवहन से राजस्व प्राप्ति 1205.28 करोड़ है जो कि गत वर्ष इसी माह 1065.08 करोड़ थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म से नवंबर 2024 में प्राप्ति 370.81 करोड़ है, जबकि गत वर्ष 405.63 करोड़ थी। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य कर के अंतर्गत जीएसटी एवं वैट मद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवंबर माह तक 74582.01 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो माह नवंबर तक निर्धारित लक्ष्य का 73.1 प्रतिशत है।

# कठोर प्रतीत होता है उत्तर प्रदेश गैंगस्टर अधिनियम

## सुप्रीम कोर्ट बोला-हम इस पर विचार करेंगे

❒ याचिका में लगाया गया पुलिस और न्यायिक मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप

❒ कानून के प्रावधानों की संवैधानिकता पर भी सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 'कठोर' प्रतीत होता है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह टिप्पणी एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई के दौरान की जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मई 2023 के आदेश को चुनौती दी गई है। पीठ ने अपील स्वीकार करते हुए कहा, '' यह अधिनियम कठोर प्रतीत होता है। हम इस पर विचार करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष नवंबर में मामले की सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य से याचिका पर जवाब मांगा था और कहा था, 'अस्थाई अंतरिम आदेश के माध्यम से गैंगस्टर एक्ट के तहत याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। बुधवार को याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि गंगा नदी में अवैध खनन के आरोप में 1986 के अधिनियम के प्रावधानों के तहत उस पर मामला दर्ज किया गया है।

वकील ने तर्क दिया कि इससे पहले कथित अवैध खनन से संबंधित एक अन्य प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वकील ने तर्क दिया, '' उन्होंने एक ही आरोप के लिए मुझ पर दो बार मामला दर्ज किया है। इस पर राज्य की ओर से पेश वकील ने 1986 के अधिनियम के प्रावधानों का हवाला दिया। पीठ ने कहा, '' इस पर विचार करने की आवश्यकता है।'' साथ ही पीठ ने कहा कि अधिनियम के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक अन्य याचिका भी उसके समक्ष लंबित है। उच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि उसे गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज मामले में झूठा फंसाया गया है।

### कोयला घोटाला मामले में सुनवाई से अदालतों को रोकने संबंधी आदेश में संशोधन पर विचार करेंगे: न्यायालय

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह अपने पूर्व के आदेशों में संशोधन के अनुरोध वाली याचिकाओं पर विचार करेगा, जिनमें उच्च न्यायालयों को कथित अवैध कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित मामलों में निचली अदालतों के आदेशों के खिलाफ अपीलों पर सुनवाई करने से रोक दिया गया था।
शीर्ष अदालत ने 2014 और 2017 के बीच दो आदेश पारित कर आरोपियों को उच्च न्यायालय जाने से रोक दिया था और निर्देश दिया था कि कोयला घोटाला मामलों में निचली अदालत की कार्यवाही के खिलाफ अपील केवल शीर्ष अदालत में ही दायर की जा सकेगी। आदेशों के पीछे की मंशा विलंब को रोककर सुनवाई की प्रक्रिया में तेजी लाना तथा उच्च न्यायालयों में राहत का अनुरोध करने वाले अभियुक्तों की कार्यवाही को रोकना था। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ उन याचिकाओं पर विचार कर रही थी, जिनमें आदेशों को संशोधित करने का आग्रह किया गया था। पीठ ने कहा कि अपीलीय अदालत होने के नाते दिल्ली उच्च न्यायालय को कोयला घोटाला मामलों से संबंधित निचली अदालतों के आदेशों से उत्पन्न याचिकाओं पर विचार करने की अनुमति दी जानी चाहिए। ● शेष पेज 11 पर

# संभल जाने से रोके गये राहुल, कहा कि नाकामी छिपाना चाहती है सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। कंग्रेस के वरिष्ठ सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को दिल्ली से संभल जाने के लिये निकले मगर उनके काफिले को गाजियाबाद में गाजीपुर बार्डर पर सुरक्षा बलों ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुये आगे नहीं जाने दिया।

गाजीपुर बार्डर पर श्री गांधी की पुलिस के आला अधिकारियों से नोकझोंक भी हुयी। अधिकारी उन्हे संभल जिला प्रशासन की चिट्ठी दिखा रहे थे जिसमें लिखा था कि संभल के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं, इसलिये दस दिसंबर तक जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं है। इस पर श्री गांधी ने सुरक्षा बलों से कहा कि संभल हिंसा में मारे गये मृतकों के परिजनो से मिलना उनका संवैधानिक अधिकार है और वह इस काज के लिये अकेले भी जाने को तैयार हैं मगर पुलिस अधिकारियों ने उन्हे आगे बढ़ने नहीं दिया जिसके बाद श्री गांधी और उनका काफिला दिल्ली लौट गया। बाद में श्री गांधी ने एक्स पर लिखा पुलिस ने हमें संभल जाने से रोक दिया। विपक्ष के नेता होने के नाते यह मेरा अधिकार और कर्तव्य है कि मैं वहां जाऊं। फिर भी ● शेष पेज 11 पर

# डिजिटल यूपी का सपना हो रहा साकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ योगी ने नेतृत्व में भारतनेट परियोजना ने यूपी में पकड़ी रफ्तार

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने के लिए भारतनेट परियोजना को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से योगी सरकार ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों को हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़कर उन्हें डिजिटल रूप से सक्षम बना रही है। भारत नेट परियोजना के माध्यम से प्रदेश में 46,729 ग्राम पंचायतें इंटरनेट से जुड़ चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत नेट प्रोजेक्ट के तहत ग्राम पंचायतों को चरणबद्ध तरीके से इंटरनेट से जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। इस योजना के तहत देश के सभी 2.64 लाख ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस साल अक्टूबर के अंत तक भारत नेट के पहले और दूसरे चरण के तहत लगभग 2.14 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा जा चुका है। इस परियोजना में जहां बड़ी उपलब्धियां हासिल हुई हैं, वहीं कुछ चुनौतियों का समाधान भी किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अक्टूबर 2024 तक कुल 46729 ग्राम पंचायतों को भारत नेट परियोजना के अंतर्गत ऑप्टिकल फाइबर केबल/सैटेलाइट लिंक से जोड़ा जा चुका है। वहीं महाराष्ट्र में 24575, मध्य प्रदेश में 17850, गुजरात के 14316, आंध्र प्रदेश के 12955 और पंजाब के 12668 ग्राम पंचायत भारत नेट परियोजना से आच्छादित हो चुकी हैं। 4जी सैचुरेशन परियोजना की सफलता के लिए बिजली कनेक्शन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्वी यूपी और पश्चिमी यूपी में कुल 132 स्थलों में से 90 स्थलों पर भूमि अधिग्रहण हुआ। इसमें से 39 जगहों पर बिजली कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं। पश्चिमी यूपी के क्षेत्र में 42 स्थलों में से 21 पर कनेक्शन दिए गए हैं। यूपी के 22 स्थलों को 'टेक्निकली नॉट फीज़िबल' के रूप में चिन्हित किया गया है, जिनमें से 20 घने जंगल क्षेत्रों में स्थित हैं। योगी सरकार ने ऊर्जा विभाग को निर्देश दिया है कि लंबित कनेक्शनों को शीघ्रता से जोड़ा जाए और तकनीकी बाधाओं के ● शेष पेज 11 पर

# बादल को गोली मारने का प्रयास, बाल-बाल बचे





एजेंसी

चंडीगढ़/ अमृतसर। शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल बुधवार सुबह बाल-बाल बच गये, जब एक पूर्व उग्रवादी ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर द्वार पर उन्हें गोली मारने का प्रयास किया।

पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री श्री बादल दो दिन पूर्व अकाल तख्त द्वारा सुनायी गयी धार्मिक सज़ा भुगतते हुये सेवादार के रूप में स्वर्ण मंदिर द्वार पर तैनात थे। अचानक आरोपी ने उन्हें गोली मारने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी की शिनाख्त पूर्व उग्रवादी नारायण सिंह चौरा के रूप में की गयी है। पुलिस के अनुसार घटना की गहन जांच की जा रही है। वारदात की खबर फैलते ही जत्थेदारों, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, विपक्षी दलों भाजपा, कंग्रेस और शिरोमणि अकाली दल नेताओं की प्रतिक्रियायें सामने आईं, जिन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुये कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाये। इनमें जत्थेदार रघबीर सिंह, ● शेष पेज 11 पर

# आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे देवेंद्र फडनवीस

एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता देवन्द्र फडनवीस ने बुधवार को यहां राजभवन में राज्यपाल पी सी राधाकृष्णन से मिलकर नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया।

श्री फडनवीस के साथ राज्यपाल से मिलने गये नेताओं में शिव सेना के नेता एवं पूर्व निर्वतमान एकनाथ शिंदे और महायुति गठबंधन के तीसरे बड़े भागीदार एवं राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजीत पवार तथा केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल थे।

इससे पहले श्री फडनवीस को भाजपा के केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्रीमती सीतारमण और श्री रूपाणी की निगरानी में पार्टी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया। उसके बाद महायुति गठबंधन के सदस्यों और नेताओं की विधानसभा परिसर में बैठक हुई और वहां से गठबंधन के वरिष्ठ नेता श्री फडनवीस के साथ नयी सरकार के गठन का दावा करने के लिए राजभवन पहुंचे। श्री फडनवीस ने राज्यपाल को सहयोगी दलों नेताओं के समर्थन की चिट्ठी सौंपी। श्री राधाकृष्णन ने श्री फडनवीस को गुरुवार शाम पांच बजे शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया है। शपथग्रहण समारोह मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार वाले मुख्यमत्रियों और वरिष्ठ नेताओं के भी शामिल होने की संभावना है। श्री फडनवीस को बुधवार को यहां भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया। बैठक में भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय ● शेष पेज 11 पर

### सपा नेताओं की मुलाकात कराने पर मुरादाबाद के जेलर व डिप्टी जेलर निलम्बित

लखनऊ। मुरादाबाद जेल में बंद संभल उपद्रव के आरोपितों से सपा नेताओं की नियम विरुद्ध मुलाकात कराने के मामले में सख्त कार्रवाई की गई है। डीजी जेल ने बुधवार को मुरादाबाद जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव और डिप्टी जेलर प्रवीण सिंह को निलम्बित कर दिया है। साथ ही जेल अधीक्षक पीपी सिंह के खिलाफ निलम्बन की कार्रवाई के लिए शासन से संस्तुति की गई है।

जेलर और डिप्टी जेलर ने कुछ सपा नेताओं को सारे नियमों को दरकिनार करते हुए आरोपितों से मुलाकात करा दी थी। इस मामले ने तूल पकड़ लिया था। इस पर जांच बैठा दी गई थी। जांच में जेलर विक्रम सिंह यादव और डिप्टी जेलर प्रवीण सिंह दोषी पाये गए। इसके बाद ही डीजी जेल ने दोनों के खिलाफ निलम्बन की कार्रवाई की। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जांच में जेल के कुछ और कर्मचारियों की भी मिलीभगत सामने आई है। इस बारे में तथ्य जुटाये जा रहे है। जांच अधिकारी ने वीडियो फुटेज भी कब्जे में ले रखी है। इस मामले में ● शेष पेज 11 पर

# किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ अवस्थापना और औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित एक माह में किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए देगी रिपोर्ट

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आंदोलनरत किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए अवस्थापना और औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव द्वारा राजस्व परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में पूर्व में 21 फरवरी 2014 को गठित समिति की रिपोर्ट का क्रियान्वयन करने के लिए एक माह में रिपोर्ट देगी। जिसे किसानों से वार्ता आदि के बाद लागू किया जाएगा।

प्रदेश सरकार द्वारा गठित नई समिति में अवस्थापना और औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर अध्यक्ष होंगे। साथ ही औद्योगिक विकास विभाग के विशेष सचिव पीयूष वर्मा, नोएडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौम्य श्रीवास्तव और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के अपर मुख्य कार्यपालक कपिल सिंह सदस्य होंगे।

इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग के सचिव अभिषेक प्रकाश ने आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि यह समिति राजस्व परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 21 फरवरी 2024 को गठित समिति की सिफारिशों को बिंदुवार लागू करने के लिए अपनी विस्तृत रिपोर्ट देगी। समिति को एक महीने में रिपोर्ट देनी होगी। राजस्व परिषद के अध्यक्ष द्वारा 27 अगस्त 2024 को अपनी सिफारिशें राज्य सरकार को दी गई थीं।

## यूपी ग्रामीण खेल लीग (द्वितीय संस्करण) का शुभारंभ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह

# विधायक खेल स्पर्धा को प्रोत्साहित करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

एजेंसी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल की गतिविधियों को ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकास खंड और विधानसभा स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार सांसद खेल स्पर्धा की तर्ज पर विधायक खेल स्पर्धा को प्रोत्साहित करेगी। इसके लिए विधायको का आह्वान किया जाएगा। गांव से लेकर विधानसभा स्तर तक होने के बाद इस स्पर्धा को जिले स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

सीएम योगी बुधवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के द्वितीय संस्करण के शुभारंभ एवं षष्ठम ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन-पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीण खेल लीग की मशाल को गत लीग में दो गोल्ड मेडल जीतने वाले एथलेटिक खिलाड़ी अभय को सौंपकर लीग के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल से सबको खेलने, फलने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यही बात कहते हैं कि जो खेलेगा वही खिलेगा। जो खिलेगा वही फलेगा और बढ़ेगा भी। पीएम मोदी की प्रेरणा से देश में खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेल स्पर्धा और हर जिले में स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (साई) के सेंटर स्थापित कर खेल की गतिविधियों को पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी तरह राज्य के अंदर भी खेल की गतिविधियों को बढ़ाने और आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के कार्यक्रम युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग इसी की कड़ी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेलों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार खेल से जुड़ी निजी संस्थाओं को भी प्रोत्सहित कर रही है। इसके लिए खेल नीति में संशोधन भी किया गया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में सीधी भर्ती से लेकर स्पोर्ट्स कोटा से नौकरी देने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार अब तक पांच सौ से अधिक खिलाड़ियों को सरकार के युवा कल्याण, पुलिस, परिवहन आदि विभागों में सेवायोजित कर उन्हें करियर के प्रति आश्वस्त कर चुकी है। प्रदेश सरकार खेलों को लेकर जो कार्यक्रम चला रही है उससे आने वाले समय मे खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में और मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से ओलंपिक एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 2 करोड़ रुपये देने की व्यवस्था है। ओलंपिक की टीम स्पर्धा में यह राशि क्रमशः 3, 2 व 1 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता को 3 करोड़, रजत पदक विजेता को 1.5 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 75 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। इसी तरह कामनवेल्थ खेल तथा विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता को 1.5 करोड़, रजत पदक विजेता को 75 लाख व कांस्य पदक विजेता को 50 हजार ● शेष पेज 11 पर

# बिजली विभाग की मॉर्निंग रेड में 4 बिजली चोर धरे गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बुधवार को बिजली विभाग द्वारा ऐशबाग व रेजिडेंसी तथा ठाकुरगंज डिवीजन में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया की बुद्धवार को विभाग द्वारा ऐशबाग डिवीज़न के तालकटोरा उपकेंद्र के फीडर एवररेड्डी के क्षेत्र कंाता मिल चौराहा में विभाग की टीम द्वारा मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया था। यहां उपभोक्ता द्वारा डायरेक्ट कटिया मार कर बिजली की चोरी की जा रही थी। इसके अलावा ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में विभाग की टीम ने आजाद नगर उपकेंद्र के फीडर बरौरा गांव के क्षेत्र श्री मैरिज लॉन के निकट मॉर्निंग रेड अभियान चलाया था। इस दौरान उनके द्वारा 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया जिनमें से एक लोग को बिजली चोरी करते हुए पाया गया। इसके अलावा रेजिडेंसी डिवीज़न के जीटीआई फीडर रिसालदार के क्षेत्र छत्तन पार्क इलाके में 22 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया जिनमें से एक उपभोक्ता को बिजली चोरी करते पाया गया। रेजिडेंसी डिवीज़न के ही यूपीआईएल उपकेंद्र के फीडर राजेंद्र नगर के क्षेत्र बैगम खेड़ा में 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया यहां भी मात्र एक उपभोक्ता को बिजली चोरी करते पाया गया। बिजली चोरी करने वाले इन सभी 4 उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई तथा सभी पर बिजली चोरी की धारा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि लोगों को निर्बाध बिजली देने व बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चलाए जाने वाला यह अभियान आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा।

# पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना के खिलाफ़ यूपी अल्पसंख्यक कांग्रेस चलायेगी अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुख्य न्यायाधीश को एक लाख पत्र भेज पूछेंगे उनकी चुप्पी की वजह**

**अभियान में दलित समज को जोड़ने के लिए विशेष रणनीति**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस पूजा स्थल अधिनियम की निचली अदालतों द्वारा अवमानना और उस पर सुप्रीम कोर्ट की चुप्पी के खिलाफ़ 6 से 22 दिसम्बर तक जन अभियान चलायेगा। इसके तहत देश के मुख्य न्यायाधीश को एक लाख पत्र भेजे जाएंगे। यह जानकारी कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने कांग्रेस मुख्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

शाहनवाज़ आलम ने बताया कि 1991 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूजा स्थल अधिनियम बनाया था जिसे देश की दोनों सदनों ने सर्वसम्मति से पास किया था। अधिनियम में कहा गया था कि 15 अगस्त 1947 तक उपासना स्थलों का जो भी चरित्र था वो वैसे ही रहेगा। उसे चुनौती देने वाली कोई याचिका किसी कोर्ट में स्विकार नहीं हो सकती। इसके साथ ही पुराने सभी लंबित वाद भी स्वतः ही समाप्त हो जाएंगे। लेकिन बावजूद इसके पूर्व मुख्य मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद को मंदिर बताने वाली याचिका को स्वीकार कर के देश भर में ऐसे विवादों की शुरुआत कर दी गयी। यह एक ऐसा मामला था जहाँ सुप्रीम कोर्ट ने ख़ुद क़ानून की अवमानना की और उसके बाद निचली अदालतों में मौजूद सांप्रदायिक मानसिकता के जजों से मस्जिदों और मजारों को मन्दिर बताने वाली याचिकाओं को स्वीकार करवाया जा रहा है। जिससे पूरे देश में अराजकता और हिंसा का माहौल बन रहा है।

उन्होंने कहा कि सबसे आश्चर्य की बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट इस क़ानून की अवमानना पर मूक दर्शक बना हुआ है। इसीलिए इस जन अभियान के तहत एक लाख लोग पत्र भेजकर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना से पूछेंगे कि वो क़ानून की अवमानना पर चुप क्यों हैं। वहीं, यह सवाल भी पूछा जाएगा कि मुसलमानों के खिलाफ़ राज्य प्रायोजित हिंसा पर अदालतें संविधान के आर्टिकल 32 और 226 के तहत स्वतः संज्ञान क्यों नहीं लेतीं जबकि पर्यावरण के मुद्दों पर वह मीडिया की रिपोर्टों पर भी हस्तक्षेप करती हैं।

उन्होंने कहा कि अभियान के तहत दलित समाज को संबोधित पर्चा भी बाँटा जाएगा जिसमें इस अभियान को समर्थन देने की अपील की जाएगी। उन्हें बताया जाएगा कि अगर आज पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है तो कल जमींदारी उन्मूलन क़ानून का भी उल्लंघन होगा और पुराने जमींदारों के परिजन दलितों को बांटी गयी ज़मीन का कागज लेकर फिर से उस पर दावा करने लगेंगे क्योंकि जब यह कानून बना था तब आरएसएस और जन संघ ने इसका विरोध किया था। वहीं पर्चे के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि संविधान को खतरा मुसलमानों से नहीं बल्कि आरएसएस और भाजपा से है। अभियान में वकीलों, शिक्षकों, डॉक्टरों, मौलानाओं, दलित बुद्धिजीवीयों से संपर्क किया जाएगा। इसके अलावा सोशल मीडिया, चौपालों और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से भी न्यायपालिका के सांप्रदायिक और दलित विरोधी रवैये पर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# निगोहां मार्डन पब्लिक स्कूल के छात्रों का क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पांचवीं व आठवीं के छात्रों ने क्रिकेट में किया प्रतिभाग**

लखनऊ। बुधवार को निगोहा मार्डन पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा गोमतीनगर इंडोर स्टेडियम में क्रिकेट का शानदार प्रदर्शन किया गया। जिसमें विद्यालय के पांचवीं व आठवीं के छात्रों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के निदेशक पृथ्वी ने बताया कि मार्डन पब्लिक स्कूल के पांचवीं व आठवीं के छात्रों ने गोमतीनगर के इनफिनिटी एरीना इंडोर क्रिकेट स्टेडियम में प्रतिभाग किया, जिसमें छात्रों ने बेहतरीन टीम वर्क और कौशल का प्रदर्शन किया, यह मैच युवा क्रिकेटरों के लिए एक शानदार अनुभव और सीखने का अवसर रहा। छात्रों के क्रिकेट खेलने के लिए कोच और शिक्षकों में जितेंद्र शुक्ला ने अहम भूमिका निभाई है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक युवती की मौत, दूसरी घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता







**पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा, चालक फरार**

**नगराम थाना क्षेत्र के कमालपुर विचलिका गांव की घटना**

नगराम , लखनऊ । नगराम में बुधवार दोपहर कमालपुर के विचलिका गांव के पास एक ट्रैक्टर ने तेज रफ़्तार बाइक को टक्कर मार दी , जिससे बाइक पर सवार एक युवती मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। निगोहा थाना क्षेत्र के उतरांवा की रहने वाली चचेरी बहनें रेशमा व सुमन बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे बाइक से कमालपुर गांव से रिश्तेदार के घर से उतरांवा आ रही थी जैसे ही विचलिका गांव के पास दोनों बाइक सवार पहुंचीं तभी ओवरटेक के दौरान कमालपुर की तरफ से आ रहे टैक्टर ने विचलिका गांव के समीप उनकी बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में सुमन(18) व रेशमा(19) टैक्टर से लगे रोटावेटर के चपेट में आ गई , ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर चालक घायलों को मोहनलालगंज स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया , जहां डॉक्टरों ने सुमन को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते टैक्टर चालक मौके से भाग निकला। हादसे में रेशमा को मामूली चोटें आई , बाइक रेशमा चला रही थी। मृतका के पिता की पूर्व में मौत हो चुकी है मृतका सुमन के दो भाई राहुल व अनूप है जबकि बड़ी बहन सोनी का विवाह हो चुका है , सड़क घटना की जानकारी होते ही मां रानी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है , नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, टैक्टर को कब्जे में लेकर कारवाई की जा रही है।

# महाकुम्भ में शॉर्ट–सर्किट से नहीं लगेगी आग पूर्वांचल डिस्कॉम ने की व्यापक तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**विद्युत व्यावधान होने पर स्वचलित आरएमयू से 30 सेकण्ड में आपूर्ति होगी सामान्य**

**निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए मेला क्षेत्र में 182 किलोमीटर एचटी लाइन एवं 1405 किलोमीटर एलटी लाइन का निर्माण कार्य**

वाराणसी। प्रयागराज महाकुंभ 2025 में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्वांचल डिस्कॉम ने भी व्यापक तैयारी की है। आस्था व संस्कृति के प्रतीक महापर्व में वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए पूर्वांचल डिस्काम ने खास रणनीति को मूर्त रूप दे दिया है। मेला क्षेत्र में शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगने की घटना पर रोक लगाने की व्यापक तैयारी की गई है। कैम्प में कंड्यूक्ट पाइप के माध्यम से ही वायरिंग कराई जा रही है। साथ ही विद्युत सुरक्षा संबंधी सावधानियों के दिशा-निर्देश पम्पलेट का भी वितरण कराया जा रहा है। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए खास तौर पर 182 किलोमीटर एचटी लाइन का निर्माण, 1405 किलोमीटर एलटी लाइन का निर्माण, 170 नग 11/0.4 केवी 400 केवीए उपकेन्द्र का निर्माण, 14 नग 11/04 केवी 250 केवीए उपकेन्द्र का निर्माण किया गया है। साथ ही 128 नग 11 / 0.4 केवी 100 केवीए उपकेन्द्र का निर्माण, 30 नग पान्टून ब्रिज पर विद्युतीकरण एवं एलईडी स्थापना का कार्य उपकेन्द्र का निर्माण, 67000 एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना एवं 425000 नग कैम्प कनेक्शन के कार्य भी हो रहे है। 45 दिवसीय सांस्कृतिक महापर्व में विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सभी स्थानों पर वैकल्पिक स्रोत भी बनाए गए है। जिनकी आपूर्ति विभिन्न 07 नग पारेषण उपकेन्द्रों एवं 14 नग 33 / 11 केवी उपकेन्द्रों से होगी। महत्वपूर्ण स्रोतों पर स्वचलित आरएमयू की स्थापना की गई है, जिससे विद्युत व्यवधान की दशा में मात्र 30 सेकेण्ड में विद्युत आपूर्ति सामान्य हो सके। इसके अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट के लिए वैकल्पिक स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण 11 / 0.4 केवी उपकेन्द्रों पर डी0जी0 सेट की स्थापना की गई है। पूर्वांचल डिस्कॉम के अफसरों के अनुसार महाकुम्भ में करोड़ों श्रद्धालुओं एवं आगुन्तकों की सुरक्षा के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में समस्त एचटी और एलटी लाइनों की गार्डिंग एवं एचटी व एलटी पोल की अर्थिंग कराई गई है।

महाकुम्भ में नवीन प्रयोग के रूप में हाईब्रिड सोलर स्ट्रीट लाइट का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे कि ऊर्ज़ा की खपत में कमी लायी जा सके। इसके अतिरिक्त आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों को ससमय पूर्ण करने के लिए विद्युत तंत्र उपलब्ध न होने वाले स्थानों पर डी0जी0 सेट से ऊर्जीकृत हाई मास्ट लाइट का प्रयोग किया जा रहा है। महाकुम्भ के दौरान मेला क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र की निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए स्थायी कार्यों के अन्तर्गत 1 नग 2गुणो एमवीए क्षमता का 33/11 केवी न्यू बेली उपकेन्द्र का निर्माण, शहर के अति महत्वपूर्ण उपकेन्द्रों हेतु कुल 4 नग लिंक 33 केवी लाइन का निर्माण, 20 अतिभारित परिवर्तकों के स्थान पर विभिन्न क्षमता के 98 नग 11/04 केवी वितरण परिवर्तकों की स्थापना की गयी है। इसके अतिरिक्त परम्परागत रूप से कुल 13 नग अखाड़ों की पेशवाई के रास्ते में आने वाले लाइनों एवं 36 नग परिवर्तकों को प्लिंथ से हटाकर 75 नग 250 केवीए परिवर्तकों की स्थापन तथा पेशवाई एवं मेला के पूर्ण मार्गों के पोल को सही कराया गया है।

# उपकरण पाकर खिले दिव्यांग बच्चों के चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र कुड़वार पर बुधवार को आई ए एस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा व बीएसए उपेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में पूर्व में चिन्हाकित विशिष्ट आवश्यकता वाले 156 दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, हियरिंग एड सहित अन्य उपकरण वितरित किया गया। यहाँ उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे खुशी से चमक उठे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता व खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने डीसी समेकित शिक्षा श्याम सुंदर यादव के साथ माँ सरस्वती के चित्र का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। धरावा की छात्राओं ने सरस्वती वंदना सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दृष्टि दिव्यांग बालिका महक ने अपने गीतों से समा बांध दिया संचालन एस आर जी सत्यदेव पाण्डेय ने किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने कहा कि यह बच्चे किसी से कम नहीं है यह लगन और मेहनत से काम करेंगे तो दिव्यागता अभिशाप नहीं वरदान साबित होगी दृष्टि दिव्यांग बालिका महक को उसके गीतों से प्रसन्न होकर उसे सम्मानित किया और कहां की विद्यालय आने-जाने में यह उपकरण सहायक सिद्ध होंगे इनके माता-पिता बच्चों के प्रति ध्यान दें जिससे इनका जीवन उज्जवल हो सके जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा के अंतर्गत आई ई डी योजना के तहत दिव्यांग बच्चों को उपकरण तथा सारी सुविधाएं स्पेशल एजुकेटर बच्चों तक पहुंचाते हैं आज इनको विभाग द्वारा उपकरण वितरण किया जा रहा है उपकरण के सहारे बच्चे विद्यालय सुगमता पूर्वक पहुंच सकते हैं उनके माता-पिता को बच्चों पर विशेष ध्यान देना होगा खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नही है। यह उपकरण दिव्यांग बच्चों के दैनिक जीवन में सहायक सिद्ध होंगे। डीसी श्याम सुंदर यादव ने बताया चिन्हित156 दिव्यांग बच्चों में 23 ट्राइसाइकिल,37 व्हीलचेयर, 6 वैशाखी, 25 कैलीपर, 2 सीपी चेयर,2 स्मार्टकेन,4 ब्रेल किट, 36जोड़ा हियरिंग ऐड, 44 एम आर किट, 12रॉलेटर,10एल्बो क्रैच का वितरण किया गया है।

# बिना किसी आदेश के ठेकेदार ने गिराया किसान का मकान, दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना,प्रयागराज थाना के देवरी गांव निवासी किसान कमला शंकर सिंह पुत्र बब्बू सिंह ने प्रभारी निरीक्षक करछना को लिखित तहरीर देते हुए रेलवे के ठेकेदार पर जबरन दबंगई के बल पर मकान गिराने का आरोप लगाया है।जिसके कई दिन बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर न्यायालय की शरण मे जाने की बात कहा है।जिनके अनुसार करछना के बस्तर गांव में रेलवे व एनएचएआई के बीच मे उनका मकान है।जिन्होंने न्यायालय में वाद दायर कर मकान न गिराने की अपील की थी।जिस पर न्यायालय ने मकान न गिराने की एक निषेधाज्ञा जारी की थी।जिसके बावजूद 30 नवम्बर को रेलवे ठेकेदार व जेई अमितेश सिंह,श्याम मोहन द्विवेदी आदि चार पांच लोगो के साथ जेसीबी लगाकर मकान गिरा दिया।जबकि उनके पास कोई भी मकान गिराने का न्यायालय व विभाग का आदेश नही है।जिसकी जानकारी मिलने पर पीड़ित कमला शंकर सिंह ने उक्त दबंग लोगो से किस आदेश निर्देश के तहत मकान तोड़ने की बात पूछा तो बहाना बताकर भाग गये।

## हनुमान मंदिर से पचास किलो का 20 घंटा चोरी



करछना प्रयागराज । थाना क्षेत्र के प्रतिष्ठित हनुमान मंदिर रामगढ़ डीहा प्रयाग से रात को अज्ञात लोगों ने 20 पीतल के लगभग 50 किलो के घंटा काट ले गए सुबह जब लोग मंदिर में पूजा अर्चना करने गए तो देखा कि मंदिर से सभी पीतल के घंटा नदारद थे धीरे धीरे मंदिर के पास ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई गांव के समाज सेवी राजन शुक्ला ने हनुमान मंदिर से पचास किलो के 20 घंटा चोरी हो जाने की सूचना इलाकाई पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

## मृत्यु का कारण स्पष्ट नही, विसरा सुरक्षित

लखनऊ ।क्षेत्र के बखारी गांव में मिले युवक के शव के पोस्टमार्टम के दौरान मौत का कारण स्पष्ट न होने के चलते विसरा सुरक्षित कर लिया गया है ।पीड़ित पिता द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार अकोहरी थाना मौरावां जनपद उन्नाव के रहने वाले अनीस सिंह(25) का शव मंगलवार को उसके मामा के घर के पास पाया गया था। मृतक के पिता शिवप्रताप का कहना है कि उनका बेटा 2 नवम्बर को पेशी के लिए घर से लखनऊ आया था ।और पेशी के बाद वह अपने मामा के घर सलौली आ गया था ।पिता का आरोप है कि सलौली निवासी मन्नू सिंह सहदेव सिंह व गुरु प्रसाद राम उनके बेटे को बुलाकर ले गये थे उसके बाद हत्या कर शव मृतक के मामा के घर के पास छोड़ कर भाग गये ।उनको जब घटना की जानकारी हुई तो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिये तहरीर दी लेकिन पुलिस द्वारा जांच करने की बात कही जा रही है ।इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक नशे का आदि था ।उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नही थे ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका है विसरा सुरक्षित कर लिया गया है ।उन्होंने यह भी बताया कि घटनास्थल बीबीडी थाना क्षेत्र में आता है फिर भी मृतक के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

## तेज रफ्तार बस ने किशोरी को कुचला, मौत

कानपुर। बिल्हौर थाना क्षेत्र में बुधवार को पिता के साथ मेला देखने जा रही किशोरी को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। हादसे में किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। चौबेपुर थाना क्षेत्र के तातियागंज गांव निवासी धीरज की 13 वर्षीय पुत्री आरुषि कक्षा तीन की छात्रा थी। आरुषि अपने पिता के साथ बाइक से किशुनपुर गांव में आयोजित हो रहे महावीरन मेला देखने गई थी। देर रात मेला देखकर आते समय अभी वह अमिलिया गांव पहुंचे थे कि तभी सामने रोड क्रास करते समय तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि किशोरी बाइक से गिरकर बस के पहिये के नीचे आ गई। इस दौरान बस चालक भागने के चक्कर में किशोरी को कुचलता हुआ निकल गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एडीसीपी पश्चिम विजयेन्द्र द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि बिल्हौर पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि किशोरी के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## किसान क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी मामले में उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किसान क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी के मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुजफ्फरनगर के ब्रांच मैनेजर की भूमिका पर जांच का निर्देश दिया है। कोर्ट ने वहां के एसएसपी को यह जांच कर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है कि आरोपियों को किसान क्रेडिट कार्ड दिया गया था या नहीं। कथित फर्जी दस्तावेज की छानबीन की गई थी या नहीं। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा एवं न्यायमूर्ति एसक्यूएच रिजवी की खंडपीठ ने धर्मवीर व कर्मवीर की याचिका पर दिया है। याचियों का कहना है कि बैंक ने याचियों सहित 29 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई और आरोप लगाया कि किसानों ने फर्जी खतौनी लगाकर बैंक से कपट किया है। किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया और पैसे निकाले। कहा गया कि प्री लोन इंस्पेक्शन रिपोर्ट में दस्तावेज असंदिग्ध प्रमाणित हैं। कहा कि किसानों को क्रेडिट कार्ड के नाम पर उनके पैसे को बैंक मैनेजर एवं उसके दलाल निगल गए और बैंक मैनेजर के खिलाफ कोई कार्यवाही न करे, इसलिए पूरा घोटाला किसानों के नाम कर दिया गया। क्रेडिट कार्ड के नाम पर लाखों का चूना खुद बैंक मैनेजर ने दलालों की साजिश से लगा दिया। कोर्ट ने बैंक मैनेजर को नोटिस जारी करते हुए कहा कि एसएसपी मुजफ्फरनगर पूरे मामले की जांच करें।

# सिविल डिफेंस ने गोमतीनगर में स्थापना दिवस पर जागरूकता निकाली रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता







लखनऊ के गोमतीनगर स्थित महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्कूल विशाल खंड 4 में सिविल डिफेंस लखनऊ के प्रखंड गोमतीनगर द्वारा शासन के आदेशानुसार और उपनियंत्रक अनिता प्रताप व चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र के निर्देशन में व सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा की उपस्थिति में नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक वृहद नागरिक सुरक्षा से जुड़ने हेतु जागरूकता रेली निकाली गई। रैली को सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली स्कूल प्रांगण विशाल खंड-4, से होते हुए कैप्टन मनोज पांडे चौराहा से वापसी लिंक रोड विशाल खंड 5 से होते हुए स्कूल प्रांगण पर समाप्त हुई। इस बीच रैली में शामिल 250 से ज्यादा छात्र छात्राओं ईस्ट एंड वेस्ट सिविल डिफेंस इस द बेस्ट, जीवन सुरक्षा नागरिक सुरक्षा सहित कई नारो के द्वारा जनता से अधिक से अधिक संख्या में सिविल डिफेंस से जुड़ने की अपील की। रैली के दौरान विद्यालय के बच्चो ने कैप्टन मनोज पांडेय चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर लोगो का ध्यान आकृष्ट किया। रैली समापन पर स्कूल प्रांगण में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित लखनऊ के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सिविल डिफेंस की शपथ दिलाई। शपथ के बाद उन्होंने सिविल डिफेंस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में सिविल डिफेंस की महत्ता बहुत बढ़ गई है। देश को बाह्य शत्रु के साथ साथ आंतरिक शत्रुओं से भी सजग रहने की आवश्यकता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को सिविल डिफेंस से राष्ट्र हित में जुड़ना चाहिए। सिविल डिफेंस से जुड़ने हेतु जागरूकता रैली में आयोजन कर्ता नफीस अहमद एवम विद्यालय के प्रबंधक सुरेश पाल, वारिस अली खान, आशीष कुमार, सज्जन अली, अशोक कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, गंगा प्रसाद शर्मा, सद्दाम, मोहम्मद अलीम, जय सिंह, हितेश गुप्ता, संदीप कुमार, सानी साहनी, के के पांडे, निसार अली कादरी, राकेश मास्टर, राम खेलावन वर्मा, शाजिया, पिंटू वर्मा, मोहम्मद आकिब, शाहिद अली, मोहम्मद कादिर, राम मनोहर यादव एवम स्कूल के स्टाफ सीमा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, अलका कनौजिया, आदि जागरूकता रैली के दौरान उपस्थित रहे।

# लखनऊ में हिंदू संगठनों ने दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन

**चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई और बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के लिए भारत सरकार हस्तक्षेप -हिंदू जन जागृति समिति**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कानूनी रूप से आंदोलन करने वाले इस्कॉन के स्वामी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को देशद्रोह के आरोप में अन्याय पूर्ण तरीके से गिरफ्तार किया गया है यह गिरफ्तारी हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों को दबाने का एक और प्रयास है जिसकी हम तीव्र शब्दों में निंदा करते हैं हिंदू जन सेवा समिति ने मांग की है कि भारत सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर स्वामी चिन्मय में कृष्ण दास ब्रह्मचारी की बिना शर्त रिहाई सुनिश्चित करें और बांग्लादेश सरकार को हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए बाध्य करें इस संबंध में एक ज्ञापन लखनऊ के जिलाधिकारी श्री सूर्य प्रकाश गंगवार एवं सहायक जिलाधिकारी श्री ज्ञानचंद गुप्ता इन्हें सोपा गया इसमें हिंदू जन सेवा समिति के अध्यक्ष प्रज्ज्वल गुप्ता,संयोजक आदित्य शर्मा, कोषाध्यक्ष अपूर्व गुप्ता , डॉ शुभम शुक्ला, श्रीमती डिंपी बाजपेई, केडी गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे द्य

# अवैध रूप से चल रही डेयरियों पर नगर निगम की कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बुद्धवार को जोन 3 तथा जोन 7 अंतर्गत जानकीपुरम, रेनबो पब्लिक स्कूल, वृन्दावन विहार कॉलोनी, कल्याणपुर में तथा आस पास क्षेत्र पर नगर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध डेरीयां हटाई गयीं। मौके पर गाय भैंसों को पकड़ कर नगर निगम द्वारा संचालित ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया है। नगर निगम द्वारा बताया गया की इस क्षेत्र में कार्यवाही के लिए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था, जिन्हें नियमानुसार कार्यवाही के बाद ही रिहा किया जाएगा। डेरी संचालकों द्वारा घनी आबादी के बीच में डेरी का व्ययसाय किया जा रहा था। अवैध डेरी संचालकों द्वारा गोबर सड़क पर बहाया जा रहा था, जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो रहा था और आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ कई मच्छर जनित संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ था। इन क्षेत्रों से निरंतर गंदगी फैलाने की शिकायत लगातार प्राप्त हो रही थी जिससे नालियां चोक हो रही थीं और कई जनसूचना अधिकार, तथा आईजीआरएस के तहत कार्यवाही भी लंबित थी।

# नोएडा में किसानों की गिरफ्तारी के खिलाफ किसानों का कोतवाली मोहनलालगंज में प्रदर्शन कर दी गिरफ्तारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किसान ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना और अवैध वसूली का आरोप



मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नोएडा में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आंदोलन कर रहे किसानों को पुलिस प्रशासन के द्वारा धरना समाप्त करने के लिए अनुचित तरीके से गिरफ्तार करने से आक्रोशित टिकैत गुटके कार्यकर्ताओं ने सभी किसानों की रिहाई की मांग करते हुए मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में शांति पूर्वक धरना देकर गिरफ्तार किसानों की रिहाई की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। वही शाम को मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को गिरफ्तार कर इको गार्डन धरना स्थल पर भेजा गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रदेश प्रवक्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन शुरू किया वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह ने बताया कि नोएडा गौतम बुद्ध नगर में भूमि अधिग्रहण को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आंदोलन कर रहे किसानों को पुलिस प्रशासन द्वारा दलित प्रेरणा स्थल से जबरन हटाने एवं गिरफ्तार किए गए किसानों की रिहाई को लेकर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के थाना कोतवाली पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेंश टिकैत के आवाहन पर किसान नेताओं की रिहाई को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। युवा प्रदेश मंडल अध्यक्ष टिकैत के के सिंह ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा नोएडा में शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को दलित प्रेरणा स्थल से अनुचित तरीके से गिरफ्तार कर सरकार किसानों की आवाज को दबा रही है जिससे किसान आक्रोशित है और जब तक पुलिस प्रशांसन द्वारा सभी किसानों की रिहाई नहीं हो जाती हैं तब तक मोहनलालगंज कोतवाली का घेराव कर किसानों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा अन्यथा यह आंदोलन पूरे प्रदेश में व्यापक रूप से किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। मोहनलालगंज एसीपी अमरीश वर्मा से कई राउंड बातचीत के बाद भी कोई निष्कर्ष न निकलने पर धरना प्रदर्शन में शामिल सभी महिला व पुरुष किसानों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर धरना प्रदर्शन स्थल इको गार्डन भेजा गया। किसानो के धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के वरिष्ठ प्रदेश

## बीकेटी विकासखंड अंतर्गत दो गौशाला होंगी बंद, वृहद गौशाला में शिफ्ट होंगे गौवंश



बीकेटी, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बख्शी का तालाब विकासखंड अंतर्गत अस्थाई गौशाला सुल्तानपुर व अचरामऊ में पर्याप्त सुविधाएं न मिलने व संबंधितों द्वारा लापरवाही मिलने के कारण ये गौशालाएं बंद करने के निर्देश मुख्यविकास अधिकारी लखनऊ अजय जैन ने ने खंडविकास अधिकारी बीकेटी पूजा पांडे को दिया है तथा विकासखंड अंतर्गत ही अन्य गौशालाओं में गोवंशों की संख्या अधिक होने व पर्याप्त टीनशेड न होने पर महिगवां, भगौतीपुर,इंदारा,सुवंशीपुर के 150गौवंश तथा ढिलवासी गौ आश्रय केंद्र के 125 गौवंश वृहद गौशाला में शिफ्ट करने के निर्देशसंबंधित बीडीओ को दिए हैं।विकासखंड क्षेत्र की अधिकांश अस्थाई गौ आश्रय केंद्रो में चुनी चोकर,हरा चारा,भूसा व गौवंशो के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में टीनशेड नहीं है।कुछ समय पूर्व लापरवाही की शिकायत पर अपर निदेशक डॉ.अरविंद कुमार,संयुक्त निदेशक डॉ.सतीश अग्रवाल ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.सुरेश कुमार ने बीकेटी विकासखंड अंतर्गत कई गौ आश्रय केंद्रो का निरीक्षण किया था और जिसके बाद प्रदेश के पशुधनमंत्री धर्मपाल सिंह ने भी 24 नवंबर को अस्थाई गौ आश्रय केंद्र उसरना व किशुनपुर का निरीक्षण किया था जहां किशुनपुर गौ आश्रय केंद्र पर काफ़ी लापरवाही देखने को मिली थी,गौवंशों के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में टीनसेड नही था और मौक़े पर गौवंश सूखा भूसा खा रहे थे,जिस पर पशुधन मंत्री ने तत्काल इन खामियों को पूरा करने के निर्देश दिए थे।

# राजधानी के बंधा रोडों का हाल बुरा कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तर प्रदेश लखनऊ । विकास की ओर अग्रसर है ऐसा आपको राजधनी की मेन सड़को और फ्लाई ओवरो को देख कर तो ज़रूर लगेगा लेकिन परदे के पीछे क्या वाकई विकास किया जा रहा है ये एक बड़ा सवाल है क्यंकि मेन सड़क को जॉइंट करने वाला जो बंधा रोड बनता है उसमे झोल ही झोल दिखाई देता है और झोल के साथ बीच सडक पर बड़ा होल भी नज़र आता है जैसा आपको इस तस्वीर मे दिखाई दे रहा है।ये बंधा रोड केशवनगर,फैजुल्ला गंज का है जहाँ ट्रेफिक बहुत ज़्यादा होता है लोग शार्ट कट के लिए इस रास्ते का उपयोग करते है लेकिन जान हथेली पर रख कर ऐसा हमने इसलिए कहा क्योंकि सड़क के बीचौबीच ये गड्ढा राहगीर को अचानक रफ़्तार कम करने पर मजबूर करता है और जिसने इसे अनदेखा किया वो दुर्घटना का शिकार हो जाता है।संबंधित विभाग एक बार सड़क बनाने के बाद यहाँ पैच तक नही लगा रहा जनता परेशान है और ज़िम्मेदार लोग अपनी ज़िम्मेदारी से दूर भाग रहे हैँ ज़ाहिर है सड़क निर्माण का ठेका तो हो गया सड़क बन भी गई और पैसा भी पास हो गया अब उनका काम बनता बच सके तो बच जाए आम जनता।

# बीकेटी में बीजेपी की संगठन पर्व जिला कार्यशाला हुई आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । बुधवार को संगठन पर्व जिला कार्यशाला लखनऊ के विधानसभा बख्शी का तालाब में भाजपा जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौक़े पर जिला अध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्षों से कहा कि सभी मंडलों की बूथ समितियां गुरुवार तक जिला कार्यालय पर जमा हो जाए व उसके बाद मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाए। कार्यशाला में मुख्य अतिथि रजनीकांत महेश्वरी ने बूथ चुनाव की जानकारी ली व मंडल चुनाव सही तरीके से संपन्न हो इसके लिए सभी वर्ग के लोगों को मंडल में लगातार दूसरी बार सक्रिय कार्यकर्ताओं का हीं नामांकन पत्र लिया जाए,जिससे पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष बन सके।इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान,एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान, जिला सह चुनाव अधिकारी राजकुमार पांडे,जिला सह चुनाव अधिकारी अरविंद यादव,जिला उपाध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला,जिला महामंत्री विजय मौर्य,मंडल चुनाव अधिकारी,मंडल अध्यक्ष व जिले के सभी मोर्चो के अध्यक्ष व पार्टी के अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौतमबुद्ध नगर में किसानों की गिरफ्तारी से आक्रोशित भाकियू ने बीकेटी थाना का किया घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना परिसर में बुधवार को भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के निर्देश पर दर्जनों किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ थाना का घेराव कर अपना आक्रोश जताया।भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बीकेटी तहसील अध्यक्ष ठाकुर अमरेंद्र सिंह पवांर ने बताया कि गौतमबुद्धनगर में भूमि अधिग्रहण को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आन्दोलन कर रहे किसानों को पुलिस प्रशासन के द्वारा दलित प्रेरणा स्थल से अनुचित तरीके से मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है।प्रशासन की यह तानाशाही किसानों की आवाज को दबाना चाहती है लेकिन प्रशासन चाहे जितना ज़ोर लगा ले किसानों की आवाज को दबा नही सकते है।उन्होंने कहा कि मेरी प्रदेश सरकार से मांग है कि गौतमबुद्ध नगर के किसानो को तत्काल रिहा करे और उनकी मांगो को पूरा करे।उन्होंने बताया कि गौतम बुद्ध नगर के किसान अपनी मांगों को लेकर नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित दलित प्रेरणास्थल में शांति रूप से बैठकर धरना दे रहे थे,तभी दोपहर लगभग 12 बजे मंगलवार को काफी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंची और दलित प्रेरणास्थल का गेट बंद कर दिया और किसानों को जबरदस्ती उठाकर ग्रेटर नोएडा के कासना में स्थित लुक्सर जेल ले गए।उन्होंने कहा कि वहा के किसानों की मांगे थी कि जमीन जिन प्राधिकरणों ने अधिग्रहित की है 10 प्रतिशत आबादी भूखंड का उन्हे दिया जाए तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के तहत पतवारी गांव के किसानों को दिया गया 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा अन्य प्रभावित किसानों को भी मिले,किसान परिवारों के युवाओं को ग्रेटर नोएडा व नोएडा की औद्योगिक इकाइयों में नौकरी दी जाए तथा अधिग्रहण से प्रभावित भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूखंड भी दिया जाय।किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित पत्र सौंपते हुए मांग की है कि गौतमबुद्ध नगर के किसानो को तत्काल रिहा किया जाए और उनकी मांगो को पूरा किया जाए।

# बीकेटी में बिजली के निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । बिजली के निजीकरण के खिलाफ किसान मजदूर संगठनों के राज्य व्यापी आवाहन पर बुधवार को बख्शी का तालाब तहसील परिसर में ऐक्टू और किसान महासभा के बैनर तले विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित 12 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार विजय कुमार सिंह को सौंपा।इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए कुमार मधुसूदन मगन ने कहा कि निजीकरण से न केवल बिजली महंगी होगी बल्कि बिजली कर्मचारियों के रोजगार पर गहरा खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि निजीकरण के चलते समाज में आर्थिक सामाजिक विषमता पैदा होगी।किसान नेता छोटे लाल रावत ने कहा कि किसानों मजदूरों पर भाजपा और आरएसएस का चौतरफा हमला है।इसके खिलाफ हम सबको एकजुट होकर संघर्ष में उतरना होगा।ऐपवा नेत्री कमला गौतम ने कहा कि बिजली के निजीकरण से महिलाओं के ऊपर भी संकट बढ़ेगा। मंहगाई बढ़ने से रसोई का खर्च बढ़ेगा,इसलिए इस लड़ाई में महिलाओं को बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करनी होगी।ज्ञापन में प्रमुख रूप से बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने,पंजाब सरकार की तर्ज पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने,बिजली विभाग में कर्मचारियों की स्थाई नियुक्ति किया जाए,संविदा कर्मियों को नियमित करने,चुनावी वायदा के अनुसार ट्यूब वेल कनेक्शन पर बिजली मुफ्त देने।स्मार्ट मीटर योजना रद्द करने, बिजली उत्पादन के लिए कोयला के आयात पर रोक लगाने,बिजली के रख रखाव के लिए जनता पर शुल्क लगाने पर रोक तथा अवैध रूप से वसूले गए 21725 करोड़ रुपए की वापसी की मांग की गई।

# जिलाधिकारी ने कई गांव की आकस्मिक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विकास खण्ड कसमंडा के ग्राम पंचायत जगदीशपुर स्थित सुरभी अस्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल एवं ग्राम पंचायत महोली स्थित नंदिनी अस्थाई गो आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि शीतलहर के दौरान ठंड से बचाव हेतु गौशाला में समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि चारे एवं भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। पशुओं को ठंड के दौरान प्रतिरोधक क्षमता में सुधार हेतु पर्याप्त सप्लीमेंट एवं पौष्टिकता युक्त हरा चारा भी दिया जाये। आश्रय स्थलों पर बिछावन के रूप में पुआल की समुचित




व्यवस्था भी की जाये। ठंडी हवाओं को बचाव हेतु तिरपाल आदि का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाये। अलाव के साथ साथ पशुओं के ओढ़ने हेतु बोरे इत्यादि का प्रबंध भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित रूप से गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करते रहें। बीमार पशुओं के समुचित उपचार का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाये। सभी पशुओं की ईयर टैगिंग सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत जगदीशपुर स्थित सुरभी अस्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में अभिलेख अद्यतन न मिलने एवं अन्य व्यवस्थाएं ठीक न पाए जाने पर प्रधान को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत महोली स्थित नंदिनी अस्थाई गो आश्रय स्थल में जिलाधिकारी ने अमरूद के पौधे का रोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आई0ए0एस0 नितिन सिंह, उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार सहित सम्बंधित उपजिलाधिकारी व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दि सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां में बृहद जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। दि सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां में बृहद जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि उपजिला अधिकारी मनीष कुमार व विशिष्ट अतिथि एआरटीओ सीतापुर माला बाजपेयी व सीओ सतीश चंद्र शुक्ला और जिला गन्ना अधिकारी रत्नेस्वर त्रिपाठी की मौजूदगी में वाहन स्वामी व किसानों को जागरुक किया गया। एआरटीओ ने गोष्टी को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी किसान अपने वाहन के पीछे लाल कपड़ा सहित लाल रिफ्लेक्टर नहीं बंधा पाया गया तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी और गन्ना विभाग के अधिकारियों को भी ओवरलोडिंग के



लिए निर्देश दिए और साथ ही आम जनमानस को सुरक्षा ब्यवस्था के प्रति सजग रहने के साथ साथ प्रसासन से सहयोग करने की अपील की इस अवसर पर एसडीएम मनीष कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकार सतीश चंद्र शुक्ला ने सभी किसानो वाहन मालिकों और ट्रक ट्रांसपोर्ट के लोगो को निर्देश देते हुये कहा की मिल प्रशासन और प्रशासन के सुरक्षा ब्यवस्था के निर्देशों के तहद सभी को अनुपालना करना चाहिए जिससे आम जनमानस की सुरक्षा बनी रहे और कोई अप्रिय घटना न घटने पाए ।

इस दौरान मुख्य अधिशासी अधिकारी रमेश चन्द्र सिंघल, गन्ना महाप्रबंधक डॉ अनूप कुमार, उपगन्ना प्रबंधक विमल मिश्रा ,सुरक्षा अधिकारी ओ पी पाण्डेय, बनवारी मिश्रा,सहित गन्ना मिल प्रशासन के अधिकारी व क्षेत्र के किसान सहित वाहन मालिक भी उपस्थित रहे।

# परिवार नियोजन की सफलता के लिए पुरुषों की भागीदारी जरूरी: डॉ. प्रखर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। मिश्रिख विकास खंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को अंतरविभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस बैठक का आयोजन पापुलेशन फाउण्डेशन आफ इण्डिया एवं मोवियस फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित उम्मीद परियोजना के तहत किया गया। बैठक में इस परियोजना के नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि परिवार नियोजन को लेकर लोगों को जागरूक करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। परिवार नियोजन जैसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम तभी पूरी तरह से सफल हो सकेगा, जब उसमें पुरुषों की समान रूप से भागीदारी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के साथ

**मिश्रिख ब्लॉक कार्यालय में हुई अंतरविभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक**

ही माता-पिता के साथ विवाह की सही उम्र और उससे होने वाले शारीरिक और सामजिक लाभों को लेकर सामूहिक रूप से चर्चा किए जाने की जरूरत है। इसके लिए हम सभी को एक साझा प्रयास करना होगा। पीएफआई के राम बरन यादव ने उम्मीद परियोजना के अन्तर्गत अभी तक हुये कार्यों एवं आगामी कार्यो की रूप रेखा के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि उम्मीद परियोजना हमारी आकार परियोजना का ही एक महत्वपूर्ण भाग है। यह परियोजना वर्तमान में उत्तर प्रदेश के आठ जिलों, बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी, उन्नाव, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, गोंडा और सीतापुर चलायी जा रही हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन की जागरूकता और स्वीकार्यता को समुदाय में बढ़ाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर विभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठकों में बाल विवाह, लैंगिक असमानता तथा किशोरियों की स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता से सबंधित समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस मौके पर पीएफआई संस्था की पूर्णिमा चौधरी ने संस्था के द्वारा समूह के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उम्मीद परियोजना के तहत सीएचसी पर उम्मीद परिवार नियोजन परामर्श केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इसके बाद पीएचसी स्तर पर भी इन परामर्श केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि जिले के मिश्रिख, बिसवां, परसेंडी, ऐलिया, महमूदाबाद, खैराबाद, सिधौली, कसमंडा और गोंदलामऊ विकास खंडों में उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। यह जिले की छठीं बैठक है। बैठक में एडीओ पंचायत अमित चतुर्वेदी, सीएचसी के बीपीएम शैलेश वैश्य, अर्श काउंसलर लक्ष्मी गुप्ता, फैमली वेलफ़ेयर काउंसलर स्नेहलता, आईसीडीएस विभाग की सुपरवाइजर रागिनी मिश्रा, उर्मिला पाल, बेसिक शिक्षा विभाग से अमिताभ दुबे और एनआरएलएम से वीरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सहारा निवेशकों के भुगतान पर कुंडली मारकर बैठ गए जिम्मेदार, जनप्रतिनिधि भी साधे चुप्पी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। देश के करोड़ों सहारा निवेशकों के भुगतान पर सरकार और विपक्ष दोनों चुप्पी साधे हुए हैं और पीड़ित जमाकर्ताओं के भुगतान को कराने में कोई भी बोलने को तैयार नहीं है।सरकार के कद्दावर नेता द्वारा दो माह में भुगतान कराने का कोरा आश्वासन देकर अपना वादा भूल गए जिससे जनपद के लाखों निवेशक सोसाइटियों में जमा धनराशि की बाट जोह रहे हैं।भारत के उन करोड़ों गरीब लोगों का भुगतान सहारा समूह ने अपनी हठधर्मिता के कारण जमाकर्ताओं को फंसा लिया है।भुगतान कराने के लिए हजारों कार्यकर्ताओं के साथ जमाकर्ता बराबर संघर्ष कर रहे हैं।परन्तु इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सरकार और विपक्ष दोनों शांत बने बैठे हुए हैं।चुनाव से ठीक पहले एक कद्दावर नेता ने आश्वासन दिया था कि 45 दिन में भुगतान मिल जाएगा,परन्तु दावा हवा हवाई साबित हो गया बल्कि प्रत्येक




**सरकार के द्वारा दिए गए दो माह में भुगतान के कोरे आश्वासन से जमाकर्ताओं को मिली निराशा**

**जनता के सुख दुःख में साथ देने का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि भी नहीं उठा रहे जनता की आवाज**

जमाकर्ताओं के घरों का पैसा चला गया तहसीलों में ऑफलाइन आवेदन जमा किए गए जिसमें करोड़ों जमाकर्ताओं का हजारों रुपये खर्च हुआ किन्तु अभी तक निराशा ही हांथ लगी आज वे प्रार्थना पत्र लेकर विभाग और सरकार के चक्कर लगा रहे हैं और किस हालत में है पता भी नहीं चल रहा है।सहारा मामले में पक्ष और विपक्ष दोनों शांत बने हुए हैं और गांव गरीब क्षेत्रों के लोगों द्वारा अपना भुगतान पाने के लिए भटक रहे हैं रो रहें हैं।नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा की दुहाई देने वाले सदन में आवाज उठाने से कतराते नजर आ रहे हैं।सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोडक्ट रेन्ज लिमिटेड का वाद एनसीएलटी में चल रहा था वहां भी सहारा कों मुंह की खानी पड़ी है परन्तु भुगतान के लिए न काउंटर है न पोर्टल बनाया गया है रजिस्ट्रार कम्पनीज लाईसेंस देने के बाद चुप्पी साधे हुए हैं।रियल स्टेट हाउसिंग स्कीम का पैसा सहारा सेबी विवाद निपट जाने के बाद भी न काउंटर से भुगतान हों रहा है न कोई पोर्टल बनाया गया है।

## एड्स की रोकथाम जागरूकता और संयम : सचिन त्रिपाठी

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के द्वारा संचालित नारी जागरण सेवा समिति के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर शहर के घूरामऊ बांग्ला मे जागरूकता रैली निकली रैली के दौरान जागरूकता से संबंधित नारे भी लगाए गये इस दौरान समिति के जिला पोग्राम मैनेजर सचिन त्रिपाठी ने कहा एड्स की रोकथाम सिर्फ जागरूकता और संयम है इसके उपरांत समिति के सभी पदाधिकारीयो ने मिलकर एड्स दिवस की रंगोली बनाई गोष्ठी के दौरान जिला महिला अस्पताल के परामर्श दाता नवीन दीक्षित ने एड्स के रोकथाम को लेकर सभी को जागरूक किया इस दौरान जितेंद्र प्रताप सिंह, गौरव त्रिपाठी, नगमा खान, मोहित निगम, मोनिका श्रीवास्तव,दिलीप कुमार,विजेता, पियर हिमांशु, संचित, किशन,अमित,लल्ली,बिंदेश्वरी, रामप्यारी, रामजी आदि रहे।

## मधवापुर में विष्णु महायज्ञ का सातवां एवं अंतिम दिन पूर्ण

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सीतापुर विकास खंड खैराबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत दारानगर के मजरा मधवापुर में विष्णु महायज्ञ सातवें दिन कथा का आयोजन किया गया है कथा में महाभारत में लाक्षा गृह को सुनाते हुए पंकज महारथी ने कहा पांडवों पर श्रीकृष्ण का साथ होने के कारण शकुनी दुर्योधन की चालें सफल नहीं हो सकी।अन्त में अधर्म करने वाले कौरवों मारे गये कथा के आखिरी दिन पूर्णिमा मिश्रा भी राम कथा का प्रसंग सुना रहीं थीं अन्तिम दिन होने के कारण भीड़भाड़ काफी रही।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद। न्यायालय ने बुधवार को नाबालिग को बहला फुसलाकर अगवा करने और उससे दुष्कर्म करने के दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।
थाना उत्तर के लोहिया नगर निवासी एक किशोरी को पड़ोसी युवक 26 जून 2016 को बहला फुसला कर भगा ले गया था तथा जबरन दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता ने सुनील कुमार पुत्र रुकनपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट संख्या एक अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अवधेश भारद्वाज ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने सुनील को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 34000 रुपया का अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने अर्थ दंड की 50% राशि पीड़िता को देने के आदेश किए हैं।

## ट्रक की टक्कर से मोटसाइकिल सवार दो लोगों की मौके पर मौत

फतेहपुर। जिले में बुधवार शाम तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई और सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जाफरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिंदकी ललौली मार्ग में रावतपुर गांव के समीप ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार गोलू (22) पुत्र होरीलाल पासवान निवासी ग्राम जाफराबाद कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर तथा उसी मोटरसाइकिल में सवार जितेंद्र कुमार (34) पुत्र पप्पू निवासी दुर्गागंज थाना औंग जनपद फतेहपुर की मौके पर मौत हो गई। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि गोलू व जितेंद्र एक ही मोटरसाइकिल में सवार होकर जाफराबाद गांव से ललौली कस्बे एक रिश्तेदारी में जा रहे थे तभी रास्ते में दुर्घटना होने जाने से दोनों की मौत हो गई है। शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## हेरोइन के साथ गिरफ्तार युवक की सशर्त जमानत मंजूर

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हेरोइन के साथ गिरफ्तार एनडीपीएस एक्ट के आरोपित सैफुद्दीन उर्फ सरफुद्दीन की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने सैफुद्दीन के वकील को सुनकर दिया है। सैफुद्दीन उर्फ सरफुद्दीन के खिलाफ गाजीपुर के जंगीपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। उसके पास से हेरोइन बरामद होने का आरोप है। अधिवक्ता का कहना था कि इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 42 एवं धारा 50 के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया गया है तथा बरामदगी का कोई निष्पक्ष गवाह नहीं है। याची एक अन्य अपराधिक मुकदमें में दोषमुक्त किया जा चुका है और दूसरे में वह जमानत पर है। वह गत 26 अप्रैल से जेल में है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा करना न्यायोचित होगा। अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत प्रार्थनापत्र का विरोध करते हुए कहा कि याची के पास से 525 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है और उसके खिलाफ एक अन्य आपराधिक मुकदमा है लेकिन यह स्वीकार किया कि उसमें याची जमानत पर है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने याची की जमानत अर्जी सशर्त मंजूर कर ली।

## ई-रिक्शा में ट्रक की टक्कर लगने से तीन लोगों की मौत, तीन घायल

हरदोई। सांडी थाना क्षेत्र के लक्षनपुरवा में ई-रिक्शा और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। मरने वालों में एक महिला, एक किशोरी और ई-रिक्शा चालक है और तीन लोग घायल हैं। थानाध्यक्ष छोटे लाल ने बताया कि सांडी थाना क्षेत्र के चौधरियापुर गांव निवासी प्रमोद की पुत्री वैष्णो देवी की फर्रूखाबाद के पट्टिया गांव में ससुराल है। बुधवार को अपराह्न करीब 04:30 बजे ग्राम मानीमऊ निवासी गुफरान (19) का प्रमोद ने ई-रिक्शा बुक कराया था। ई-रिक्शा से प्रमोद की पत्नी सुधा (45), पुत्री महिमा (14) और पुत्र देव (12) और उनके भाई महेश पाल की पत्नी सुधा देवी (35) पुत्र शोभित (15) फर्रूखाबाद जा रहे थे। सांडी-हरपालपुर मार्ग पर बखरिया गांव के मोड़ के पास खाली ड्रम लेकर आ रहे ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी।

# गन्ना समिति सीतापुर एवं डालमिया चीनी मिल के पर्यवेक्षकों द्वारा गन्ना सर्वे में की गई व्यापक गड़बड़ियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। गन्ना समिति सीतापुर एवं जवाहरपुर चीनी मिल के द्वारा गन्ना काश्तकारों के खेतों का संयुक्त सर्वे डालमिया शुगर मिल जवाहरपुर तथा गन्ना समिति सीतापुर द्वारा किया गया था। बताया जा रहा है गन्ना काश्तकारों के गन्ना सर्वे के समय कुछ काश्तकारों के पेड़ी कों पौधा तथा पौधे को पेड़ी कर दिया गया है इतना ही नहीं कुछ काश्तकारों के गन्ना रकबे को कम कर दिया गया है। तथा इन गड़बड़ियों को करके गन्ना दलालों के रकबा को बढ़ावा दिया गया है उन्हीं दलालों की पर्चियां कलन्डर में पहले लगा दी गई है। इन गड़बड़ियों को लेकर आजाद अधिकार सेना के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा द्वारा गन्ना आयुक्त एवं चीनी मिल तथा जिला गन्ना अधिकारी को भेजे गए पत्र में अवगत कराया गया है तथा मांग की है की गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा जो सर्वे का कार्य किया गया है उसमें



काफी गड़बड़ियां की गई है तथा गन्ना दलालों के रकबा को बढ़ा कर उनकी पर्चियों को ज्यादा बनाया गया है तथा कलंडर में भी उन्हें पहले पर्ची मिल जाए इस बात का भी ध्यान रखा गया है। डालमिया शुगर मिल के चारों तरफ गन्ना माफिया खुद अपना धर्म कंटा लगा कर खरीददारी कर रहे हैं इन धर्म कंटों पर उन दलालों द्वारा गन्ना किसानों से खरीद कर खुले आम बेचा जा रहा है ।सूत्रों के अनुसार इन धर्म कंटों पर मिल अधिकारियों ने कंटा भी सेट कर दिया गया जिससे फैक्ट्री व इन धर्म कंटों की तौल में कोई अंतर न आने पाये।कंटा बांट विभाग भी इन धर्म कंटों की जांच करने नहीं गया है जिससे सच्चाई पता चल सके।

# जिलाधिकारी ने कन्दुनी स्थित रेडिको खेतान लि0 का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कन्दुनी स्थित रेडिको खेतान लि0 का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने कंपनी की विभिन्न इकाइयों एवं प्रक्रियाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

इस दौरान आयोजित बैठक में रेडिको खेतान लि0 कन्दुनी के यूनिट हेड हरिशंकर शुक्ला ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कम्पनी की स्थापना, प्रोडक्शन यूनिट, उत्पादों एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने सी0एस0आर0 के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी गतिविधियों की भी जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए सी0एस0आर0 के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जाये। स्थानीय किसानों के साथ गोष्ठी आयोजित कर कच्चे माल के रूप में प्रयोग होने वाले मक्के की खेती को जनपद में



बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया जाये तथा आवश्यक प्रशिक्षण, उन्नत बीज, तकनीकी सहायता आदि प्रदान की जाये, जिससे किसानों की आय बढ़ सके। उपजिलाधिकारी बिसवां ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से मक्के की खेती हेतु किसानों को प्रशिक्षण आदि प्रदान किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कंपनी के विभिन्न यूनिटों का स्थलीय निरीक्षण कर सम्पूर्ण प्रक्रिया, सुरक्षात्मक प्रबंध, बारकोडिंग, पैकिंग, बाटलिंग आदि का भी निरीक्षण भी किया। उन्होंने रेडिको खेतान की पूरी टीम को शुभकामनाएं भी दीं।

इस दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, जिला आबकारी अधिकारी के0पी0 यादव, सहायक आबकारी आयुक्त रेडिको प्रमोद गोयल, यूनिट हेड हरिशंकर शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामपंचायत के विकास कार्यों में अनियमितता की बीडीओ सकरन ने की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन(सीतापुर)। ग्राम पंचायत कंकरकुई में विकास कार्यों में वृहदतम अनियमितताओं की प्रकाशित खबरों को संज्ञान ले खंड विकास अधिकारी सकरन ने अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण करते हुए ग्राम पंचायत में बगैर खुली बैठक व कार्ययोजना के गुपचुप तरीके से मानक विहीन नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण का जायजा लिया।साथ ही पंचायत सचिव विनय कुमार लोधी से ग्राम प्रधान के डोंगल संबंधी जानकारी ली तो बताया गया कि डोंगल ग्राम प्रधान प्रेमा देवी के पास ही है।ग्राम विकास निधि में लाखों रुपए जमा होने के बावजूद भी आज तक ग्राम पंचायत में कोई भी विकास कार्य के लिए न ही बुलाई गई खुली बैठक और न ही बनाई गई कोई सार्वजनिक कार्ययोजना, जिस विषय को लेकर पूर्व में ग्राम पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी सीतापुर को शपथपत्र देकर स्थिति से अवगत कराया था परंतु उच्चाधिकारियों द्वारा ग्राम संसद के सदस्यों की पीड़ा को कोई तरजीह न देते हुए ग्राम प्रधान के खिलाफ कोई एक्शन न लेना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह अवश्य लगाया। बगैर खुली बैठक व कार्यान्वयन के




**बगैर खुली बैठक व कार्यवाही रजिस्टर के कराए जा रहे इंटरलॉकिंग निर्माण एवं प्रधान के डोंगल के विषय में ली जानकारी**

ग्राम पंचायत सदस्यों की शिकायत के बाद भी प्रधान का निकलता रहा मानदेय और पंचों के अनुमोदन के बगैर सरकारी धन को हजम करने की बना डाली गई पूरी रूपरेखा जिसके चलते पंचायत में नाली,इंटरलॉकिंग जैसे कार्यों को कर दिया गया प्रारम्भ। विषय संबंधी खबर प्रकाशन से तिलमिलाए प्रधान पति ने पत्रकार को झूठे मुक़द्दमों में फंसाते हुए उसके जान माल के नुकसान की दे डाली धमकी। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को किसी बल से दबाने के प्रयास के जिम्मेदारों पर कानून का मौन रूप असामाजिक तत्वों को दे रहा बढ़ावा।

# जीवन ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव जागृति संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद। जीवन ज्योति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव

**छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया मनमोहक नृत्य**

जागृति आज धूमधाम के साथ संपन्न हो गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि फादर जान मैथ्यू विशप ने दीप प्रज्वलित करने के उपरांत की कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया तथा सुंदर गीत छात्र छात्राओं के द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ के जान मैथ्यू विशप ने कहा कि छात्र-छात्राओं के चौमुखी विकास के लिए यह आयोजन आवश्यक है इससे छात्रों के पठन-पाठन के अलावा उनके अंदर छिपी प्रतिभाएं खुलकर के सामने आती है



कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सिस्टर लीनेट ने कहा कि जीवन ज्योति कॉन्वेंट स्कूल उत्तरोत्तर प्रगति की ओर बढ़ रहा है विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर प्रेसी ने कहा कि अति अल्प समय में छात्र-छात्राओं के द्वारा जो तैयारी की गई है वह काफी प्रशंसनीय है तथा आने वाले समय में इसमें उत्तरोत्तर प्रगति होगी ऐसा प्रयास रहेगा इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर बीसीएम अस्पताल की प्रशासिका सिस्टर सैनी सिस्टर स्मिता सिस्टर सेलिना सिस्टर कंसीलिया बृजेश कुमार पांडे धर्मेंद्र कुमार आदि मौके पर मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका दर्पण पांडे ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी आदतों का आभार व्यक्त किया ।

# देश सेवा की भावना व अनुशासन सिखाता है स्काउट और गाइड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। कप्तानगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लखीमा में स्थित वंशराज सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश की कुशीनगर की इकाई द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय शिविर में छात्र-छात्राओं को रस्सी गांठ,टेंट का निर्माण,मानसिक गेम, दैवीय आपदाओं से निपटना,समाज में सेवा करना, अनुशासित रह कर कार्य करने की सीख दी गई।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि तीन दिन के इस शिविर में देश की सेवा करना,आपदाओं में हम कैसे समस्याओं का सामना करके उनसे निपटना और समाज में रहकर के हम सामाजिक सहभागिता कैसे सुचारू रूप से संचालित करें इन सब के बारे में यह हमें याद दिलाता है।विशिष्ट अतिथि सुधीर ने कहा कि आज देश में भारत स्काउट गाइड के तमाम ऐसे प्रशिक्षक हैं जो विभिन्न जगहों पर अपने इस प्रशिक्षण के माध्यम से पदों को सुशोभित कर रहे हैं और उन लोगों से हमको प्रेरणा लेकर के जीवन में आगे चाहिए ।प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम जीवन में तभी आगे बढ़ सकते हैं यदि अनुशासन है।तो आप बहुत अच्छे हैं लेकिन अगर अनुशासन नहीं है तो वही आप जीरो हो जाते हैं।भारत स्काउट गाइड देश सेवा के साथ साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाता है।इस अवसर पर स्काउट गाइड के प्रशिक्षक जयप्रकाश रावत,शिक्षक नागेश्वर सिंह,महावीर प्रसाद, दीपू सिंह,राजू सिंह, विजय गुप्ता,सुनील सिंह,हरकेश बहादुर, शैलेश सिंह,अंशिका गुप्ता,सौम्या यादव सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध रूप से संचालित न्यू फातिमा हास्पिटल सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पढ़ने वाले चार छात्र बिना रजिस्टेशन संचालित कर रहे थे हास्पिटल**

**जांच टीम ने हास्पिटल मे भर्ती छह मरीजों को भेजवाया सीएससी कसया**

कुशीनगर। जनपद के कसया नगर के बैरिया चौराहे पर अवैध रूप से संचालित न्यू फातिमा हास्पिटल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की सील कर दिया। इस दौरान मरीजों के परिजनों को बरगलाकर भर्ती किये गये आधा दर्जन भर्ती मरीजों को टीम ने एम्बुलेंस से कसया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध हास्पिटल संचालित करने वाले कारोबारियों में खलबली मची हुई है।

बतादे कि कसया नगर के बैरिया चौराहा (कसाडा चौक) पर अवैध व बिना प्रशिक्षित डाक्टर के न्यू फातिमा के नाम से अवैध हॉस्पिटल संचालित हो रहा था। जागरूक लोगो द्वारा जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को लगातार इसकी शिकायत की जा रही थी। शिकायत को गंभीरता से लेते स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ अवधेश कुशवाहा, सीएचसी अधीक्षक मार्कडेय चतुर्वेदी मंगलवार की शाम टीम के साथ न्यू फातिमा हास्पिटल पहुचे जहां पढाई करने वाले छात्र 17 वर्षीय सन्नी पुत्र तूफानी चौधरी दुर्गेश, 26 वर्षीय दुर्गेश पुत्र नरेश, 20 वर्षीय इमरान पुत्र मंसूर आलम एंव 26 वर्षीय इरफान पुत्र वादिज अली बिना रजिस्टेशन, बिना किसी प्रशिक्षित चिकित्सक और बिना किसी नियम के अवैध तरीक से न्यू फातिमा हास्पिटल को संचालित कर रहे थे। जांच टीम ने हास्पिटल संचालन से संबंधित कागजात की मांग की तो किसी ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया।

कहना ना होगा कि नोडल आधुनिक डॉ. कुशवाहा के अगुवाई में स्वास्थ्य टीम जब कसाडा चौक पर अवैध रूप से संचालित न्यू फातिमा हास्पिटल पहुची तो जांच के दौरान वार्ड मे कुल छह मरीज भर्ती पाये गये। इसमे अख्तर पुत्र एमएच अंसारी, पुनम पत्नी राजू, नीलम पत्नी ब्रह्म गोड, ममता पत्नी राकेश यादव, पुष्पा देवी अनिल शर्मा, ममिना खातून पत्नी शहजाद अंसारी शामिल थे। भर्ती मरीज अख्तर के शरीर से रक्तस्त्राव हो रहा था जबकि ममिना का पित्त के थैली का आप्रेशन हुआ था। स्वास्थ्य टीम ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर सभी भर्ती मरीजों को कसया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा दिया।

जांच के दौरान आप्रेशन थियेटर पूरी तरह अवैध व मानक के विपरीत पाया गाया। आप्रेशन थियेटर में एक टेबल, एक बडा आक्सीजन सिलेंडर, चार ड्रम, एक एक्जामिनेशन टेबल, एक ओटी लैंप व आप्रेशन से संबंधित औजार उपलब्ध था। इसी कडी मे हास्पिटल के वार्ड मे छह बेड, दो ब्रेंच, एक मेज तथा दो प्लास्टिक की कुर्सियां और एक रैक मे दवा रखी गयी थी। इसके अलावा चेम्बर मे मेज, रिवाल्विंग चेयर, एक परीक्षण मेज और दो प्लास्टिक की कुर्सियां पायी गयी।

जांच टीम ने अवैध रुप से संचालित न्यू फातिमा हास्पिटल को तत्काल प्रभाव से सील करते हुए मौके पर आठ विन्दओ पर जांच आख्या तैयार किया। इसमें उन्होंने लिखा है कि न्यू फातिमा हास्पिटल का कोई भी रजिस्टेशन नही है। अस्पताल के साथ संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर का कोई भी बैध कागजात संचालक द्वारा प्रस्तुत नही किया गया।, आप्रेशन थियेटर अवैध व मानक के विपरीत पाया गया व हास्पिटल का संचालन चार पढने वाले छात्रों द्वारा किया जा रहा था। जानकारों की माने तो बिना रजिस्टेशन व बिना प्रशिक्षित चिकित्सक के अवैध रुप से संचालित हास्पिटल में जांच के दौरान भर्ती किये गये मरीज पाये जाते है तो हास्पिटल सील करने के साथ साथ हास्पिटल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का प्रावधान है किन्तु स्वास्थ्य विभाग अवैध तरीके से संचालित न्यू फातिमा हास्पिटल के संचालक के खिलाफ अब तक मुकदमा पंजीकृत नही कराया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

# स्कूली बच्चों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र किया वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद के मंशाछापर बाजार स्थित नेहरू इंटर कॉलेज मे दुर्गा फाउंडेशन द्वारा साक्षरता कार्यक्रम में बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

बुधवार को नेहरू इंटर कालेज में दुर्गा फाउंडेशन द्वारा आयोजित साक्षरता कार्यक्रम के पांचवें दिन, बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला युग तकनीक का युग है और तकनीक के बिना किसी का कोई भविष्य नहीं है। इसलिए तकनीक को सीखें और दुर्गा फाउंडेशन के लक्ष्य 25 हजार बच्चों को सिखाने का सराहना किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य साधु शरण पांडेय ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत करते हुए दुर्गा फाउंडेशन को शुभकामना और बधाई देते हुए कहा कि यह पहली ऐसी संस्था दिखाई दिया है कि जो इस पिछड़े इलाके में बच्चों को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया है। इस कार्यक्रम के प्रथम दिन जो पूछा गया था तो मात्र दो बच्चों ने कंप्यूटर देखने और जानने की बात बताए थे और आज हमारे स्कूल में यह संख्या बच्चे और बच्चियों को मिलाकर 85 है। जिसको देखकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने विशेष रूप से सिंगापुर में रहते हुए इस क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति को प्रसारित करने वाले आशीष मिश्रा को विशेष रूप से धन्यवाद और प्रशिक्षण को सफल बनाने वाले आदर्श पाठक और उनकी पूरी टीम को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपना पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन भी दिया। जिससे बाकी बच्चों को सिखाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा आकांक्षा चौबे को प्रति माह की छात्रवृत्ति की भी घोषणा फाउंडेशन द्वारा की गई। जिसकी प्रथम किस्त छात्रा को दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों को एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवरपॉइंट, कैनवा और 4 जीबी 4 जीपीटी सिखाया गया। दुर्गा फाउंडेशन की इस पहल से बच्चों में तकनीकी ज्ञान की नई राह खोल दी हैं। कार्यक्रम न केवल बच्चों को साक्षर बनाने में मदद कर रहा है। बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम भी बना रहा है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक श्रुति जायसवाल, रागिनी मिश्रा, लकी सिंह, प्रिया शुक्ला और नंदिनी गुप्ता स्वयंसेवक के रूप में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण प्रमाण पत्र विद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षक अकीलुद्दीन अंसारी व मुक्तिनाथ त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक धर्मपत्त कुमार चौबे, डॉक्टर संदीप कुमार सिंह, सुरेंद्र कुशवाहा, राजेश पांडेय, राकेश दत्त शुक्ला, चंद्रेश यादव, अमित कुमार मिश्रा, धनंजय कुमार राय, वशिष्ठ राय सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन की स्वयंसेवी शिल्पी और रागिनी ने संयुक्त रूप से किया।

# महाविद्यालय के शताब्दी समारोह का उद्घाटन आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। श्रीनाथ संस्कृत महाविद्यालय के स्थापना शताब्दी वर्ष समारोह का उद्घाटन आज गुरूवार को होगा।

श्रीनाथ संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना सन 1924मे मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी के दिन हुआ था। महाविद्यालय का स्थापना दिवस हर वर्ष मनाया जाता है। 2024मे 100वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी दिवस समारोह 6दिसंबर को मनाया जाएगा।इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष के बारहों महीने में कार्यक्रम आयोजित किए गए।एक सप्ताह से छात्रों द्वारा लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं जिनमें खेलकूद, संगीत, अंत्याक्षरी, आदि शामिल हैं। गुरुवार को समारोह का उद्घाटन किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि राजकुमार दास जी महाराज अधिकारी एवं ट्रस्टी श्री रामबल्लभाकुंज जानकी घाट अयोध्या एवं अध्यक्ष प्रो जयप्रकाश नारायण द्विवेदी होंगे।इस दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कृत भाषा विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई है। 6दिसंबर को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा अतिविशिष्ट अतिथि सांसद कुशीनगर विजय दूबे, विशिष्ट अतिथि विधायक मोहन वर्मा सारस्वत अतिथि काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर नागेंद्र पाण्डेय होंगे एवं अध्यक्ष प्रोफ़ेसर रामदेव शुक्ल पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी डी डी यू गोरखपुर होंगे। मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर जयप्रकाश नारायण द्विवेदी होंगे। उक्त जानकारी महाविद्यालय के मंत्री गंगेश्वर पाण्डेय ने एक वार्ता में दी।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देश पर विकास खण्ड कसया के सेमरा धुसी ग्राम पंचायत के उपकेंद्र पर सघन स्वास्थ्य एवं संचार अभियान के अन्तर्गत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ सभासद विनय कुमार गौतम ने फीता काट कर किया।

इस स्वास्थ्य शिविर में उच्च जोखिम समूह व प्रवासियों का सामान्य जांच,दवा वितरण,एचआईवी एड्स एवं यौन संचारित रोगों का परामर्श परीक्षण एवं उपचार तथा गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व प्रचार प्रसार सामग्री,कंडोम की प्रदर्शनी व वितरण किया गया,लोक कला दल श्रीमंत वैरागी थियेट्रिकल नौटंकी पार्टी द्वारा नुक्कड़ नाटक कर लोगो को एचआईवी एड्स के बारे तथा टीबी रोग के प्रति जागरूक करते हुये उनकी स्क्रीनिंग भी किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में कुल 146व्यक्तियों का पंजीकरण व 103 व्यक्तियों का क्क्ष्ठ की स्कैनिंग एवं परामर्श तथा 21व्यक्तियों की यौन जनित रोग की परामर्श जांच एवं उपचार किया गया तथा 11 लोगों की टीबी के लक्षणों की स्क्रीनिंग किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में डॉ पल्लवी सिंह,डॉ नाजरीन फातिमा आशुतोष कुमार मिश्र एसटीएलएस,शाहिद अंसारी एसटीएस,जिला चिकित्सालय के शिवकुमार पांडेय एस टी आई परामर्शदाता, खुशबू शुक्ला आई सी टी सी परामर्शदाता, गौतम शर्मा आईसीटीसी एलटी,तारकेश्वर सिंह परियोजना प्रबन्धक लक्षित हस्तक्षेप परियोजना (सवेरा), प्रेमशिला प्रजापति,अरविंद कुमार साह,अम्बे चौबे,कु जया, सीएचओ बबिता रावत,बिंदु कुशवाहा,अनीता गोंड,सुमन देवी,उषा देवी,शकुंतला देवी,ज्ञांती देवी आदि उपस्थित रही।

# युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं अजय त्रिपाठी: शत्रुमर्दन शाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार फाजिलनगर पहुंचे रिटायर्ड आरटीओ अजय त्रिपाठी का स्थानीय नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। नगर पंचायत सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में श्री त्रिपाठी ने युवाओं को खेलों में बेहतर मंच प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

श्री त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि फाजिलनगर के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने का मेरा सपना रहा है। शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी खेल प्रतियोगिता के माध्यम से यहां के कई खिलाड़ी आईपीएल और रणजी जैसे बड़े मंचों पर पहुंचे हैं। अब फुटबाल से जुड़े युवाओं को भी प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए मंच प्रदान करने का प्रयास करूंगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि अजय त्रिपाठी यहां के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने खेल के क्षेत्र में यहां के युवाओं को बेहतर मंच देने के साथ उनकी तैयारी के लिए क्रिकेट एकेडमी चला रहे हैं। अब फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष के रूप में उनका नेतृत्व युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आएगा।

कार्यक्रम में सेंट जोसेफ स्कूल के निदेशक सीओ जोश, श्यामू द्विवेदी, मनीष मिश्र,टीएन राय, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, विनय तिवारी, दिनेश सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। संचालन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला ने किया।

इससे पहले नगर पंचायत कार्यालय पहुंचने पर श्री त्रिपाठी का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चौरा व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय,सभासद कमलेश वर्मा, जेपी सिंह, राहुल सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, आज़ाद अंसारी, विनीत कुमार बंटी, दुर्गेश वर्मा, प्रेमसागर पाण्डेय,मोनू इराकी , विकास सिंह, अनुराग पांडेय,मनोज चौबे,चंदन दूबे, गोविंद यादव, सत्येन्द्र सिंह, मुहम्मद आलम, अब्बास शेख, गुड्डू चौहान, कविंद्र सिंह,भास्कर राय सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ में कुम्भ की गाथा सुनाएंगे देश के चर्चित कलाकार

## अभिनेता आशुतोष राणा 'हमारे राम' पर देंगे अपनी प्रस्तुति- अभिनेत्री हेमा मालिनी गंगा अवतरण पर देंगी अपनी कला का परिचय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 को श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने के लिए योगी सरकार अनेक तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना पर काम कर रही है। एक तरफ जहां बॉलीवुड के तमाम सितारे अपनी सुरीली आवाज में यहां श्रद्धालुओं को आध्यात्म और संस्कृति के रस से सराबोर करेंगे। वहीं, दूसरी ओर सांस्कृतिक संध्या में महाकुम्भ से जुड़ी गाथाओं और रामलीला व महाभारत की लीलाओं का भी मंचन होगा। इन प्रस्तुतियों के लिए भी देश के दिग्गज और नामचीन सितारे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पहुंचेंगे और श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे।

फ़ेमस बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा 'हमारे राम' पर अपनी प्रस्तुति देंगे तो एक्ट्रेस और सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण पर कला का परिचय देंगी। महाभारत सीरियल फ़ेम पुनीत इस्सर महाभारत की अपनी प्रस्तुति से लोगों को प्रचीन भारत के युग में ले जाएंगे। यह सभी कार्यक्रम गंगा पंडाल में आयोजित किए जाएंगे। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा इसका आयोजन किया जाएगा।




अपनी अदाकारी से लोगों को रोमांचित करने नाले फ़ेमस बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा 25 जनवरी को गंगा पंडाल में हमारे राम की प्रस्तुति देंगे। इन नाट्य शो में वह रावण का किरदार निभाते हैं। 26 जनवरी को बॉलीवुड की लीजेंड अभिनेत्री और मथुरा से सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण नृत्य नाटिका पर अपनी परफॉर्मेंस देंगी। वहीं 08 फरवरी को भोजपुरी और बॉलीवुड एक्टर व गोरखपुर के सांसद रवि किशन शिव तांडव की प्रस्तुति देंगे, जबकि 21 फरवरी को पुनीत इस्सर महाभारत शो का मंचन करेंगे। कुम्भ की गाथामहाकुम्भ का आयोजन हो और लोगों को कुम्भ की गाथा सुनने को न मिले, ऐसा संभव नहीं। सांस्कृतिक संध्या में कुम्भ को लेकर विशेष आयोजन की तैयारी की गई है। इसकी शुरुआत 22 जनवरी को कथक केंद्र संगीत नाटक अकादमी द्वारा कुम्भ की थीम पर आधारित कथक नृत्य नाटिका से होगी। 23 जनवरी को लखनऊ की भारतेंदु नाट्य अकादमी काकोरी महागाथा प्रस्तुत करेगी। वहीं, 01 फरवरी को कोरियोग्राफर मैत्रेय पहाड़ी के द्वारा कुम्भ का सफरनामा कोरियोग्राफ शो प्रस्तुत किया जाएगा। इसी तरह 23 फरवरी को रिलायंस इंटरटेनमेंट एंड सोबो फिल्म कुम्भ गाथा को प्रदर्शित करेगी। देश के जाने-माने बैंड भी देंगे अपनी प्रस्तुतियां10 जनवरी से प्रस्तावित इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में सबसे पहले 11 जनवरी को ओडिशा का प्रिंस ग्रुप दशावतार नृत्य की अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को रोमांचित करेगा। 16 जनवरी को मथुरा का माधवा बैंड और आगरा का क्रेजी हॉपर्स, 17 जनवरी को रिकी केज, 19 जनवरी को कोलकाता की गोल्डेन गर्ल्स, 21 जनवरी को मणिपुर का बस्तर बैंड, 27 जनवरी को दिल्ली की श्रंखला डांस अकादमी, 07 फरवरी को इंडियन ओशन बैंड, 17 फरवरी को अग्नि बैंड, 19 फरवरी को मुंबई का माटी बानी बैंड, 20 फरवरी को सूफी बैंड थाई कुड़म ब्रिज और 22 फरवरी को मुंबई का कबीरा बैंड अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्र मुग्ध करेगा। रामलीलाओं का होगा मंचन गंगा पंडाल में भारत के साथ ही अन्य देशों की रामलीलाओं का भी मंचन किया जाएगा। 18 जनवरी और 14 फरवरी को आईसीसीआर के माध्यम से जहां अन्य देशों के लोकनृत्य के साथ रामलीलाओं का मंचन होगा तो वहीं, 15 और 16 फरवरी को श्रीराम भारती कला केंद्र के द्वारा रामलीला की प्रस्तुति होगी। 22 फरवरी को मध्य प्रदेश की शालिनी खरे कथक के जरिए रामायण की प्रस्तुति देंगी। ये भी प्रस्तुतियां होंगी 20 जनवरी को देश के प्रसिद्ध कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 21 जनवरी को राजेश प्रसन्ना के द्वारा धरोहर दुर्लभ लोक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियां होंगी। 24 जनवरी को यूपी फॉक नाइट के द्वारा कोरियोग्राफ शो और विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। 18 फरवरी को प्रसिद्ध बांसुरी वादक राकेश चौरसिया अपनी सुरीली बांसुरी का प्रदर्शन करेंगे।

# देर शाम दो बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर स्थित जगदीशपुर बरडीहा पेट्रोल पंप के सामने बीते मंगलवार की देर शाम दो बाइकों को आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें दो लोगों घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर जगदीशपुर बरडीहा चौराहे पर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई है। जिसमें मनीष विश्वकर्मा पुत्र राम आशीष विश्वकर्मा निवासी घोघरा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर दूसरा बाइक चालक चन्द्रेश पुत्र पारस उम्र 22 वर्ष निवासी सुग्गापाकड़ थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर अहिरौली थाना क्षेत्र के लक्षीराय में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। तभी वह जगदीशपुर बरडीहा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने जा रहा था। तभी जगदीशपुर से मनीष अपने गांव घोघरा के लिए जा रहा था दोनों बाइकों की आपस में टक्कर हो गई जिसमें मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया।और चन्द्रेश को भी चोटे आई।तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।सूचना पर अहिरौली थाने से कांस्टेबल अनिल यादव,अमित कुमार गुड्डू राजभर मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को उपचार हेतु भेजवाया जिसमें गंभीर रूप से घायल मनीष को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच भेजवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया।घायल चन्द्रेश को निजी अस्पताल में इलाज कराकर घर भेज दिया गया। पुलिस दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

## सूचना

मेरी पुत्री योग्यता के हाई स्कूल के अंकपत्र में पिता का नाम गलत हो गया है । पिता का सही नाम शांति भूषण पाठक है । जबकि अंक पत्र में शशी भूषण हो गया है मैं नोटरी के माध्यम से सही नाम विधालय में दे दिया हु।अत आप महोदय से निवेदन है कि नाम सुधार कर योग्यता पुत्री शांति भूषण करने की कृपया करें ।
प्राथी: शान्ति भूषण पाठक वार्ड न. 4 गायत्री नगर पडरौना कुशीनगर

# प्रभारी निरीक्षक ने स्कूली बच्चों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज महलिया खरगूपुर में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी की ओर से स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। इसमें साइबर एक्सपर्ट ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के डिजिटल अपराधों से बचने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स बताइए, खरगूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बच्चों से कहाँ सतर्क रहने की जरूरत है।मां-बाप को भी बच्चों पर नजर रखनी चाहिए।उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी।कहाँ कि मोबाइल के जरिए तमाम तरह के साइबर अपराध हो रहे हैं।भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर साइबर अपराधी बैंक खाते से रुपये निकाल लेते हैं।इसके अलावा बच्चे कई बार अपना फोटो मोबाइल में अपलोड कर देते हैं।साइबर अपराधी उसका गलत उपयोग कर ब्लैकमेलिंग तक करते हैं।उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य निर्धारण के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ने की प्रेरणा दी। कहा कि मौजूदा परिवेश में सब कुछ ऑनलाइन हो रहा है।इससे एक तरफ जहां लोगों का काम काफी आसान हो गया है,वहीं दूसरी तरफ साइबर सुरक्षा से जुड़े कई गंभीर मुद्दे सामने आ रहे हैं।कंप्यूटर के इस युग में तेजी से बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाने का एकमात्र उपाय जागरूकता है।साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए भारत सरकार जागरूकता दिवस का आयोजन कर रही है।

# मनरेगा-टिकरिया गाँव में कागजों में चल रहे 147 मजदूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता







गोण्डा। जिले के पंड़री कृपाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत टिक रिया में मनरेगा के कार्यों में भारी गड़बड़ी की जा रही है। कागजों में दो स्थानों पर मिट्टी पटाई आदि का काम दर्शा दिया जाता है।तीन दिन सिर्फ तलाब पर मजदूरों को लगाया गया है और तालाब पर बंधे पर मिट्टी पिटाई का कार्य कराया गया है,लेकिन मंगलवार तीन दिसंबर को 147 श्रमिकों का मास्टर रोल कागज में चल रहा था।वही पुरानी फोटो अपलोड कर दी जाती है मगर मौके पर एक भी मजदूर काम नहीं करता मिला है।प्रधान व रोजगार सेवक और सचिव के की मिलीभगत से बिना काम कराए ही मजदूरी का भुगतान करा दिया जा रहा है।पड़री कृपाल विकासखंड अंतर्गत मंगलवार को टिकरिया गांव में गाटा संख्या 304 में माधव राज के खेत के पास तालाब पर मिट्टी पटाई का कार्य मस्टर रोल में चल रहा था लेकिन उसे दिन धरातल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं थे।तथा दूसरा कार्य क्षेत्र पंचायत सालपुर सेमरा राम तीरथ खेत से टिकरिया टयूबुल होकर रामापुर तक मिट्टी पटाई के कार्य 15 मस्टर रोल में 147 मजदूर लगा होना दर्शाते हुए आन लाइन अपलोड किया।इतना ही नहीं इसमें फोटो भी लोड की गई।मगर हकीकत कुछ और थी।उक्त दोनों स्थानों पर एक भी मजदूर कार्य करता नहीं मिला।वही एक गाँव के व्यक्ति ने नाम न छपने कि शर्त पर बताया है कि दोनों जगह पर आज काम बंद है। ब्लॉक पड़री कृपाल ग्राम पंचायत केवलपुर मेंइसी तरह केवलपुर ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 358 कुशहवा तालाब में बंधे पर मिट्टी पटाई सुंदरीकरण के कार्य में बीस मजदूर लगाकर आन लाइन दर्शाए गए।लेकिन यहाँ पर तालाब में पानी भरा हुआ है मौके पर एक भी कार्य नहीं चल रहा है और मस्टर रोल में बीस मजदूर एक दिसम्बर से लगातार कागज में चल रहे हैं।आश्चर्य तो यह है कि इन कार्यों को देखने के लिए सभी जगह पर सहायक टेक्नीशियन की तैनाती है।इसके बावजूद प्रधान, रोजगार सेवक और सचिव के द्वारा फर्जीबाड़ा किया जा रहा है।इस संबंध में बीडीओ गौरीसा श्रीवास्तव से दूर बस पर बात करने की कोशिश कि गईं तो उनका मोबाइल फोन नॉट रीचेबल बताया है।

**मिट्टी पटाई,मौके पर एक भी मजदूर नहीं**

**ब्लॉक पंडरी कृपाल के मनरेगा में हो रहे फर्जी वाड़ा पर पर कमीशन के चक्कर में नहीं हो रही कार्रवाई : सूत्र**

**ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी को जाता है सात प्रतिशत मनरेगा का कमीशन: सूत्र**

**एक ही फोटो लगाकर अलग-अलग दिनों की दिखाई मजदूरी**

सूत्र बता रहे है कि पड़री कृपाल ब्लॉक में मनरेगा मजदूरी में चल रही धांधली को लेकर एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत कि है।सूत्र बता रहे हैं कि शिकायती पत्र में कहा कि पड़री कृपाल ब्लाक की वीडियो भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही हैं और मनरेगा के कार्यों में भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगा पा रही हैं,वही ग्राम पंचायत भिटीपटखोली,टिकरिया और केवल में हुए मनरेगा के काम अपलोड किए गए हैं।वही टिकरिया गाँव में 22 नवंबर से किसी दिन 88 तो किसी दिन 87 श्रमिकों तेरह दिनों से मजदूर की उपस्थिति दर्शाई गई है जो फोटो अपलोड किया गया है उसमें एक ही फोटो डाउनलोड है। जिसमे एक ही मजदूरो की फोटो कई मस्टर रोल में लगी है।फर्जी चल रहे मस्टर शिकायत में मामले मुख्य विकास अधिकारी से अंकिता जैन से मौखिक रूप से बात की गई तो उन्होंने बताया की जांच करवाक़र कार्रवाई की जाएगी।

# गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज,बजाज चीनी मिल के यूनिट हेड की नहीं हो रही गिरफ्तारी, पुलिस पर उठ रहे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। बजाज चीनी मिल कुंदरखी में फिटर मैकेनिक के पद पर कार्यरत गजेन्द्र सिंह द्वारा मिल के अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या किए जाने की घटना को पांच दिन बीत गए।इस मामले में यूनिट हेड,एचआर मैनेजर समेत तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है।इससे मृतक के परिजनों का योगी सरकार में न्याय से भरोसा उठता जा रहा है।बताते चलें कि जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में स्थित बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल कुंदरखी में फिटर के पद पर कार्यरत मुरादाबाद जिले के इस्लामनगर (रामपुर) थाना भोजपुर के रहने वाले गजेन्द्र सिंह ने 29 नवंबर को करीब 250 गोलियां खा ली थी।गंभीर हालत में उसे गोण्डा मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसने रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दम तोड़ दिया था।इस मामले में गजेन्द्र की पत्नी रूबी सिंह का कहना है कि उसने 27 नवंबर को ही मोतीगंज पुलिस को तहरीर दी थी जिसमें चीनी मिल के यूनिट हेड,एचआर मैनेजर व एक अन्य पर अपने पति को प्रताड़ित करने,जान से मरवा देने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे,लेकिन इस पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।उसने बताया कि 29 नवंबर की रात उसके पति गजेन्द्र की मौत के बाद मोतीगंज पुलिस ने पहली दिसंबर को आनन-फानन में बजाज चीनी मिल के यूनिट हेड पीएन सिंह, एचआर मैनेजर कमलेश कुमार व राजू सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 352, 351(2) व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया,लेकिन इस मामले के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें पुलिस का तनिक भर भी डर नहीं है।वहीं दूसरी तरफ इस घटना को लेकर क्षेत्र में मोतीगंज पुलिस की खूब छीछालेदर हो रही है। लोगों द्वारा मोतीगंज पुलिस की एक तरफा कार्यवाही पर उंगलियां उठाई जा रही हैं।

**पांच दिन बीत जाने के बाद मृतक गजेंद्र सिंह को प्रताड़ित करने वाले आरोपियों को पुलिस ने दिया छूट**

**मोतीगंज पुलिस ने अगर एक तरफा कार्रवाई न की होती तो बच जाती गजेंद्र सिंह की जान**

**सात साल की बेटी और पांच साल के मुकबधिर बच्चे को लेकर पत्नी इंसाफ के लिए मांग रही न्याय**

# अधिवक्ता संघ नानपारा ने डॉ0 राजेंद्र प्रसाद जयंती पर आयोजित की गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध विधिवेत्ता भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ0 राजेंद्र प्रसाद जयंती पर अधिवक्ता संघ नानपारा की ओर से अधिवक्ता दिवस के रूप में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मो0 अरशद एडवोकेट ने की तथा संचालन ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। गोष्ठी की शुरुआत डॉ0 राजेंद्र प्रसाद जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके हुई। तत्पश्चात गोष्ठी को हरीश शर्मा, जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव, अशोक मिश्रा, चतुर्भुज सहाय, काशीराम यादव, आर पी एन श्रीवास्तव, बंश गोपाल, डॉ0 धीरेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ताओं ने भी संबोधित किया और बाबू राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से सीख लेने की बात कही। संघ के मंत्री राम गोपाल वर्मा एडवोकेट ने अधिवक्ता होने के नाते हम सबका यह फर्ज है कि हम सभी जरूरतमंदो की मदद के लिये ततपर रहें और नियमित व संयमित जीवन जियें। संघ अध्यक्ष मो0 अरशद ने अंत में आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

# दादा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों के नारी शक्ति कार्यक्रम की हुई प्रशंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। बुधवार को नगर के दादा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का मुख्य अतिथि कल्पना सिंह महिला थाना प्रभारी व श्रीमती आरती सिंह एंटी रोमियो स्कॉट बी.एच. एवं स्कूल के प्रबन्धक व उनकी धर्मपत्नी द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ शुभारम्भ किया तदोपरान्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश वन्दना व स्वागत गीत के साथ पंजाबी मैशअप, फनी एक्ट, टुकुर टुकुर, रिलीजन एक्ट, फैशन शो, नारी शक्ति, राधा कृष्णा डांस, गलती से मिस्टेक, संस्कार एक्ट, ताल से ताल, योगा डांस, बरसों रे मेघा नृत्य व नाटक आदि की प्रस्तुति से मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के लिए शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियां होना भी आवश्यक है, ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कल्पना सिंह महिला थाना प्रभारी व श्रीमती आरती सिंह एंटी रोमियो स्कॉट बी.एच. का स्कूल प्रबंधन द्वारा पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती पूजा व नेहा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मन्दिर, सी.एच.सी. अधीक्षक डा0 चन्द्रभान राम, डा0 शिव गुप्ता, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिवक्ता डी0 पी0 श्रीवास्तव, पुनीत श्रीवास्तव, अकिंत पाण्डे व सरफराज सिद्दीकी एवं मुकेश श्रीवास्तव, परवेश सिंह प्रबंधक/प्रधानाचार्य रिआन इण्टरनेशनल कालेज को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण अधिवक्ता डी0 पी0 श्रीवास्तव द्वारा मौजूद लोगों को विधिक जानकारी देते हुए टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करके निःशुल्क विधिक उपचार का सुझाव दिया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में बच्चों की विधिक सहायता के लिए लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन इन नीड केयर एंड प्रोटेक्शन गठित है जिससे जरूरतमंद बच्चों को सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा महिला पुलिस टीम द्वारा नारी सशक्तिकरण हेतु जागरूक करते हुए 1090 जैसे विभिन्न टोल फ्री नंबरों की भी जानकारी दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा फनी डांस, रिलीजस एक्ट, राधा कृष्णा डांस व संस्कार आदि कार्यक्रमों को काफी सराहा गया। इस मौके पर प्रबंधक राधेश्याम जायसवाल, पंकज जायसवाल, गौरव जायसवाल, प्रधानाचार्य सुधीर बाबू, अरुणेश शर्मा, आजाद खान आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने में मिस दीपिका, अंजुम खालिक, सौम्या श्रीवास्तव, निवेदिता, श्रृष्टि, दीपाली, अपर्णा आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में अरुण कुमार मोदी, प्रबंधक भारत पेट्रोल पम्प नानपारा को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

# समूह संचालन में 49 लाख रूपये का घोटाला,17 लोगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ब्लॉक रुपईडीह के गांवों में स्वयं सहायता समूहों का गठन कर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की मुहिम को जिले में तगड़ा झटका लगा है।रुपईडीह ब्लाक में कार्यरत दो स्वंय सहायता समूहों ने ब्लाक मिशन मैने जर से मिलीभगत कर 49 लाख रुपये का घोटाला किया है।शिकायत मिलने पर सीडीओ ने मामले की जांच कराई तो जांच में घोटाले का खुलासा हुआ है।सीडीओ के निर्देश पर रुपईडीह के खंड विकास अधिकारी ने ब्लॉक मिशन मैनेजर समेत 17 लोगों के खिलाफ खरगूपुर थाने में गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई है।महिलाओं को स्वरोजगार योजना से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।गांवों मे स्वयं सहायता समूहों का गठन कर महिलाओं को स्वरो जगार से जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है।लेकिन इस मुहिम को तगड़ा झटका देते हुए ब्लाक मिशन मैनेजर ने दो स्वंय सहायता समूहों के साथ मिलीभगत कर 49 लाख रुपये का बंदरबांट कर लिया।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के मुताबिक रुपईडीह ब्लाक में संचालित स्वयं सहायता समूह प्रगति महिला ग्राम संगठन, बल्ही जोत व उजाला केजीएन प्रेरणा ग्राम संगठन लोनवा दरगाह में वित्तीय अनियमितता की शिकायत मिली थी। इस पर उन्होने ग्राम पंचायत बल्हीजोत एंव उजाला केजीएन प्रेरणा,ग्राम संगठन लोनावा दरगाह में लीड बैंक अफसर,जिला विद्यालय निरीक्ष व सहायक विकास अधिकारी आईएसबी झंझरी एवं बेलसर की संयुक्त कमेटी का गठन कर मामले की जांच का आदेश दिया था। समिति की जांच में पता चला कि प्रगति महिला ग्राम संगठन बल्हीजोत संगठन की अध्यक्ष प्रतिभा पांडेय, सचिव कुमुद व कोषाध्यक्ष ने मिलकर 70006,पद्मजा ट्रें ड्स के प्रोपराइटर विकास पाण्डेय व? अन्य? सामुदायिक निवेद विधि को 18.10 लाख रुपये का भुगतान कर दिया।वहीं ग्राम संगठन लोनावा दरगांह की अध्यक्ष तब्बुसन,सचिव शहर बानो व कोषाध्यक्ष रफीकुन निशा ने 30.25 लाख रुपये की धनराशि को समूह से ?बाहरी सदस्य लाल मोहम्मद को 2.20 लाख,वरदान पांडेय को 1.10 लाख,अमरजीत को 1.10 लाख ,अकबर रजा को 1.10 लाख , सिंह इंटरप्राइजेज को 24786, अम्बर रजा को 55000, मो आज़म को 1.10 लाख , कुलदीप ट्रेडर्स को 3.30 लाख,अमित ट्रेडर्स को 3.30 लाख व महाकालेश्वर नामक फॉर्म को 1.98 लाख रुपए का भुगतान कर दिया।यह सभी भुगतान नियमों को ताक पर रखकर किए गए।मिशन ब्लाक मैनेजर कुलदीप तिवारी की भूमिका भी संदिग्ध पायी गयी।जांच के दौरान घोटाले की पुष्टि होने पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने बीडीओ को संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया था।सीडीओ के निर्देश पर मंगलवार को खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने मिशन ब्लाक मैनेजर कुलदीप तिवारी,प्रगति महिला ग्राम संगठन बल्हीजोत संगठन की अध्यक्ष प्रतिभा पांडेय, सचिव कुमुद व कोषाध्यक्ष तथा ग्राम संगठन लोनावा दरगांह की अध्यक्ष तब्बुसन, सचिव शहर बानो व कोषाध्यक्ष रफीकुन निशा समेत 17 लोगों के खिलाफ खरगूपुर थाने में एफआईआर दर्ज करायी है।खरगूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि बीडीओ के तहरीर पर इन सभी लोगो के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

**सीडीओ को शिकायत मिलने पर कराई थी जांच,बीडीओ ने खरगूपुर थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट**

# प्रसिद्ध मौलाना के निधन पर पहुंचे हजारों लोग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के मदरसा अल जामियातुल कासमिया खैरुल उलूम के संस्थापक जाने-माने प्रसिद्ध मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार की शाम इलाज के दौरान निधन हो गया। मौलाना अपने पीछे तीन बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं सबसे बड़े लड़के मौलाना शालिम कासमी ने अपने वालिद की नमाज ए जनाजा पढ़ाई इसमे हजारों लोगों ने मिट्टी दी। शामिल लोगों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक शब्बीर वाल्मीकि, सपा नेता जफरुल्लाह खान बंटी, नगर पालिका नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद पूर्व अध्यक्ष अब्दुल मोहिद राजू, व्यापार मंडल अध्यक्ष अब्दुल मुशीर, मुन्ना मारिया, मुफ्ती असलम कासमी, मौलाना मुजीब अहमद मुजाहिरी, मौलाना सिकंदर, कारी जुबेर , मौलाना वॉकर, अली मुजाहिरी, हाफिज इनायतुल्लाह रशीदी, मौलाना अमानतुल्ला कासमी, मौलाना इलियास कासमी, मौलाना अफजल नदवी, मौलाना शकील, मौलाना रफीक ,मौलाना कयूम, मौलाना मसीहुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी नानपारा में ओआरएस कॉर्नर का अधीक्षक सीबी राम ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । बुधवार को नानपारा सीएचसी पर जिंक ओआरएस कॉर्नर का हुआ भव्य शुभारम्भ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायरिया नेट जीरो अभियान के तहत जिंक ओआरएस कॉर्नर की स्थापना की गई जिसका शुभारंभ अधीक्षक डॉ. चंद्रभान राम द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को डेटॉल साबुन, जिंक की गोलियां और ओआरएस पैकेट वितरित किए गए। डॉ. चंद्रभान राम ने बताया कि डायरिया के दौरान शरीर में तरल पदार्थों और खनिजों की कमी हो जाती है, जिससे निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) का खतरा बढ़ता है। ऐसे में ओआरएस शरीर में खोए हुए तरल और इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करता है और निर्जलीकरण को रोकने में सहायक होता है। जिंक का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, डायरिया की अवधि और गंभीरता को कम करता है, और बच्चों को बार-बार होने वाले डायरिया से बचाने में मदद करता है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश ने कहा कि डायरिया से बच्चों को बचाने के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। ओआरएस और जिंक की सही खुराक न केवल डायरिया को रोकने में मदद करती है, बल्कि लंबे समय तक बच्चों के स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाती है। जिला समन्वयक सईद अहमद ने कहा कि डायरिया के दौरान जिंक और ओआरएस का उपयोग बच्चों को निर्जलीकरण से बचाने और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। जागरूकता और समय पर उपचार से डायरिया के मामलों को रोका जा सकता है। जिंक-ओआरएस कॉर्नर सामुदायिक स्तर पर डायरिया प्रबंधन को प्रभावी बनाने में मददगार साबित होगा। यहां पर लोगों को ओआरएस घोल तैयार करने की विधि सिखाई जाएगी, जिंक की सही खुराक के उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी, और जरूरतमंदों को मुफ्त ओआरएस और जिंक गोलियां उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने बताया कि डेटॉल डायरिया नेट जीरो टीम जिला समन्वयक सईद अहमद के नेतृत्व में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चला रही है। इस अभियान का उद्देश्य डायरिया के मामलों को शून्य तक लाना और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना है। यह पहल न केवल डायरिया को रोकने में सहायक होगी बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य को भी सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, नर्सिंग स्टाफ, बीसीपीएम पंचम ऋषि, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश, फार्मासिस्ट, और बहराइच की डायरिया नेट जीरो (डीएनजेड) टीम की उपस्थिति रही।

## तहसील मोतीपुर में 23 दिसम्बर को आयोजित होगा तालाब आवंटन शिविर

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील महसी अन्तर्गत उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 व उ.प्र. राजस्व संहिता नियमावली 2016 में वर्णित उपबन्धों के अनुसार मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के मध्य नीलामी पद्धति से तालाबों का दस वर्षीय पट्टा किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) स्थित गल्ला मण्डी मिहींपुरवा के सभाकक्ष में 23 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से होने वाली नीलामी के लिए नायब तहसीलदार मिहींपुरवा को नीलाम अधिकारी नामित किया गया है।

एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील अन्तर्गत ग्राम बोझिया में खसरा नम्बर 723 क्षेत्र 5.4030 हे., अड़गोड़वा (धर्मापुर) में ख.न. 228/2 क्षेत्र 0.2290 हे., वैवाही में ख.न. 946ग क्षेत्र 4.0670 हे., जंगल गुलरिहा में ख.न. 234ख क्षेत्र 0.2550 हे., चफरिया में ख.न. 286 क्षेत्र 0.2950 हे., हसुलिया में ख.न. 678 क्षेत्र 2.0470 हे., मंझरा में ख.न. 2155 क्षेत्र 0.2180 हे., धर्मापुर में ख.न. 1071 क्षेत्र 0.3320 हे., ख.न. 1096क क्षेत्र 0.0320 हे., ख.न. 1122 क्षेत्र 0.1880 हे., ख.न. 1124 क्षेत्र 0.5670 हे. व ख.न. 1067 क्षेत्र 0.2760 हे. तथा ग्राम मधवापुर में ख.न. 225 क्षेत्र 0.2830 हे. का नीलामी पद्धति से दस वर्षीय पट्टा किया जायेगा।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि 0.5 एकड़ से लेकर 02 हेक्टेयर तक के क्षेत्रफल के जालाबों की नीलामी मछुआ समुदाय के लोगों को तथा 02 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के जालाब की नीलामी सहकारी समितियों के हक में की जायेगी। एसडीएम ने बताया कि तहसील स्थित रजिस्ट्रार कानूनगो के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर पट्टे की शर्तों एवं नीलामी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा में आयोजित होगा प्रशिक्षण, कृषक गोष्ठी एवं मेला

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला उद्यान अधिकारी डॉ. दिनेश चौधरी ने बताया कि वर्ष 2024-25 अन्तर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत जनपद में औद्यानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा, बहराइच में 06 व 07 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 02 दिवसीय औद्यानिक कृषक गोष्ठी/मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि कार्य से सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रदर्शनी/स्टाल भी लगाये जायेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि 02 दिवसीय औद्यानिक कृषक गोष्ठी/मेला के अवसर पर शाकभाजी, मसाला एवं पुष्प फसलों के उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने हेतु 06 दिसम्बर 2024 को प्रशिक्षण तथा 07 दिसम्बर 2024 को कृषक प्रक्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

# बल्दीराय ब्लाक में मनरेगा के तहत व्यापक पैमाने पर हो रहा फ़र्ज़ीवाड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जिरोटालरेंस की निति पर काम करने की बात कर रही है। वहीं दूसरी तरफ बल्दीराय ब्लाक में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है।गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कर मजदूरों को दूसरे प्रदेश में पलायन से रोकने के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना जिम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है। ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव जिनके द्वारा इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।बल्दीराय विकास खंड के गांवों में मनरेगा योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।जब इसकी जमीन स्तर पर पड़ताल की गई तो मनरेगा योजना में हो रही भ्रष्टाचार की कलई परत दर परत खुलकर सामने आने लगी। जो गांव में कभी साइड पर नहीं जाते हैं उनके नाम से साइड पर कार्य करते हुए आनलाइन मास्टरोल में हाजिरी लगा दी जाती है।ग्राम पंचायत में नियुक्त तकनीकी सहायक द्वारा बिना साइड पर गए एमबी कर दी जाती हैं,मजदूरों के खाते में पैसे भेज कर निकलवा लिया जाता है।जिसमें दो चार सौ रुपए उन मजदूरों को पैसे दे दिए जाते है,जिनको मनरेगा मजदूर बनाया गया और वो कभी साइड पर नहीं जाते हैं।सबसे बड़ी बात हैं कि मनरेगा योजना से हो रहें कार्यों में कहीं भी कार्य स्थल कार्य शुरू होने और समाप्ति तक डिस्पले बोर्ड नहीं लगता। डिस्पले बोर्ड तब लगाया जाता जब उस परियोजना का कागज़ी आंकड़ों में काम होकर पेमेंट हो जाता। ताकि ग्रामीणों को इसकी जानकारी न होने पाएं की इस सड़क पर मिट्टी कार्य कार्य हो रहा और कितने मजदूर काम कर रहें हैं।और कितने मजदूरों का फर्जी हाजिरी लगाकर पेमेंट कराया जा रहा है।इसमें सबसे बड़ी समस्या उन मजदूरों को हो रही जो वास्तविक मजदूर हैं और उनको रोजगार नहीं मिल पा रहा।इस समय मनरेगा योजना में सरकारी धन का बंदरबाट खूब हो रहा है।इसमें सबसे बड़ा जिम्मेदार ग्राम पंचायत में नियुक्त तकनीकी सहायक हैं, जो पहले ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित कार्य पर स्टीमेट बनाता हैं। उसके बाद रोजगार सेवक की जिम्मेदारी होती हैं।वह स्टीमेट बने कार्य के साइड पर कार्य कराकर हाजिरी लगाने की है।

उसमें रोजगार सेवक द्वारा कागजों में प्रस्तावित कार्य पर बिना कार्य कराए फर्जी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाना शुरू करता है। जो कभी भी मनरेगा योजना से हो रहें साइड पर कार्य करने नहीं जाते केवल वह कागज़ी आंकड़ों में मजदूरी करते,साइड पर कभी कभार दस से बीस मजदूर मिल जायेंगे जो सड़क पर उगे झाड़ियों को कुदाल से छिलते काटते नजर आ जाएंगे जो वास्तविक मनरेगा मजदूर हैं।उन्ही का फोटो भी हर साइडों पर अपलोड रहता जबकि कुछ ग्राम पंचायतों में रोजाना साइडों हर दिन 30 से लेकर 55-60 मजदूरों की हाजिरी लगती है, बल्दीराय ब्लाक के 65 ग्राम पंचायतों में से कुल 16 ग्राम पंचायतों में कुल 450 मनरेगा मजदूर मनरेगा योजना में कार्य कर रहे हैं।जब कि बीते दिनों में 47 ग्राम पंचायतों में 2408 मनरेगा मजदूरों ने कार्य किया था।लेकिन अपलोड फोटो में केवल उस साइड पर पांच से सात मजदूरों का फोटो अपलोड रहता वही जब काम कम्पलीट हो जाता तो फर्जी लगे हाजिरी के मुताबिक पंचायत में नियुक्त तकनीकी सहायक द्वारा बिना साइड पर गए आफिस में बैठें बैठें एमबी कर भुगतान के लिए पंचायत सचिव के टेबल से फाइल होते हुए बीडीओ आफिस तक पहुंचती हैं और उस फ़ाइल का भुगतान हो जाता हैं इस तरह सरकारी धन का बंदरबाट मनरेगा योजना में जमकर हो रहा है।अगर उच्च अधिकारी किसी भी मनरेगा योजना से हुए पेमेंट का स्थलीय निरीक्षण कर जांच कर लें तो मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार का पोल परत-दर-परत खुल जायेगी। मिट्टी कार्य में स्टीमेट के अनुसार कितने फिट मिट्टी की भराई सड़क पर हुई हैं।मेजरमेंट कर दिया जाए तो उनके कारनामे सामने आ जाएगा,लेकिन उच्च अधिकारी भी मौन साधे हुए हैं,जिनके जिम्मे सरकार के योजनाओं को जमीनी धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी है।अब देखना यह है की मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार कब तक रूकता हैं या इसी तरह भ्रष्टाचार बेलगाम होकर सरकारी खजाने को खाली करता रहता है।

# परख सर्वे परीक्षा की गुणवत्ता परखने लखनऊ से पहुंचे एससीईआरटी के असिस्टेंड डिप्टी डायरेक्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जनपद में यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड,आईसीएसई बोर्ड,उर्दू मदरसा एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन चयनित विद्यालयों में हो रही परख सर्वे परीक्षा का आयोजन हुआ।जिसकी गुणवत्ता परखने हेतु लखनऊ से प्रेम चंद असिस्टेंड डिप्टी डायरेक्टर आफ एजुकेशन एससीईआरटी राज्य परियोजना कार्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा जनपद में हो रही परक सर्वे परीक्षा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत कन्या इंटर कॉलेज पीलीभीत, केंद्रीय विद्यालय पीलीभीत,कंपोजिट विद्यालय डालचंद नगर क्षेत्र पीलीभीत,उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर एवं प्राथमिक विद्यालय रानीगंज ब्लॉक पूरनपुर काऔचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में ऑब्जर्वर एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देश प्रदान किए गए थे छात्रों को उनकी बौद्धिक क्षमता के अनुसार ही हल करने दिया जाए।प्रश्नों के उत्तर में किसी भी प्रकार की मदद ना की जाए साथ ही छात्रों को भी निर्देश प्रदान किया गया कि इस परख सर्वे से आप लोग डरिए मत ना निराश हो इसके नंबर आपकी कक्षा परीक्षा में नहीं जोड़ेंगे जाएंगे।आप शांत मन से प्रश्नों को पढ़िए एवं उत्तर ओएमआर शीट पर बाल पेन से भरिए किसी भी प्रकार की ओएमआर शीट पर कटिंग एवं दोहराया ना जाए, ऐसा करने पर आपका उत्तर गलत मान लिया जाएगा।इसके साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देश प्रदान किया गया की परख सर्वे परीक्षा संपन्न कराने में कहीं पर भी कोई परेशानी आए तो जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीसलपुर कार्यालय डायट से तत्काल दूरभाष पर संपर्क करते हुए समस्या का निदान करना सुनिश्चित कर सकते है।

# भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने कोतवाली में दिया धरना किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**कोतवाली पूरनपुर में धरना प्रदर्शन कर भाकियू ने नोएडा गिरफ्तार किसानों की रिहाई की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन**

पूरनपुर । कोतवाली परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने धरना प्रदर्शन करते हुए नोएडा में गिरफ्तार किसानों की रिहाई व जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबंधित ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि गौतम बुद्धनगर व नोएडा के किसान अपनी जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर शांति पूर्ण ढंग से आन्दोलन कर रहे थे। इस दौरान किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किसानों को तुरन्त रिहा किया जाए और गिरफ्तार किसानों की जमीन सरकार द्वारा ली गई है। शासनादेश व कोर्ट के आदेशानुसार किसानों को मुआवजा दिया जाए। 2021 में चल रहे किसान आन्दोलन को जब खत्म कराया गया तब केन्द्र सरकार ने किसानों से वादा किया था कि सभी फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून लागू किया जायेगा। पर अभी तक कानून नहीं बनाया गया है। उक्त समस्याओं का तत्काल समाधान कराया अन्यथा भाकियू दिल्ली में आंदोलन करने के वाध्य होगे। धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव स्वराज सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ,रमेश मिश्रा, सोनपाल सिंह, बादाम सिंह, गंगा सिंह, जमाल,सलमान खान ,राजेंद्र कुमार, सुनील मिश्रा, मनमोहन सिंह, मनवीर सिंह, रामचंद्र, रामसनेही सहित कई किसान नेता मैंजुद रहे.

# वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का हुआ आयोजन, उपस्थित रहे कई वैज्ञानिक और किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। कृषि विज्ञान केंद्र पीलीभीत के सभागार में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। केवीके की अनिवार्य गतिविधियों को और अधिक योजनादध और वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और समर्थन प्राप्त करने के लिए एसएसी बैठके आयोजित की जाती हैं।केवीके ने आईसीएआर के दिशा निर्देशों के अनुसार वैज्ञानिक सलाहकार समिति का गठन किया है।जिसमें आईसीआरआई संस्थानो, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, जिले के विकास विभागों, मीडिया कर्मियों,वित्त संस्थानों और प्रगतिशील किसानों और कृषक महिलाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। 2024 में हुई प्रगति और आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना पर चर्चा करने के लिए बैठक आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।केवीके प्रभारी डॉक्टर एस एस ढाका ने केवीके की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला और वैज्ञानिकों को उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया डॉक्टर ढाका ने कार्यक्रम के शुरुआत में वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का अनुमोदन, एक्शन टेकन रिपोर्ट व साल 2024 की प्रगति प्रतिवेदन और आगामी कार्य योजना वर्ष 2025 को सदन में प्रस्तुत किया डॉक्टर ढाका ने 2024 की प्रगति रिपोर्ट और वर्ष 2025 के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की है। ओएफटी,एफएलडी, क्षमता विकास और अन्य विस्तार गतिविधियों में हुई प्रगति को साझा किया गया आगामी वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्य योजना भी उनके द्वारा प्रस्तुत की गई है। डॉक्टर सौरभ तोमर विषय वस्तु विशेषज्ञ,डॉ दीपक कुमार विषय वस्तु विशेषज्ञ पशु विज्ञान ने अपने-अपने विषय से संबंधित वर्ष 2024 की प्रगति प्रतिवेदन और आगामी कार्य योजना वर्ष 2025 सदन में प्रस्तुत की मेरठ कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक डॉक्टर पी के सिंह ने अपने भाषण के दौरान केवीके वैज्ञानिकों द्वारा उठाए जाने वाले कार्य बिंदुओं को इंगित किया और पिछले वर्ष के दौरान केवीके की गतिविधियों की सराहना की है।उनकी सिफारिश मृदा परीक्षण रिपोर्ट को संकलित करने खाद्यान्न दलहन और तिलहन आदि में कीटों की समस्याओं के समाधान पर थी। डॉ पीके सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र को किसानों के लिए बहुआयामी बनाया जाए ताकि किसानों को ज्यादा तकनीकी ज्ञान हासिल हो उन्होंने बताया कि किसान एव पशु पालकों का कौशल बढ़कर उनकी आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। तथा ऐसी तकनीक का विकास करें जिसको किसान आसानी से अपना सके। डॉक्टर केजी यादव ने किसानों से किसानों के यहां संबंधित खेती प्रणाली अपनाने के लिए जोर दिया।जिससे किसान वर्ष भर आमदनी प्राप्त कर सकें। बैठक में मुख्य रूप से गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि महेश पाल,हरिशंकर, रविंद्र कुमार,प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कृषक सदस्य हरिओम, आशा देवी ,ममता सागर सहित अन्य किसानभी मौजूद रहे। बैठक में लगभग 60 से अधिक सदस्यों में भाग लिया है। और अंत में कार्यक्रम का समापन करते हुए डॉक्टर एस एस ढाका ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## चीनी मिल बंद होने से किसान परेशान, किसान नेताओं ने सीसीओ का किया घेराव

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दि किसान सहकारी चीनी मिल का 29 नवंबर को पराई सत्र का शुभारंभ किया गया था।सिर्फ एक दिन ही चीनी मिल चल सकी और कभी सर्वर तो कभी बॉयलर में प्रेशर न बनने पर चीनी मिल का पहिया थम गया। किसानों ने बताया कि लगभग एक सप्ताह तक चीनी मिल चलने की कोई उम्मीद नहीं है। इस दौरान किसानों ने मांग की जो गन्ना चीनी मिल में पहुंच गया है। उसकी तौल कर उतारा जाए। लेकिन किसानों को गन्ना बापस ले जाने को कह दिया गया। इसी के चलते वुधवार दो बजे भारती किसान यूनियन टिकैत गुट ने सीसीओ का घेराव कर किसानों का गन्ना तौल करवाकर उतारने की मांग की है।

## कर्मचारी की मृत्यु पर डीपीआरओ कार्यालय में हुई शोक सभा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी के पद पर तैनात कर्मचारी रामकुमार का हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया था। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्वर्गीय राम कुमार की आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में 2 मिनट का मौन रखकर शोक सभा का आयोजन किया गया शोक सभा में मुख्य रूप से सतीश कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी,संजय तोमर प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा है।

## शासन की मंशानुरूप होगा जनहित कार्य का कार्य : गामिनी सिंगला

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । बल्दीराय तहसील के पीरोसरैया ग्रामसभा में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें जनहित की समस्याओं को सुनकर निस्तारण की कार्यवाही की गई । बल्दीराय की उपजिलाधिकारी आईएएस गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में ग्राम सभा में चौपाल का आयोजन हुआ ।जिसमें तहसीलदार अरविंद त्रिपाठी की देखरेख में गांव की समस्या,गांव में ही समाधान के तहत ग्रामवासियों की तमाम समस्या के शिकायतपत्रों की जांच हुई और उनके समाधान के लिए मातहतों को तत्काल निर्देशित किया। उपजिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल क साथ कसेहिया ग्राम में अतिक्रमित चकमार्ग व रिजर्वलैंड गाटा संख्या 1212 तालाब व 1222 जंगलझाडी की अतिक्रमित जमीन का चिन्हांकन करवाया।

# एसपी ने मिशन शक्ति फ़ेज 5 के अन्तर्गत जनपद की विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। यूपी शासन के आदेशानुसार महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे''मिशन शक्ति'' अभियान फ़ेज 05 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी,मिशन शक्ति अभियान के मार्गदर्शन में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में मिशन शक्ति अभियान की पर्यवेक्षण अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु उपासना पांडेय के निर्देशन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों और योगदान से समाज को प्रेरित करने वाली 09 महिलाओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित महिलाओं में मुख्य रूप से रानी पदमा चंद्रा महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान में योगदान, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और गरीब बच्चियों को निशुल्क शिक्षा व उपचार प्रदान। सोनिया गोस्वामी,डॉ0 रश्मि चौधरी,अनिता जोशी,छवि सहोता,अनीता सिंह,अनीता पांडेय,विनिता सक्सेना,रंजना श्रीवास्तव आदि महिलाओं को सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह का संचालन क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु उपासना पांडेय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना,थानाध्यक्ष न्यूरिया,जनपद के सभी थानों की महिला उपनिरीक्षक,महिला कांस्टेबल उपस्थित रहीं हैं।

## साईं इंटरप्राइजेज की स्वामिनी ने अनाथ आश्रम पहुंचकर वितरण किए कम्बल



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। साईं राम इंटरप्राइजेज के द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत बाल अनाथ आश्रम से की गई साईं राम इंटरप्राइजेज की मालकिन जगदंबा देवी द्वारा यह कार्य किया गया। अभी यह 15 दिन तक जारी रहेगा साथ में उनके सुपुत्र प्रवीण चौहान, पुष्पा देवी,गीत देवी,सरला देवी ,अशरफ अली, यूनुस अली,नौशाद खान, पूर्व प्रधान वेद तिवारी, अर्पण तिवारी, नवनीत मिश्रा, राम प्रकाश तिवारी, सुबोध सिंह चौहान,विजय सिंह,ठाकुर वीरेंद्र सिंह,राकेश मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के मण्डल महामंत्री के निधन पर शोक की लहर

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी मण्डल राजाफत्तेपुर के महामंत्री के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। भाजपा नेताओं के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत करनगांव निवासी संजय मिश्रा वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी मण्डल राजा फत्तेपुर के महामंत्री थे। सोमवार को उनका स्वास्थ्य खराब हुआ परिजनों द्वारा लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर बुधवार की देर शाम उनका निधन हो गया। बताते चलें कि संजय मिश्रा के निधन से बेटी शिवानी और बेटा शुभम मिश्रा के सर से बाप का साया उठ गया और बच्चों के साथ ही पत्नी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। इसकी जानकारी मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष सत्य नारायण सिंह, सुरेन्द्र सिंह,मोहम्मद शाहिल, गिरजा शंकर तिवारी, अकील अहमद, द्वारिका नाथ शुक्ला, विपिन तिवारी, ब्रजेश कुमार मौर्या, राहुल पाठक, कुलदीप मिश्रा सहित अन्य तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

## जिला अस्पताल में लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु किया जागरुक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला अस्पताल गौरीगंज में बुधवार को लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने को लेकर वृहद स्तर पर वन स्टॉप सेन्टर अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। वन स्टॉप सेन्टर केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी ने बताया कि लिंग आधारित हिंसा से महिलाएं और लड़कियां उच्च जोखिम का सामना कर रही हैं हमारे घरों, कार्यस्थलों, रास्तों, सड़को और आनलाइन माध्यमों पर महिलाओं व लड़कियों के लिए लिंग आधारित हिंसा का शिकार होने का जोखिम बहुत अधिक है। इन समस्याओं को दूर करने हेतु हम सभी को एकजुट होकर आगे आना होगा। समाज, सरकार और व्यक्तियो के सामूहिक प्रयासों से लिंग आधारित हिंसा को समाप्त किया जा सकता हैं। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर योजना, तथा हेल्पलाइन सेवा जैसे महिला हेल्पलाइन सेवा– 181,पुलिस हेल्पलाइन सेवा –112, एम्बुलेंस सेवा– 108, स्वास्थ्य सेवा –102, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा –1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा– 1076,साइबर हेल्पलाइन सेवा –1930 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी एवं किरन सिंह काउंसलर, महिलाएं मौजूद रहीं।

## जगदीशपुर में रोजगार मेला ग्यारह दिसम्बर को होगा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज द्वारा ग्यारह दिसम्बर को पूर्वान्ह साढ़े दस बजे संजय गांधी पॉलीटेक्निक जगदीशपुर में एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा व रोजगार मेले में बारहवीं, स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार के भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करते हुये योग्यता के अनुरूप इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते है तथा रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो व बायोडाटा सहित उपस्थित होकर भाग ले सकते है।

## वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी गई दवाएं

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर वृद्धजन आवास राजगढ़ गौरीगंज में जिला अस्पताल असैदापुर के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा0 पीताम्बर कन्नौजिया व उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में उपस्थित समस्त वृद्धजनो की बीपी चेक की गयी तथा ताकत, गैस, और बुखार तथा आंख की दवा वृद्धजनों को निशुल्क प्रदान की गयी।

# हुसैनिया नौतामीर अमहट में शबीह ताबूत का जुलूस आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी जनाबे फातमा जहरा के शहादत के मौके पर 3दिसम्बर से 6दिसंबर 2024तक सुलतानपुर के सभी शिया इलाकों में मजलिस का दौर जारी है।तुराबखानी के इमाम बाड़े में मजलिस मौलाना इमाम हैदर बम्बई ने खेताब किया ।

आज रात 8बजे अंजुमन असगरिया अमहट की तरफ से हुसैनिया नौतामीर अमहट में एक मजलिस होगी जिसमें पेशख्वानी जोहेर अकबरपुरी आरिफ रजा लखनऊ अंसार सुलतानपुरी आबिस रजा सुलतानपुरी संचालन मौलाना फैज अब्बास मौलाना जीशान हैदर करेंगे और मजलिस मौलाना रेहान हैदर जैदी आस्ट्रेलिया पढ़ेंगे इसके बाद अमहट की सभी अंजुमने नौहा मातम करेंगी और जनाबे फातमा जहरा सलामुल्लाह अलैहा के शबीह ताबूत का जुलूस हुसैनिया नौतामीर से उठकर जामा मस्जिद अमहट पर खत्म होगा दौराने जुलूस मौलाना मोहम्मद जाफर खान मौलाना मौलाना सैयद मोहम्मद आबिद मुजफ्फर नगर तकरीर करें गे मंगलवार की रात में मौलाना जायर हसन की तरफ से हुसैनिया बादल खां अमहट में एक मजलिस हुई जिसे मौलाना सैयद तहकीक हुसैन रिजवी गुजरात ने खेताब ''पढ़ा'' किया उन्होंने कहा कि जनाबे फातमा जहरा मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी थीं जिसे मोहम्मद साहब अपने दिल का टुकड़ा कहते थे जब फातमा जहरा की शादी का समय आया तो खुदाने मोहम्मद साहब को आदेश दिया कि फातमा की शादी मेरे आदेश से होगी और खुदा ने कहा ऐ मेरे पैगम्बर अरब के लोगों से कहदो कि एक निर्धारित समय पर आसमान से एक तारा उतरेगा जिसके घरपर उतरेगा उसी के साथ फातमा की शादी होगी। इस प्रकार अरब के लोग अपना घर सजाये बैठे थे आसमान से सितारा चला और पूरे अरबका चक्कर लगाता हुआ अली के घरपर उतरा और फातमा जहरा की शादी मौला अली अलैहिस्सलाम के साथ हुई जनाबे फातमा जहरा की माँ का नाम जनाबे खदीजतुल कुबरा था जो अरब की मलका थीं जिना अरब में शासन था ।यह जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

## डीसीओ ने गन्ना क्रय केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण, मचा हड़कंप

पूरनपुर। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने एलएचचीनी मिल पीलीभीत के गन्ना क्रय केंद्र ढक्का चाट प्रथम का निरिक्षण किया। निरीक्षण में उपस्थित किसानो से वार्ता की गयी।किसानो द्वारा हायल पर्ची समय से प्राप्त न होने की शिकायत की है। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा किसानो को आश्वासन दिया गया कि उनकी समस्या का समाधान अतिशीघ्र कर दिया जायेगा। सामान्य इंडेंट के साथ साथ किसानो को हायल पर्ची का इंडेंट भी प्राप्त होगा। सुदेश कुमार यादव तौल लिपिक द्वारा बताया गया कि अब तक क्रय केंद्र पर 6737.71 कुं गन्ना खरीद की जा चुकी है।मौके पर उपस्थित किसानो से साफ सुथरा,जड़,पत्ती व अगोला रहित गन्ना चीनी मिल मे आपूर्ति हेतु अनुरोध किया गया।किसान भाई अपनी पर्ची पर गन्ना लाये।बिना पर्ची के गन्ना लाकर क्रय केंद्र पर न खड़ा करे। एसएमएस पर्ची प्राप्त होने पर ही गन्ने की कटाई करे।निरिक्षण के समय राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत,गन्ना किसान मो. उमर,विवेक कुमार,अमजद व अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# हिंदुओं पर अत्याचार

अगर आप हिंदू हैं और बांग्लादेश में रहते हैं तो यह धरती पर नर्क की जीवित परिभाषा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ किए गए जघन्य अपराध दुनिया भर के सभी हिंदुओं के लिए एक चेतावनी हैं। तथाकथित मानवतावादी समूह या विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियाँ, विशेष रूप से कई बॉलीवुड सितारे, गाजा, सीरिया, लेबनान में जो कुछ हो रहा है उसका विरोध करने के लिए समय निकालते हैं लेकिन पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान और अब बांग्लादेश में हिंदू अत्याचार के खिलाफ कभी विरोध करते नहीं दिखाई देते हैं। हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान का अत्याचार खत्म नहीं हो रहा। हालाँकि हमने 1921 का मोपला नरसंहार या 1990 का कश्मीर हिंदू नरसंहार नहीं देखा है लेकिन हम अफ़गानिस्तान और बांग्लादेश में रोज़ाना हिंदू अपराधों को देख रहे हैं। नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस की नाक के नीचे हो रहे अत्याचार बाकी दुनिया के लिए चेतावनी है कि कैसे एक आतंक समर्थक और मानवता विरोधी व्यक्ति को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मोहम्मद यूनुस शांतिदूत नहीं बल्कि मानवता का कत्लेआम करने वाले हैं। क्या उनका नोबेल पुरस्कार रद्द कर दिया जाना चाहिए? कैसे अमेरिका का डीप स्टेट मोहम्मद यूनुस का इस्तेमाल बांग्लादेश और हिंदुओं को अपने स्वार्थ के लिए कमजोर करने के लिए कर रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प इन डीप स्टेट तत्वों के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई करेंगे। पाकिस्तान, बांग्लादेश का अब तक का सबसे बड़ा दुश्मन है लेकिन पाकिस्तान के साथ यूनुस का संबंध आतंकवादियों के प्रति उनकी सहानुभूति और भारत विरोधी रुख को दर्शाता है। हिंदू संतों, पेशेवरों और व्यापारियों ने बांग्लादेश के सामाजिक और आर्थिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत की, कठिन समय के दौरान बड़ी संख्या में मुसलमानों की सहायता की। हालाँकि, इन्हीं व्यक्तियों को क्रूरता से प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। हिंदुओं को वास्तव में इस पैटर्न और वैचारिक पहलुओं को समझना चाहिए; सरल शब्दों में कहें तो, ''शत्रुबोध'' महत्वपूर्ण है। हिंदुओं के खिलाफ अपराधों को लेकर कई राजनीतिक दलों, विशेष रूप से कई इंडी गठबंधन दलों की चुप्पी हिंदुओं को स्पष्ट संदेश देती है- आप इन पार्टियों के लिए चुनावी उपकरण से ज्यादा कुछ नहीं और यदि आप इन ताकतों के खिलाफ एकजुट नहीं होते हैं तो आप फिर गुलाम हो जाएंगे। क्या ये पार्टियां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का मौन समर्थन कर रही हैं? क्या हिंदुओं ने कभी बॉलीवुड हस्तियों को हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की आलोचना करते सुना? केवल कुछ ही ने। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र करोड़ों हिंदुओं का घर है। हालाँकि, बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ मुस्लिम कट्टरपंथियों की बर्बरता भरी हिंसा के बारे में चिंता या घृणा की आवाज़ें बहुत कम हैं। भारत में कुछ मीडिया आउटलेट इस तरह के अत्याचार पर चर्चा या हाइलाइट कर रहे हैं। याद रखें, हमने कभी किसी के साथ गलत नहीं किया और भविष्य में ऐसा कभी नहीं करेंगे हालाँकि, हमारा अस्तित्व पूरी तरह से एकता को मजबूत करने, किसी भी अत्याचार के खिलाफ एकजुट होने, बचपन से आत्मरक्षा तकनीकों सहित सनातन संस्कृति को आत्मसात करने और धर्मांतरण से लड़ने पर निर्भर है। यह समय है कि संपूर्ण संत समुदाय, लाखों अनुयायियों के साथ मिलकर दुनिया को दिखाए कि हम हिंदुओं के साथ किसी भी तरह का अन्याय या मानवता के खिलाफ कुछ भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दुनिया को व्यापक भलाई के लिए हिंदुओं की शक्ति देखने दें। सनातन धर्म किसी धर्म विरोधी नहीं है बल्कि इसमें मानवता के लिए काम करके विश्व शांति को बढ़ावा देने की क्षमता है। सनातन धर्म का नुकसान मानवता और वैश्विक शांति के लिए नुकसान है। इसलिए, दुनिया में हर कोई जो शांति चाहता है, उसे यूनुस सरकार और उसके लोगों द्वारा हिंदुओं के खिलाफ किए गए अपराधों की कड़ी निंदा और कारवाई करनी चाहिए। यूनुस को यह समझने दें कि वह डीप स्टेट के समर्थन से मानव जाति के खिलाफ काम नहीं कर सकता। ब्रिटिश कंजर्वेटिव सांसद बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अपराधों के साथ इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को जेल में डालने की निंदा करते हुए कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों को सताया नहीं जाना चाहिए। ब्लैकमैन ने ब्रिटेन की संसद में इस मामले को उठाया, जिसमें अल्पसंख्यक हिंदू आबादी की दुर्दशा को उजागर किया गया।

# कट्टरपंथी संगठन चला रहे बांग्लादेश की सरकार

**बांग्लादेश में जिस प्रकार हिन्दुओं और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, यह सामान्य नहीं है। यह सबकुछ आतंकी और कट्टरपंथी संगठनों की योजना से हो रहा है। हमलों से स्पष्ट है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार नाममात्र की है। परदे के पीछे इसका संचालन कट्टरपंथी संगठन कर रहे हैं। इसकी झलक उसी दिन मिल गई थी जब सरकार संभालते ही मोहम्मद युनुस ने कुछ आतंकी संगठनों से प्रतिबंध हटाया था। इन सभी आतंकी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान और चीन, दोनों का हाथ है इसीलिए यूनुस सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। इन कट्टरपंथी संगठनों में जमात-ए-इस्लामी, जमात-उल-मुजाहिदीन, मुस्लिम ब्रदरहुड और हिफाजत-ए-इस्लाम शामिल हैं। मीडिया की खबरों के अनुसार ढाका के इस्कान मंदिर पर हमले का आदेश हिफाजत-ए-इस्लाम ने दिया था।**

बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ आतंकवादी और कट्टरवादी संगठन एकजुट हो गये हैं। हिन्दुओं पर धर्मान्तरण का दबाब बनाया जा रहा है। चटगाँव में तो एक हिन्दु परिवार को अंतिम संस्कार करने से भी रोका गया। इन कट्टरपंथी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान का हाथ है। जबकि चीन ने कट्टरपंथ इस्लामिक प्रतिनिधियों को अपने यहाँ दावत पर बुलाया है।

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के साथ हिन्दुओं पर हमले आरंभ हो गये थे जो अब चार महीने बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहे। हिन्दुओं के धर्मस्थलों पर लगातार हो रहे हमलों में बांग्लादेश में सक्रिय आतंकवादी संगठन, इस्लामिक धर्मगुरु और मुस्लिम कट्टरपंथी एकजुट हैं। इन्हें कथित साम्यवादी शक्तियों का भी समर्थन है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध यह गठबंधन ठीक उसी प्रकार है जैसे अगस्त 1946 मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन के समय देखा गया था। हिन्दुओं पर हमलों का वह दौर भी लंबा चला था और बंगाल व पंजाब में हिंसा भारत विभाजन तक जारी रही थी। वैसी ही हिंसा अब दिख रही है। गाँव-बस्ती की बात नहीं बांग्लादेश की जेलों में बंद हिंदू भी सुरक्षित नहीं रहे। जेल के भीतर भी हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आ रहीं हैं।

हसीना सरकार के कार्यकाल में बांग्लादेश की विभिन्न जेलों में लगभग 700 आतंकवादी बंद थे, जो रिहा कर दिये गये। लगता है हिन्दुओं पर हमलों की यह तैयारी बहुत पहले से कर ली गई थी। इसकी किसी को भनक तक न लगी। बंगलादेश में सत्ता परिवर्तन का अभियान छात्र आंदोलन के नाम पर आरंभ हुआ था जिसमें हिन्दू छात्र भी सम्मिलित थे। लेकिन जैसे ही शेख हसीना ने बांग्लादेश देश छोड़ कर भारत में शरण ली, उसी दिन से हिंदुओं पर हमले शुरू हो गये। सबसे पहले भीड़ ने उन हिन्दू छात्रों को निशाना बनाया था जो आंदोलन में शामिल थे। उसके बाद नगरों और गांवों में हिन्दुओं पर हमले शुरू हुये। इन चार महीनों में हमलों की कितनी घटनाएँ हुईं इसका सही आंकड़ा नहीं है, चूंकि अधिकांश स्थानों पर स्थानीय पुलिस हमलावरों से मिली होती है। मीडिया में ढाका से कुछ वीडियो तो ऐसे भी आये जिनमें पुलिस की ड्रेस पहने व्यक्ति भी लूटपाट करते और महिलाओं को घसीटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, चटगाँव के एक वीडियो में भीड़ ने हिन्दुओं को मृतक का अंतिम संस्कार करने से रोका और हिन्दू परिवार को अपने परिजन का अग्निदाह के बजाय उन्हें धरती में दफ्न करना पड़ा। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ऐसे अमानवीय और क्रूरतम हमलों की कहानी बयान करने वाले कई वीडियो सामने आये हैं। इनमें से कुछ तो भारत के राष्ट्रीय चैनलों ने दिखाये भी गए हैं। इससे भारत में विरोध के स्वर उभरे तो अब बांग्लादेश सरकार ने ऐसी वीडियो पर रोक लगा दी है। पिछले तीन-चार दिनों से ऐसे वीडियो भारत नहीं आ पा रहे लेकिन हिन्दुओं पर हमलों घटनाएँ निरंतर घट रही हैं।

बांग्लादेश में जिस प्रकार हिन्दुओं और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, यह सामान्य नहीं है। यह सबकुछ आतंकी और कट्टरपंथी संगठनों की योजना से हो रहा है। हमलों से स्पष्ट है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार नाममात्र की है। परदे के पीछे इसका संचालन कट्टरपंथी संगठन कर रहे हैं। इसकी झलक उसी दिन मिल गई थी जब सरकार संभालते ही मोहम्मद युनुस ने कुछ आतंकी संगठनों से प्रतिबंध हटाया था। इन सभी आतंकी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान और चीन, दोनों का हाथ है इसीलिए युनूस सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। इन कट्टरपंथी संगठनों में जमात-ए-इस्लामी, जमात-उल-मुजाहिदीन, मुस्लिम ब्रदरहुड और हिफाजत-ए-इस्लाम शामिल हैं। मीडिया की खबरों के अनुसार ढाका के इस्कान मंदिर पर हमले का आदेश हिफाजत-ए-इस्लाम ने दिया था। वहीं, जमात-ए-इस्लामी ने बांग्लादेश के हिन्दू मंदिरों को तोड़ने की खुली घोषणा कर रखी है। जमात-ए-इस्लामी के बारे में माना जाता है कि यह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करता है और इसका नेटवर्क भारत में भी है। जबकि जमात-उल-मुजाहिदीन पूरे बांग्लादेश में फैला है। बताया जाता है कि इस संगठन में दस हजार लड़ाके और एक लाख से अधिक कट्टरपंथी जुड़े हैं। इससे जुड़े लोगों में आधुनिक उच्च शिक्षित युवाओं से लेकर धर्मगुरु तक शामिल हैं। इस संगठन ने एक ऐसी विंग बना रखी है जिसके सदस्य अलग-अलग राजनीतिक दलों और एनजीओ में जुड़े हैं। इस संगठन के बारे में यह भी कहा जाता है भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर करने के लिये भारत में ड्रग्स और नकली नोटों का कारोबार भी करता है। इन सभी संगठनों के लोग खुलेआम सड़कों पर देखे जा रहे हैं और हिन्दुओं पर हमलों के लिये उकसा रहे हैं। जिस प्रकार भारत में वामपंथी संगठन सनातन पर हमला करने वालों को समर्थन देते हैं, उसी प्रकार बांग्लादेश में सक्रिय कथित वामपंथी संगठन और साम्यवादी चीन भी इन कट्टरपंथियों का खुल कर समर्थन कर रहा है। पिछले दिनों बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन ने ढाका में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया इसमें बंगलादेश के सभी इस्लामिक संगठनों को आमंत्रित किया। इनमें अधिकांश वे थे, जिनके हिन्दुओं पर हमला करने के लिये उकसाने वाले वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें एक प्रमुख नाम बांग्लादेश के जमात-ए-इस्लामी प्रमुख शफिकुर्रहमान का है। हिन्दुओं पर हो रहे हमलों को जमात-ए-इस्लामी जुड़े लोगों का हाथ भी माना जाता है। यह



संगठन पाकिस्तान समर्थक है। शेख हसीना की सरकार ने इसपर बैन लगा दिया था। यूनुस सरकार ने पदभार संभालते ही जमात-ए-इस्लामी सहित मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे उन सभी कट्टरपंथी संगठनों से प्रतिबंध हटा लिया जिनपर पिछली सरकार ने प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन द्वारा ढाका में बुलाये गये सम्मान समारोह में इन सभी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसी बैठक में इन सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को चीन यात्रा का निमंत्रण दिया गया। यह निमंत्रण चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से था। यह निमंत्रण पर बांग्लादेश से इस्लामिक संगठनों का चौदह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चीन यात्रा पर रवाना हो गया। जो इसी सप्ताह लौटने वाला है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जमात-ए-इस्लामी के केंद्रीय नायब-ए-अमीर और पूर्व संसद सदस्य सैयद अब्दुल्ला मोहम्मद ताहिर कर रहे हैं। इनके अतिरिक्त इसमें खलीफा मूवमेंट, खलीफा काउंसिल, इस्लामिक ऑर्डर पार्टी के प्रमुख सदस्य भी शामिल हैं। बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी तथा इस्लामिक संगठनों के प्रतिनिधियों को पहली बार चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने आमंत्रित किया है। इससे पहले पिछले बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चीन यात्रा करके लौटा है। इस प्रतिनिधिमंडल को भी चीन की सत्ता रूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने ही आमंत्रित किया था । बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ये हमले केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहने वाले। ये भारत के लिये नई चुनौती की दस्तक दे रहे हैं। जिन आतंकी संगठनों के इशारे पर बांग्लादेश में हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है उनमें से कुछ का गुप्त नेटवर्क भारत में भी है, दूसरा इन संगठनों को चीन का भी समर्थन है। बांग्लादेश के कथित छात्र आंदोलन की तरह भारत में शासन व्यवस्था को भीड़ तंत्र में बदलने के प्रयास होने लगे हैं। जिस प्रकार बांग्लादेश पाकिस्तान और चीन से हथियार एकत्र कर रहा है, वह भी साधारण नहीं है। इसे देखकर न केवल भारत सरकार अपितु भारत के प्रत्येक सामान्य जन को अतिरिक्त सतर्कता की आवश्यकता है।

रमेश शर्मा

# वाहनों की पार्किंग की बड़ी समस्या से जूझते शहर

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत में वाहन पार्किंग की समस्या महत्त्वपूर्ण शहरी चुनौती है, जो न केवल यातायात के प्रवाह को प्रभावित करती है, बल्कि शहरी जीवन के मूल ढांचे को भी प्रभावित करती है। यह समस्या तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बढ़ते वाहन स्वामित्व और पुराने शहरी नियोजन के घालमेल से पैदा होती है, जो महानगरीय क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए जटिल दुविधा पैदा करती है। शहरों के विस्तार और वाहनों के स्वामित्व के अधिक सुलभ होने के साथ भारतीय शहरी केन्द्रों को वाहनों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिज़ाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी और उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। संकरी गलियाँ और मिश्रित भूमि उपयोग के कारण पार्क किए गए और चलते वाहनों के भार से दबाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, पार्किंग नियमों का ढीला-ढाला क्रियान्वयन तथा गैर-अनुपालन के प्रति सांस्कृतिक प्रवृत्ति स्थिति को और बिगाड़ देती है, जिससे शहरी स्थान अव्यवस्थित हो जाते हैं।

पार्किंग की समस्या का सीधा कई क्षेत्रों पर पड़ता है। बेशुमार गाड़ियों के जाम से यात्रा का समय बढ़ जाता है, प्रदूषण स्तर बढ़ता है तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आती है। पैदल चलने वालों को विशेष रूप से परेशानी होती है क्योंकि पार्क किए गए वाहन अक्सर पैदल चलने के रास्तों पर अतिक्रमण कर लेते हैं। उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ता है और उनकी सुरक्षा से समझौता होता है। आर्थिक दृष्टि से पार्किंग की कमी स्थानीय व्यवसायों को भी प्रभावित करती है क्योंकि भीड़भाड़ वाली सड़कें ग्राहकों को आकर्षित नहीं करती। पार्किंग स्थल की उच्च मांग से अचल संपत्ति की लागत भी बढ़ जाती है, जिससे हरित स्थलों की क़ीमत पर पार्किंग अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने से शहरी विस्तार और पर्यावरण क्षरण को बढ़ावा मिलता है। भारत में मोटर वाहनों से सम्बंधित मामले केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि भारत के शहरों के लिए वाहनों की बढ़ती भीड़ एक बड़ी समस्या है लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रतिबंध लगने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि इसकी आर्थिक और रोज़गार देने की क्षमता काफ़ी ठीक है जो भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। सभी पांच शहरों की पार्किंग नीतियाँ कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर सहमत होती दिखती हैं। वे इस बात पर एकमत हैं कि पार्किंग मुफ़्त नहीं हो सकती और जहाँ भी सार्वजनिक स्थान का उपयोग किया जाता है, वहाँ शुल्क लिया जाना चाहिए क्योंकि 'मुफ़्त पार्किंग' की अवधारणा टिकाऊ नहीं है।

पार्किंग समस्या के समाधान के लिए व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जिसमें पर्याप्त पार्किंग अवसंरचना का विकास, स्मार्ट पार्किंग प्रौद्योगिकियों को अपनाना और पार्किंग विनियमों का प्रवर्तन शामिल हो। उदाहरण के लिए, पार्किंग क्षेत्रों को परिभाषित करना और वाहन पहचान सेंसर और स्वचालित लाइसेंस प्लेट पहचान जैसी तकनीक का उपयोग करके पार्किंग प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। इसके अलावा, भूमि मूल्य और भीड़भाड़ के आधार पर पार्किंग शुल्क को समायोजित करके भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक वाहन उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है। बुनियादी ढांचे के समाधान के अलावा, सार्वजनिक परिवहन और टिकाऊ शहरी गतिशीलता प्रथाओं को बढ़ावा देने से पार्किंग दबाव कम हो सकता है। सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल चलने के उपयोग को प्रोत्साहित करने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे पार्किंग स्थलों की मांग कम हो सकती है।

यह जरूरी नहीं है कि अच्छा सार्वजनिक परिवहन यातायात की भीड़ को काफी कम कर दे। भीड़भाड़ की स्थिति में सुधार करने के लिए, शहरों को निजी कारों के स्वामित्व और उपयोग के कार्यात्मक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लक्षित करने वाली गतिविधियों के साथ ही अपनी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को बेहतर बनाने के प्रयासों को मिलाकर काम करना होगा।

## सेहत मंत्र

# एंटीबायोटिक्स से हो सकेगा अपेंडिसाइटिस का इलाज, नहीं पड़ेगी ऑपरेशन की जरूरत: शोध

अपेंडिसाइटिस जिसे कुछ लोग अपेंडिक्स भी कहते हैं, पेट की एक गंभीर समस्या है। अपेंडिसाइटिस होने पर मरीज को असहनीय दर्द होता है और परेशानी होती है। अब तक अपेंडिसाइटिस का इलाज ऑपरेशन द्वारा ही किया जाता है मगर आने वाले दिनों में इस रोग का इलाज एंटीबायोटिक दवाओं से किया जा सकता है। हाल में हुए एक शोध में इस बात का दावा किया गया है कि अब अपेंडिसाइटिस की समस्या होने पर मरीज के अपेंडिक्स को निकालने की बजाय एंटीबायोटिक दवाओं के द्वारा इसे ठीक किया जा सकेगा। टुर्कू यूनिवर्टिसिटी हॉस्पिटल की सर्जन और शोधकर्ता डॉ. पॉलिना सेलमिनेन ने बताया कि 'अपेंडिसाइटिस के ज्यादातर मामले गंभीर नहीं होते, बावजूद इसके अब तक उसके इलाज के लिए अभी तक ऑपरेशन द्वारा अपेंडिक्स को निकालना पड़ता है। मगर अब ऑपरेशन की जरूरत केवल उन्हीं मामलों में पड़ेगी, जिनमें अपेंडिक्स के फटने की आशंका हो।' उन्होंने कहा कि 'एंटीबायोटिक थेरेपी पूरी तरह सुरक्षित है।' उन्होनें यह भी कहा कि अपेंडिसाइटिस के केवल 20-30 प्रतिशत मरीजों को ही ऑपरेशन की जरूरत होती है जबकि 70-80 प्रतिशत मामलों को सिर्फ एंटीबायोटिक्स के द्वारा ही ठीक किया जा सकता है। इस शोध के लिए अपेंडिसाइटिस के 273 मरीजों को चुना गया, जिनमें से 257 मरीजों का इलाज एंटीबायोटिक्स के द्वारा सफलतापूर्वक कर दिया गया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन मरीजों का इलाज एंटीबायोटिक्स द्वारा किया गया था, उन्हें इलाज के 5 साल बाद भी ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ी। ये रिपोर्ट 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिशन ' में छापी गई है। दो साल से कम उम्र के बच्चों में यह रोग बहुत कम होता है, लेकिन इसके बाद पच्चीस वर्ष तक की आयु के किसी भी स्त्री या पुरुष को ये समस्या हो सकती है, यह समस्या वृद्ध लोगों में कम होती है। इससे प्रभावित व्यक्ति में शुरुआत में पेट में बीच के हिस्से में बार-बार तेज़ दर्द होता है। और फिर ये दर्द पेट में दाहिनी ओर उठने लगता है और कई बार तो असहनीय हो जाता है।

## धर्म मंत्र

# विष्णु जी की पूजा में पढ़िए इस मंत्र को तो भक्त ध्रुव की तरह दूर होंगे संकट

बृहस्पतिवार को भगवान विष्णु की पूजा में उनके इस मंत्र का जाप करें। ये द्वादश अक्षर मन्त्र विष्णु भक्त ध्रुव ने पढ़ा तो उनके सब संकट दूर करने स्वयं गए थे भगवान। ध्रुव ने जपा था ये मंत्रः बृहस्पतिवार को भगवान विष्णु की पूजा से सभी भौतिक सुख प्राप्त होते हैं। विशेष रूप से नौकरी या व्यवसाय में पद और तरक्की के लिए इस दिन विष्णु जी की पूजा बहुत शुभ व प्रभावी मानी गई है। पौराणिक कथाओं की मानें तो भक्त ध्रुव ने अद्भुत विष्णु भक्ति से ही ऊंचा पद व यश पाया, जिसके लिए उन्होंने द्वादश यानी बारह अक्षर के मंत्र से भगवान का विष्णु स्मरण किया था। महामंत्र है येः द्वादश अक्षर मन्त्र केवल मन्त्र नहीं भगवान विष्णु का महामन्त्र है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि इस महामन्त्र के प्रभाव से साधक मनवांछित फल की प्राप्ति कर सकता है। विशेष बात ये है कि इस महामन्त्र का जाप करने के लिए पौराणिक शास्त्रों व ग्रंथो में कोई विशेष निषेध या प्रतिबंध नहीं बताया गया है। स्त्री-पुरुष कहीं भी, कभी भी द्वादश अक्षर मन्त्र का जाप कर के विष्णु जी की कृपा व स्नेह प्राप्त कर सकता है। क्या है द्वादश अक्षर मन्त्र : ऊं नमो भगवते वासुदेवाय, यही है वो द्वादश अक्षर मन्त्र जिसका सम्पूर्ण विधि विधान के साथ जाप किया जाये तो संसार की कोई भी उपलब्धि प्राप्त की जा सकती है। कहते हैं कि इस मंत्र के 12 लाख जप किये जाय तो संसार की समस्त सुख सुविधाओं के साथ शान्ति भी प्राप्त हो सकती है। यह मन्त्र परम कल्याणकारी सिद्ध होता है।

पर्यटन



# 4,600 फीट की ऊंचाई पर बना है दुनिया का यह सबसे लंबा ग्लास ब्रिज

कुछ लोगों को एडवेंचर का बहुत शौक होता है, जिसके कारण वो पहाड़ों पर जाना पसंद करते है। अगर आपको भी एडवेंचर का शौक है तो आज हम आपको एक ऐसे पुल के बारे में बताएंगे जहां आप अपने इस शौक को पूरा कर सकते है। चीन में बना यह पुल काफी ऊंचाई पर बना है, जिसके नीचे एक गहरी खाई दिखाई देती है और यही लोगों के डर और एडवेंचर का कारण बना हुआ है। अगर आप भी कुछ एडवेंचर्स करने की सोच रहे हैं तो इस पुल पर जाकर आप अपने शौक को पूरा कर सकते हैं। आइए जानते है ऐसा क्या खास है इस ग्लास बॉटम ब्रिज में। समुद्र तल से करीब 4,600 फीट पर बने चीन के इस ग्लास बॉटम ब्रिज से नीचे गहरी खाई दिखाई देते हैं, जिसके कारण लोग इसपर डर-डर के चलते हैं। तियानमेन माउंटेन पर बना यह पुल 100 मीटर लंबा और 1.6 मीटर चौड़ा है। लोगों में लोगों में रोमांच पैदा करने वाले इस ब्रिज को बनाने के लिए 1077 पारदर्शी शीशों का इस्तेमाल किया गया है, जिसका करीब 70 हजार किलोग्राम है। इस ब्रिज की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये ब्रिज लहराता (स्विंगिंग) है। कंपनी का मानना है कि इसका स्विंगिंग मोशन यहां आने वाले विजिटर्स को अट्रैक्ट करेगा। इस ग्लास ब्रिज को पहाड़ पर बनी तियानमेन गुफा तक पहुंचने के लिए बनाया जाता है। हालांकि इस गुपा तक पहुंचने के लिए बहुत से लोग ट्रैकिंग भी करते हैं लेकिन आजकल तो इस ब्रिज से जाना भी लोगों के लिए एडवेंचर बन गया है। इस ग्लास ब्रिज से आप तियानमेन पहाड़ी की घाटी का खूबसूरत नजारा साफ देख सकते हैं। इस ब्रिज पर चलते समय नीचे लगा कांच दरकने लगता है और लोगों को भागने पर वह पूरी तरह चूर-चूर हो जाता है। दरअसल यह एक मजाक है, जिससे लोगों के ट्रिप को और भी एडवेंचर्स बनाया जाता है। इस ग्लास ब्रिज में कांच की दो पर्तें एक के ऊपर एक लगी हैं। जब लोग इसपर चलते है तो कांच दरकने और धंसने लगता है लेकिन वो टूटता

# करोड़ों की धोखाधड़ी करने में एलयूसीसी कंपनी के पांच एजेंट भेजे गए जेल

## पासबुक लैपटॉप प्रिंटर बांड बरामद जांच जारी दरियाबाद से तीन तो टिकैतनगर से हुई दो एजेंटों की गिरफ्तारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




दरियाबाद बाराबंकी । टिकैतनगर व थाना दरियाबाद पुलिस द्वारा फर्जी कम्पनी एल्यू के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले पांच शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से लैपटाप, मोबाइल फोन व एक अदद स्कूटी व पासबुक एवं अन्य कागजात बरामद करते हुए अभियुक्तों को न्यायलय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा दिया गया है । जानकारी के अनुसार वादी आतिफ पुत्र ताज मोहम्मद निवासी बड़नपुर थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी ने थाना दरियाबाद पर तहरीर दिया कि गुलचप्पा कला थाना दरियाबाद के रहने वाले राजेश कुमार व उसका भाई विनोद कुमार व संतोष पुत्रगण भवानीदीन गुप्ता द्वारा वर्ष 2022 से द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट एंड थिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एलयूसीसी) में पैसा जमा कराने को लेकर उनके व 03-04 सौ अन्य लोगों को ज्यादा पैसा मिलने का प्रलोभन देकर एलयूसीसी कम्पनी में करोड़ों रूपये जमा कराये तथा अपने अन्य एलयूसीसी कम्पनी के अधिकारियों के साथ मिलकर फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज दिखाकर धोखाधड़ी किए है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत राजेश कुमार आदि एक दर्जन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया । पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी रामसनेही घाट श्री जटाशंकर सिंह के पर्यवेक्षण में आज को अभियुक्तगण . राजेश कुमार पुत्र भवानीदीन गुप्ता, विनोद कुमार पुत्र भवानीदीन गुप्ता, संतोष कुमार पुत्र भवानीदीन निवासीगण ग्राम गुलचप्पा कला थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी को किन्हौला नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से तीन अदद लैपटाप, एक अदद मोबाइल फोन, एक अदद स्कूटी पासबुक व कंपनी के कागजात, एक अदद प्रिन्टर ,एक अदद मानिटर, एक अदद डीवीआर, 9 अदद कुर्सियां, इनवर्टर मय बैटरा, कंपनी का फ्लैशबोर्ड, एक अदद टेबल, कंपनी के अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किया गया। आरोपी कंपनी के एजेंड बनाए जा रहे है इन्होंने ही लोगों को स्कीम , अधिक पैसों का लालच देकर कंपनी में पैसे लगवा दिया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । पुलिस जांच कर रही है इसके जनपद भर के समूचे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा। टिकैतनगर पुलिस ने भी इसी प्रकरण से संबंधित एलयूसीसी के दो एजेंटों को जेल भेजा है । इन्होंने भी निवेशकों का लाखों रुपए कंपनी में जमा करवाए थे । जानकारी के अनुसार पुलिस ने अर्जुन साहू , गया प्रसाद को जेल भेजा है ।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में निशुल्क दवाएं वितरित

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज़ैदपुर के ओपीडी में बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल सफ़ेदाबाद के पांच विशेषज्ञों की टीम द्वारा निःशुल्क सेवा प्रदान करते हुए क्षेत्र के मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा बेहतर उपचार हेतु निशुल्क दवाइओं का वितरण किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज़ैदपुर में डॉक्टर देवेंद्र नेगी के नेतृत्व में पांच विशेषज्ञों की टीम जिसमें सर्जन विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र मल्होत्रा, स्त्री रोग विशेषज्ञ निधि सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ आशुतोष कुमार, अस्थि रोग विशेषज्ञ सौरभ, फिजिशियन अभिषेक अग्रवाल द्वारा ग्रामीण अंचलों सेआए मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सुशील कुमार सरोज ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने को लेकर बुधवार को विशेषज्ञों की टीम द्वारा क्षेत्र से आने वाले मरीजों को स्वास्थ परिक्षण के साथ-साथ बेहतर दवाओ का वितरण किया गया।

## बीडीओ की मौजूदगी में हुई चौपाल में महिला से हुई ,हाथापाई पुलिस जांच में जुटी

रामसनेही घाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। असंद्रा थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के प्रधान रामकरन ने बुधवार को दोपहर बाद समर्थकों के साथ थाने पहुंचकर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है ।पुलिस आरोपों की जांच कर रही है । थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के प्रधान रामकरन अपने कई समर्थकों को लेकर असंद्रा थाने पहुंचे ।पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही कुछ लोगों पर अपने समर्थकों की पिटाई करने का आरोप लगाया । शिकायत कर्ता वंशराज पुत्र माता प्रसाद के अनुसार एक दिन पूर्व गांव में बीडीओ बनीकोड़र की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया था ।चौपाल में हो रही चर्चा के दौरान रामकेतार,अमरसिंह आदि ने एक महिला के साथ हाथपाई की ।जिसमें कई लोगों ने दौड़कर बीच बचाव कराया था ।आरोप है कि बीच - बचाव कराने से नाराज उक्त लोगों ने बाद में वंशराज , रंजीत कुमार और सुरेंद्र की भी पिटाई कर दी ।बुधवार को प्रधान के साथ थाने आए पीड़ित वंशराज ने मामले की शिकायत की ।इस संबंध में इंस्पेक्टर असंद्रा जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि एक पक्ष की शिकायत पर मंगलवार को देर शाम मुकदमा दर्ज हुआ था । बुधवार को दूसरे पक्ष ने भी शिकायत की है ।शिकायत की जांच की जा रही है ।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या की कार में इनोवा ने मारी टक्कर, ड्राइवर को आई मामूली चोट

## दुर्घटना के दौरान कार में मौजूद नहीं थी आईएएस काव्या, पुलिस ने इनोवा के चालक पर दर्ज किया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकी । बुधवार की दोपहर रामसनेहीघाट की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी की सरकारी टीयूवी कार में इनोवा ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे टीयूवी कार क्षतिग्रस्त हो गई। दरियाबाद के पास जेठौती कुर्मियान गांव के पास बुधवार को निरीक्षण कर लौट रहे काफिले में सामने से आ रही इनोवा कार ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे कार ड्राइवर को छोटे आई है जबकि काव्या उस दौरान गाड़ी में मौजूद नहीं थी । उक्त प्रकरण की शिकायत ड्राइवर पंकज यादव निवासी बहादुरपुर ने कोतवाली दरियाबाद में प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी। ड्राइवर ने बताया कि इनोवा कार संख्या यूपी 32 बीएम 9406 सामने से आकर ज़ोरदार टक्कर मार दिया जिससे गाड़ी का दाहिना हिस्सा छतिग्रस्त हो गया है। और मुझे हल्की चोट भी आई है इस दौरान आईएएस काव्या गाड़ी में नहीं थी । इनोवा कार चालक मोहआसिफ (19) मुस्तफ़ाबाद जरवल जिला बहराइच को मौके पर पकड़ लिया गया है। जिसको पुलिस कोतवाली लेकर गई है।

इस मामले में कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनोवा कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है। किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

# एससीईआरटी के तत्वाधान में परख सर्वेक्षण परीक्षा सकुशल संपन्न

## विकास खंड स्तर पर हुई परीक्षा में सम्मिलित हुए 3476 परीक्षार्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । बुधवार को जिले के 122 विद्यालयों की 132 कक्षाओं में परख सर्वेक्षण (नेशनल अचीवमेंट सर्वे) सकुशल सम्पन्न हुआ। सैम्पल्ड उपरांत कक्षा 3, 6 व 9 के कुल 3476 बच्चों ने परीक्षा दी। इस दौरान अपर परियोजना निदेशक सहित जनपद स्तरीय व विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों ने विद्यालयों का निरीक्षण किया। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं 'परख' एन0सी0ई0आर0टी0 के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गयी। बाराबंकी जनपद में मान्यता प्राप्त समस्त प्रबंध के संचालित विद्यालयों में से सैम्पल्ड के अन्तर्गत 122 विद्यालयों का चयन राज्य स्तर से किया गया, जिनमें कक्षा-3, 6, 9 अथवा तीनों कक्षाओं में सर्वे होना था। उप शिक्षा निदेशक / प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गनेशपुर बाराबंकी के दिशा-निर्देशन में बुधवार को 43 विद्यालयों में कक्षा-3, 39 विद्यालयों में कक्षा-6 व 50 विद्यालयों में कक्षा-9 के छात्र-छात्राओं का परख सर्वेक्षण सम्पन्न हुआ। कक्षा 3, 6 एवं 9 में नामांकित कुल 12666 बच्चों में से सैंपल्ड के आधार पर चिन्हित 3476 बच्चों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु डायट गनेशपुर में अध्ययनरत डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं को प्रत्येक कक्षा के लिए एक फील्ड इन्वेस्टीगेटर के रूप में ड्यूटी लगायी गयी थी। इसी के साथ ही सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा भी प्रत्येक विद्यालय हेतु एक-एक आब्जर्वर नियुक्त किया गया। जनपद स्तर पर राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी। श्री राजेन्द्र प्रसाद अपर परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निन्दूरा विकास खण्ड के परीक्षा केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय पिण्डसावां, कम्पोजिट विद्यालय सैंदर, देवा के प्राथमिक विद्यालय ग्वारी, प्रतिभा शिक्षा निकेतन तथा बंकी के अरूणोदय पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया गया। डॉ0 राजेश आर्या उप शिक्षा निदेशक / प्राचार्य डायट गनेशपुर द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज आदि का निरीक्षण किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सन्तोष कुमार देव पाण्डेय द्वारा आदर्श इण्टर कॉलेज उसमानपुर, आर.एम.पी. पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे त्रिलोकी सिद्धौर का निरीक्षण किया गया। जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम प्रभारी श्री अमित कुमार यादव वरिष्ठ प्रवक्ता के निर्देशन में नोडल प्रवक्ता श्री जहीर अहमद, श्री आनन्द कुमार यादव, डी.सी. माध्यमिक श्री अखिलेन्द्र सिंह, डी.सी. बेसिक श्रीमती विनीता मिश्रा एवं कार्यालय सहायक श्री आशीष वर्मा द्वारा कन्ट्रोल रूम में आने वाली समस्याओं का निस्तारण किया गया।

# महादेवा महोत्सव : सरला गुप्ता व अंजलि खन्ना ने अपनी प्रस्तुतियों से महादेवा महोत्सव में बांधा समा





## नामचीन पहलवानों ने दंगल में आजमाए अपने अपने दांव पेंच

### महादेवा महोत्सव में दंगल प्रतियोगिता देखने उमड़ी हजारों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी, । महादेवा महोत्सव के छठे दिवस पर दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गए। अयोध्या हनुमान गढ़ी से आए महंत श्री बलराम दास जी महाराज, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, एसडीएम पवन कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने सामूहिक रूप से बुधवार को आयोजित प्रथम दिवस की दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। देश के कोने-कोने से आये नामचीन पहलवानों ने कुश्ती में अपने-अपने दांव पेंच आजमाते हुए एक दूसरे को चित करने के लिये अखाड़े में पसीना बहाते नजर आए। दंगल देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ महादेवा महोत्सव में जमा हुई। दंगल में बुधवार को 19 कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित हुई। दंगल प्रतियोगिता में नेपाल काठमांडू के शंकर थापा व राजस्थान के मोनू पहलवान के बीच कुश्ती हुई जिसमें नेपाल के थापा की जीत हुई। फैजल गनी जम्मू कश्मीर और दिल्ली के पहलवान दीपू के बीच हुई कुश्ती बराबर पर रही। इसी क्रम में अगली कुश्ती अयोध्या के पहलवान जितेंद्र व दिल्ली के पहलवान मोंटी के बीच हुई जिसमें अयोध्या के पहलवान विजयी रहे। अगली कुश्ती हरियाणा के पहलवान मनजीत व पंजाब के पहलवान बग्गा के बीच हुई यह कुश्ती बड़ी दिलचस्प रही इसमें मनजीत पहलवान हरियाणा विजयी रहे। अयोध्या के पहलवान नागेंद्र बाबा व जम्मू कश्मीर के पहलवान फैजल गनी के बीच आज की अंतिम कुश्ती में नागेंद्र बाबा ने फैजल गनी को पटकनी देकर चितकर दिया। इस दौरान भारी संख्या में दंगल देखने वाले प्रेमी मौजूद रहे उनकी सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी रामनगर अजय कुमार त्रिपाठी, महादेवा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में महादेव महोत्सव में बुधवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आकाशवाणी कलाकार सरला गुप्ता ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना, घर में पधारों गजानंदी, और देवी गीत भवानी मइया बहुआ रुनझुन आदि मनमोहक गीतों पर खूब तालियां बटोरी। इसके बाद आकाशवाणी कलाकार अंजलि खन्ना ने एक से बढ़कर एक लोकगीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंजलि खन्ना ने सर्वप्रथम, मोरी गोरी गोरी बइया मरोरी रे, गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया इसी क्रम में अगला देवी गीत, रात को सपने में आयी, सोहर गीत मिथिला मगन भई आज और मेरो खोय गए बाजू बंद जिसको सुनकर पंडाल में बैठे श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। आकाशवाणी कलाकार पल्लवी निगम ने लोकगीत मोरी कलइयां सुकवार, गाकर लोगों की खूब तालियां बटोरी, इसके उपरांत एक मेला गीत, हमें जी भर के घुमाओ राजा जी की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## धीरेन्द्र पाण्डेय एवं साथी कलाकारो ने कथक एवं लोकनृत्य में दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

बाराबंकी। महादेवा महोत्सव में बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या में धीरेन्द्र पाण्डेय एवं साथी कलाकारो ने कथक एवं लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत शास्त्रीय गणेश वंदना, से की। इसके बाद लोकनृत्य अयोध्या के कनक भवन में, श्री राम स्तुति पर, एक राधा एक मीरा, मेरे घर राम आये है, नाचे गिरधारी, छाप तिलक सब छीनी व शिव वंदना आदि की प्रस्तुतियां देकर दशकों का मन मोह लिया। उनके साथ साथी कलाकारों में अंजली शर्मा, प्रिया रावत, सरिता, प्रीति, धीरेंद्र पाण्डेय अमन आदि ने कार्यक्रम को बुलन्दी पर पहुचाया। धीरेंद्र पांडे सन 2014 से लगातार कत्थक और लोकनृत्य के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। इनके द्वारा अभी तक लगभाग 400 से ज्यादा प्रस्तुतियां दी जा चुकी है। उत्तर प्रदेश के सभी महोत्सवों जैसे अलीगढ, बुलन्दशहर, मेरठ, झाँसी, कानपुर, गोरखपुर, डलमऊ, अयोध्या, अमेठी, गोंडा, लखनऊ महोत्सव के अलावा अन्य काई जिलो में प्रस्तुति दी जा चुकी है।

## किसानों की गिरफ्तारी से आक्रोशित भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

रामसनेहीघाट बाराबंकी।गौतमबुद्धनगर में भूमि अधिग्रहण के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ता बुधवार को असंद्रा थाने पर धरना प्रदर्शन कर इंस्पेक्टर असंद्रा को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा । जनपद गौतमबुद्ध नगर में भूमि अधिग्रहण के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आंदोलन कर रहे किसानों की पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी के विरोध में संगठन के आह्वान पर भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ता बुधवार को असंद्रा पहुंचे ।संगठन के ब्लाक अध्यक्ष राममदन रावत के नेतृत्व में थाने के बाहर धरने पर बैठ गए ।बाद में प्रधानमंत्री के नाम संबोधित अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन इंस्पेक्टर असंद्रा जेपी सिंह को सौंपा ।इस मौके पर भाकियू युवा विंग के ब्लाक अध्यक्ष शिवम पांडेय,बुधराम,माताफ़ेर यादव,शिवकुमार ,राम सरन,श्रवण यादव,परीदीन रावत और सच्चिदानंद समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण, दिए उचित दिशा निर्देश



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गन्ना क्रय को लेकर किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो उसके लिए उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह द्वारा बदोसराय स्थित गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया इस दौरान उन्होंने अपने सामने वजन कराया साथ ही वहा मौजूद केंद्र प्रभारी को उचित दिशा निर्देश दिए । जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह ने बदोसराय स्थित गन्ना क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया इस दौरान कोई किसान वहा मौजूद नहीं था । एसडीएम द्वारा तौल की स्थित और अभिलेखों की पड़ताल की गई सब सही पाया गया । उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो उन्हें बार बार दौड़ाया न जाए घटतौल जैसी शिकायतें न मिले अन्यथा कार्रवाई होगी ।

## आइजीआरएस, शिकायतों के निस्तारण में बाराबंकी अव्वल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की पुलिस दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। अभी हाल ही में बाराबंकी पुलिस को आइजीआरएस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समय पर और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। इस बार भी एसपी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डा. अखिलेश नारायण सिंह के नेतृत्व में नवंबर माह की रैंकिंग में जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिसमें पहला स्थान शहर कोतवाली, दूसरा रामनगर, तीसरा देवा सहित अन्य 22 थानो ने अपना स्थान अर्जित किया है।

## खुली बैठक अब 23 दिसंबर को होगी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कस्बा बदोसराय पंचायत भवन में उचित दर विक्रेता के चयन को लेकर खुली बैठक बुलाई गई। जिसमे सैकडों ग्रामीण पहुचे लेकिन बैठक का कोरम पूरा नहीं हो सका। इससे बैठक को निरस्त कर दिया गया। अगली बैठक 23 दिसम्बर निर्धारित की गई है । ग्राम पंचायत बदोसराय में उचित दर विक्रेता मुज्तबा अहमद के ऊपर राशन वितरण न करने पर मुकदमा दर्ज किया गया था। रिक्त का चुनाव होना अब 23 दिसंबर को होगा।

## अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से रोडवेज बस चकनाचूर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामनगर थाना क्षेत्र में भोर करीब चार बजे लखनऊ से आ रही रोडवेज गोंडा डिपो की बस यूपी 43 टी 7204 में चौकाघाट रेलवे स्टेशन के पास पीछे से ओवर टेक कर रही तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के आधा भाग चकनाचूर हुआ बस के अगले चक्के निकल कर दूर जा गिरे। मौकेपर परिचालक की दर्दनाक मौत हुई।कई यात्री घायल हुए।दुर्घटनाग्रस्त बस में दो दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। परिचालक वासुदेव दुबे 45 निवासी करनैलगंज गोंडा का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बस चालक संतोष कुमार ने बताया कि बस लेकर गोंडा जा रहा था। चौकाघाट के पास पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने जोर की टक्कर मारी।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी जलापूर्ति सिस्टम की जानकारी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड के जनलोक सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना संबंधी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्वाइंट बीडीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक स्वयं सहायता समूह के सक्रिय सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दौरान पानी की बर्बादी को रोकने पर बल दिया गया। राज्य प्रशिक्षक जलजीवन मिशन पंचायतीराज जसवंत सिंह और कंसल्टिंग इंजीनियर आशुतोष कुमार वर्मा ने उपस्थित ग्राम प्रधानों,पंचायत सहायकों और समूह की महिलाओं को गांव में बनाई गई पानी टंकियों के हैंडओवर एवं कुशल संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## आश्रय स्थलों व रख रखाव की बनी रणनीति

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने बुधवार को ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम प्रधानों के संग बैठक कर क्षेत्र में संचालित गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा की। ठंड पेपर कॉप से बचाव का हरा चारा उपलब्धता पर गणित बनी।इस मौके पर समस्त ग्राम पंचायत सचिव,ग्राम प्रधान और पशु चिकित्सा अधिकारी निंदूरा उपस्थित रहे।

## अन्ना पशु की चपेट में आया बाईक सवार , गंभीर रूप से घायल

रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र में बाइक से जा रहा एक व्यक्ति सड़क पर अचानक पशु आ जाने से उससे टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।मिली जानकारी के मुताबिक तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के अंतर्गत सिल्हौर गांव निवासी करीब 45 वर्षीय राजू तिवारी पुत्र दयाशंकर तिवारी बुधवार को दोपहर करीब 2:00 बजे अपनी बाइक से रानीमऊ जनपद अयोध्या गए हुए थे वहां से वापस जाते समय असन्दरा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले सिन्नी गांव के पास अचानक उनकी बाइक के सामने एक जानवर आ गया जिससे टकराकर वह वहीं पर वह गिर गए तथा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर आसपास लोगों की भारी भीड़ लग गई तत्काल स्थानीय लोगों ने घायल राजू तिवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया जहां पर हालात को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार करने वाले डॉक्टर रमेश कुमार ने बताया की घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट लाया गया यहां पर उसे अधिक चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# नोयडा के किसानों की गिरफ्तारी के बाद जिले के किसानों में रोष व्याप्त

## समस्त थानो समेत जिला मुख्यालय पर सौंपा गया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बढ़े हुए मुआवजे की मांग को लेकर गौतमबुद्धनगर में प्रदर्शन कर रहे किसानों पर हुई कार्यवाही से यूपी के बाराबंकी के किसानों में भी खासा आक्रोश रहा। आक्रोशित किसानों ने बुधवार की सुबह से शहर कोतवाली के सामने डेरा डाल दिया। बाद में प्रशासन के कहने पर गन्ना दफ्तर स्थित धरना स्थल पर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। किसान लखनऊ कूच करने की तैयारी में थे कि उससे पहले पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इन्हें रोक दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा और सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी को किसानों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के जनपद गौतम बुद्ध नगर में भूनि अधिग्रहण के विषय पर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आंदोलन कर रहे किसानों को पुलिस प्रशासन के द्वारा दलित प्रेरणा स्थल से अनुचित तरीके से मनमानी करते हुए उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया जा रहा है। गौतम बुद्ध नगर प्रशासन की कार्यशैली के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय कार्यालय किसान भनन सिसौली में की गई। आपात पंचायत से राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकेत के निर्देशन पर राष्ट्रीय प्रवक्ता माननीय राकेश टिकैत के आवाह्न में आज जिले के सभी थानों का घेराव किया गया है। सरकार से मांग है कि गौतम बुद्ध नगर के आंदोलनकारी किसानों को तत्काल रिहा करें।अन्यथा यहआंदोलन पूरे प्रदेश में विकराल रूप लेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल, बंकी ब्लॉक अध्यक्ष रामानंद वर्मा, वरिष्ठ किसान नेता लाल जी यादव वह महिला किसान नेता सुनीता सहित किसान साथी उपस्थित रहे।

## चिकित्सक की लापरवाही से भैंस मरी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीमेन चढ़ाते ही भैंस की हुई मौत से आक्रोशित परिजनों ने सिद्धौर पशु चिकत्सालय पहुंच कर जमकर हंगामा काटा। नगर पंचायत के डोमन गड्ढा वार्ड के निवासी रामनरेश पुत्र रामहर्ष ने बताया कि भैंस को सीमेंन चढ़वाने के लिए पशु अस्पताल लाए थे। डॉक्टर ने सीमेन चढ़ाया ।भैंस की मौत हो गई। पशु चिकित्सा अधिकारी डा.समीम अहमद ने बताया कि भैंस कि मौत की सही जानकारी पी एम के बाद ही हो सकेगी।

## विद्यालय का गेट ढहा, मासूम की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के शिवराम एजुकेशनल एकेडमी विद्यालय के गेट के पास बेहड़पुरवा गांव के ही निवासी रितिक सिंह का चार वर्षीय पुत्र रियान सिंह मंगलवार की शाम गांव के पास खेल रहा था। इसी मध्य अचानक गेट का एक हिस्सा ढह कर उसके ऊपर गिरा जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हुआ। रितिक को परिजन अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान आज बुधवार की सुबह रितिक ने अंतिम सांस ली। मौत की खबर आते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।

## सुचिता पूर्ण हुई दक्षता परीक्षण परीक्षा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। छात्र-छात्राओं की दक्षता जांचने के लिए बुधवार को क्षेत्र के वेदमाता इंटर कॉलेज धौरहरा , हाई स्कूल समरदा और राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में परख परीक्षा आयोजित की गई।परीक्षा में विद्यार्थियों ने निर्धारित दो घंटे में भाषा,विज्ञान,सामाजिक विज्ञान और गणित के कुल 60 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दिए।तीनों विद्यालयों को मिलाकर कुल 90 विधार्थियो ने ओएमआर सीट पर निर्धारित समय में परीक्षा दी।परीक्षा के दौरान ब्लॉक नोडल भानु प्रताप सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर जाकर परीक्षा सुचिता की जांच की।





# पर्थ टेस्ट में जीत से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है : राहुल

एजेंसी





एडिलेड। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय पांच मैचों की टेस्ट सीरीज (बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी) के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। सीरीज का पहला टेस्ट पर्थ में खेला जा चुका है। पहले मैच में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 से आगे है। अब 06 दिसंबर से एडिलेड में दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट (पिंक बॉल) खेला जाएगा। मैच से पहले भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि पर्थ टेस्ट में जीत से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है।

राहुल ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम जिस तरह से खेले उससे वाकई बहुत खुश हैं और जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, पहला मैच जीतते हैं और उसे उस तरह से जीतते हैं जैसा हमने पर्थ में जीता, तो इससे आपको बहुत आत्मविश्वास मिलता है। मेरा मतलब है कि पर्थ के बारे में बहुत कुछ कहा जाता है कि यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे तेज विकेट है और यहां आने वाली टीमों को वास्तव में यहां संघर्ष करना पड़ा है। तो हां, हमे इससे काफी आत्मविश्वास मिला है।

इस सवाल पर कि आप किस स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे उन्होंने एक अजीब जवाब दिया। राहुल ने कहा कि मुझे तो बताया गया है, लेकिन मुझे यह भी कहा गया है कि यह किसी से साझा न करूं। आपको पहले दिन (टेस्ट के) या शायद कल (गुरुवार) कप्तान (रोहित शर्मा) के आने का इंतजार करना होगा। राहुल ने इसके बाद कहा कि मैं बस प्लेइंग इलेवन में रहना चाहता हूं और टीम के लिए बल्लेबाजी करना चाहता हूं।

राहुल ने अलग-अलग जहगों पर बल्लेबाजी को लेकर कहा कि मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैंने अलग-अलग जहगों पर बल्लेबाजी की है, इसलिए जब मुझे शुरू में अलग-अलग स्थानों पर बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया तो यह मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था लेकिन तकनीक के मामले में इतना नहीं। मानसिक रूप से उन पहली 20-25 गेंदों को कैसे खेलना है, मैं कौन से शॉट खेल सकता हूं, मैं कितनी जल्दी आक्रमण कर सकता हूं, मुझे कितना सतर्क रहना होगा। इसलिए ये ऐसी चीजें थीं जो शुरू में थोड़ी मुश्किल थीं, लेकिन अब जब मैं वनडे और टेस्ट क्रिकेट में खेल चुका हूं, तो इससे मुझे थोड़ा-बहुत अंदाजा हो गया है कि मुझे अपनी पारी को कैसे संभालना है और मुझे कैसे शुरुआत करनी है। पर्थ में 295 रनों की रिकॉर्ड जीत के बाद भारत फिलहाल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट शुक्रवार से एडिलेड में डे-नाइट फॉर्मेट में खेला जाएगा।

# अंडर-19 एशिया कप : भारत ने यूएई को 10 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी

शारजाह। युद्धजीत गुहा (तीन विकेट), चेतन शर्मा और हार्दिक राज(दो-दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी (नाबाद (76) और आयुष म्हात्रे (67) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 12वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 10 विकेट से शिकस्त दी।

138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की भारतीय सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज बल्लेबाजी करते हुए महज 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 143 रन पर बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 46 गेंदों में तीन चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद (76) रनों की पारी खेली। आयुष म्हात्रे ने 51 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (नबाद 67) रन बनाये।





इससे पहले आज यहां यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। आर्यन सक्सेना (नौ) और यायीन राय (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में हार्दिक राज ने इथन डिसूजा (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अक्षत राय (26), मोहम्मद रयान (35) और उद्दीश सुरी (16) रन पर आउट हुये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूएई के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके और यूएई की पूरी टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने तीन विकेट लिये। चेतन शर्मा और हार्दिक राज को दो-दो विकेट मिले। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन में बतौर निदेशक शामिल हुईं सारा

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन (एसटीएफ) में निदेशक के रूप में शामिल हो गई हैं। सचिन ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उक्त जानकारी दी। सचिन ने कहा कि उन्हें यह खबर साझा करते हुए ''बहुत खुशी'' हो रही है। सचिन ने कहा कि सारा ने खेल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के माध्यम से देश को सशक्त बनाने के लिए यह यात्रा शुरू की है। उन्होंने कहा, ''मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा निदेशक के रूप में एसटीएफ इंडिया में शामिल हो गई हैं। उनके पास यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से क्लिनिकल और पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में मास्टर डिग्री है। वह खेल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाने की यात्रा पर निकल पड़ी हैं। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है कि कैसे वैश्विक शिक्षा पूर्ण चक्र में आ सकती है। अपने शानदार करियर के दौरान, सचिन ने 664 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 48.52 की औसत से 34,357 रन बनाए। सचिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक 100 शतक और 164 अर्धशतक बनाए हैं। वह शतकों का शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।

### टीम स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए 8 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हांगकांग, चीन में 9 से 15 दिसंबर तक होने वाले डब्ल्यूएसएफ विश्व टीम स्क्वैश चैंपियनशिप में भारत आठ सदस्यीय टीम (पुरुष और महिला) भेजेगा। स्क्वैश इतिहास में पहली बार, पुरुषों और महिलाओं की स्पर्धाएँ एक साथ आयोजित की जाएंगी, जिसमें महिलाओं की स्पर्धा में 23 टीमें और पुरुषों की स्पर्धा में 26 टीमें शामिल होंगी। 9/12 वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम पूल एफ में कोलंबिया और आयरलैंड के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। 10/12 वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम को अपने पूल में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, जिसमें बेल्जियम (तीसरी वरीयता), कोलंबिया और इटली शामिल हैं। पूर्व एशियाई खेलों के पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियन हरिंदर पाल सिंह संधू और जोशना चिनप्पा क्रमशः पुरुष और महिला टीमों के कोच होंगे। संयोग से, 19 बार की राष्ट्रीय चैंपियन जोशना के लिए यह पहला कोचिंग असाइनमेंट होगा।

### ला लीगा : एथलेटिक बिलबाओ का सामना रियल मैड्रिड से

**मैड्रिड।** एथलेटिक क्लब बिलबाओ और रियल मैड्रिड बुधवार रात एथलेटिक के सैन मैम्स स्टेडियम में आमने-सामने होंगे, जिसमें एथलेटिक की नजरें क्लासिफिकेशन में चौथे स्थान को मजबूत करने पर होंगी। ऑरेलियन टचौमेनी चोट के बाद रियल मैड्रिड के लिए वापस आ गए हैं, लेकिन विनीसियस जूनियर को बाहर रखा गया है, साथ ही लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले दानी कार्वाजल, एडर मिलिटाओ और डेविड अलाबा को भी बाहर रखा गया है। किलियन एमबाप्पे ने सप्ताहांत में अपने गोल के सूखे को समाप्त कर दिया, लेकिन गेटाफ़े के खिलाफ मौके गंवाने के बाद भी वे सुर्खियों में रहेंगे। एथलेटिक ने रेयो वैलेकानो के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज कर मैड्रिड में प्रवेश किया, जिसमें दोनों गोल मिडफील्डर ओइहान सैंसेट ने किए, जिनके पिछले तीन गोलों ने उनकी टीम को छह अंक दिलाए हैं। एथलेटिक खचाखच भरे मैदान में तेज गति बनाए रखने और मैड्रिड पर दबाव बनाने के साथ एमबाप्पे और रोड्रिगो की सर्विस को भी कम करने की कोशिश करेगा।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 02.01.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 13602024 dated 03.12.2024 |
| 2 | निविदा सख्या | 1. 27-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 2. 28-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 3. 29-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 4. 30-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 5. 31-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 6. 32-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर(चतुर्थ)/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-(द्वितीय)-सुल्तानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/द्वितीय/सुल्तानपुर के अनुभाग मे जफराबाद (छोड़कर) से सुल्तानपुर (छोड़कर) और फूलपुर से अयोध्या कैंट (सुल्तानपुर और अयोध्या छोड़कर) तक सेवा भवन की मरमत का प्रावधान<br>2. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर(चतुर्थ)/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र मे सहायक मण्डल इंजीनियर–(द्वितीय)–सुल्तानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/ प्रथम /सुल्तानपुर के अनुभाग में सुल्तानपुर से उतराटिया (छोड़कर) तक सेवा भवन की मरमत का प्रावधान<br>3. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर(चतुर्थ)/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र मे सहायक मण्डल इंजीनियर–(द्वितीयं)–सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/द्वितीय/सुल्तानपुर के अनुभाग मे जफराबाद (छोड़कर) से सुल्तानपुर (छोड़कर) और अयोध्या कैंट (छोड़कर) से फूलपुर तक सुल्तानपुर (छोड़कर), 170 नंबर स्टाफ क्वार्टरों वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग का प्रावधान।<br>4. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(प्रथम)–सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे./ उतराटिया की शाखा के अन्तर्गत विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य<br>5. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(प्रथम)–सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ कार्य/ प्रथम /सुल्तानपुर के अनुभाग मे सुल्तानपुर से उतराटिया (छोड़कर) 585 नंबर स्टाफ क्वार्टरों वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग का प्रावधान।<br>6. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र मे सहायक मण्डल इंजीनियर –(प्रथम)–सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे./- (प्रथम)–सुल्तानपुर और सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे./निहालगढ़ की शाखा के अन्तर्गत विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 94,99,665.60 2. Rs. 94,99,667.63 3. Rs. 99,99,917.40 4. Rs. 1,06,41,445.28 5. Rs. 99,99,862.73 6. Rs. 1,43,53,721.77 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 1,90,000.00 2. Rs. 1,90,000.00 3. Rs. 2,00,000.00 4. Rs. 2,03,200.00 5. Rs. 2,00,000.00 6. Rs. 2,21,800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 से 6 तक के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 से 6 तक के लिए : 19.12.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 से 6 तक के लिए : 02.01.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

**नोट** : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3723/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# हरभजन सिंह, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग ने भारतीय जूनियर हॉकी टीम को दीं शुभकामनाएं

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम पुरुष जूनियर एशिया कप फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ने के लिए तैयार है। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले, अनुभवी भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह, बीजिंग ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और ओलंपियन गगन नारंग ने बुधवार को भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं और उन्हें ट्रॉफी घर वापस लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

हरभजन सिंह ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए एक वीडियो संदेश में कहा, ‪ल्लभारतीय हॉकी टीम को बहुत-बहुत बधाई जो आज पाकिस्तान के खिलाफ पुरुष जूनियर एशिया कप का फाइनल खेल रही है। दोस्तों, मैं आपको मैदान पर शुभकामनाएं देना चाहता हूं, भारत के लिए इसे जीतो। मुझे यकीन है कि आप यह कर सकते हैं। आओ भारत! ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने अपने संदेश में मलेशिया के खिलाफ जीत के लिए युवा खिलाड़ियों की सराहना की और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ''सेमीफाइनल में मलेशिया के खिलाफ अविश्वसनीय जीत के लिए हमारी भारतीय जूनियर हॉकी टीम को बहुत-बहुत बधाई। जूनियर एशिया कप फाइनल में जगह बनाना एक अद्‌भुत उपलब्धि है और आपने पहले ही देश को इतना गौरवान्वित कर दिया है। आज रात जब आप पाकिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरें, तो बस याद रखें, इस पल का आनंद लें और अपनी पसंद के अनुसार खेलें। अपने कौशल पर भरोसा करें, एक-दूसरे पर भरोसा करें और उस लड़ाई की भावना को जीवित रखें। हम सभी आपकी जय-जयकार कर रहे हैं और आपको शुभकामनाएं दे रहे हैं। वहां जाओ और मजे करो।शुभकामनाएँ और जय हिंद। गगन नारंग ने एक्स पर लिखा, आइए हमारी भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का उत्साह बढ़ाएं जो आज रात पुरुष हॉकी जूनियर एशिया कप के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। मेरे प्रिय मित्र पीआर श्रीजेश द्वारा प्रशिक्षित भारतीय टीम, रिकॉर्ड पांच बार खिताब जीतने वाली एशिया की एकमात्र टीम बनने का इतिहास रचने से केवल एक कदम दूर है। गुड लक इंडिया!, भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण प्रदर्शन किया और अपने सभी पांच मैच जीते।

# रचित शंकर ने की शानदार बल्लेबाजी, रेप्ल ने इंडियन इलेवन को हराया

एजेंसी

लखनऊ। बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के ए डिवीजन में रेप्ल क्रसडर्स क्रिकेट क्लब ने इंडियन इलेवन को नौ विकेट से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में रचित शंकर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 78 रन बनाये।

इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 204 रन बनाकर निर्धारित 40 ओवर से पहले ही पवेलियन लौट गयीं। सलामी बल्लेबाज रचित शुक्ला मात्र आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं शिवम यादव ने अपनी टीम में सर्वाधिक 49 रन बनाये, जबकि अनुज सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंदों पर 46 रन बनाये। मो. हसिम ने 32 रन का योगदान दिया। रेप्ल के कप्तान ऋषभ ने मात्र 24 रन देकर तीन



विकेट झटके। वहीं अभिषेक जायसवाल ने तीन विकेट झटके। रेप्ल ने बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट खोकर 205 रन बना लिये और मैच को नौ विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज रचित शंकर ने आठ चौका और एक छक्का की मदद से 78 रन बनाये। वहीं अमन यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 12 चौकों की मदद से 43 बाल पर 58 रन बनाये। वहीं अब्दुर रहमान ने पांच चौकों की मदद से 50 रन का योगदान दिया।

# बंगलादेश ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 101 रनों से हराया

किंग्स्टन। तैजुल इस्लाम (पांच विकेट), नाहिद राणा (पांच विकेट) और जाकेर अली (91) रनों की शानदार पारी के दम पर बंगलादेश की टेस्ट टीम ने इतिहास रचते हुए 15 साल बाद वेस्टइंडीज को उसी के घर में दूसरे टेस्ट मैच में 101 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ बंगलादेश ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। टेस्ट में यह तीसरा बार है जब बंगलादेश ने वेस्टइंडीज को उसी के घर में हराया है। इससे पहले उसने 2009 में किंग्स्टन में 97 रनों तथा सेंट जॉर्ज में चार विकेट से हराया था। बंगलादेश ने दूसरी पारी में जाकिर अली ने (91) की महत्वूपर्ण पारी की बदौलत वेस्टइंडीज के सामने 287 रन का लक्ष्य रखा। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की ओर से केवल कावेम हॉज (55) और कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (43) संघर्षपूर्ण पारी खेली। जस्टिन ग्रीव्स (20), केसी कार्टी (14) और जॉशुआ डासिल्वा (12) रन बनाये।

# बोपन्ना की राजस्थान रेंजर्स और विष्णु वर्धन की हैदराबाद स्ट्राइकर्स तालिका में शीर्ष पर

एजेंसी

मुंबई। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन 6 के पहले दिन मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में कई बेहतरीन और रोमांचक मैच खेले गए, जिसमें रोहन बोपन्ना जैसे खिलाड़ियों ने प्रशंसकों के लिए शानदार खेल दिखाया। मैच चारकोल रंग के कोर्ट पर खेले गए और मंगलवार को सभी आठ टीमों ने इसमें हिस्सा लिया। राजस्थान रेंजर्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, यश मुंबई ईगल्स और चेन्नई स्मैशर्स ने टेनिस के रोमांचक दिन के अंत में शानदार जीत दर्ज की।

राजस्थान रेंजर्स और गुजरात पैंथर्स के बीच सीजन के पहले मैच में मुकाबला शुरू हुआ, जिसमें महिला एकल वर्ग में क्रिस्टीना दीनू का मुकाबला एकातेरिना काज़ियोनोवा से हुआ। क्रिस्टीना दीनू ने पहले गेम में कड़े मुकाबले में 14-11 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। ??राजस्थान रेंजर्स के आर्थर फ़ेरी ने पुरुष एकल में गुजरात पैंथर्स के सुमित नागल को इसी स्कोर (14-11) से हराया। राजस्थान रेंजर्स ने मिक्स्ड डबल्स वर्ग में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसमें रोहन बोपन्ना और क्रिस्टीना दीनू ने विजय सुंदर प्रशांत और एकातेरिना काज़ियोनोवा को 14-11 के स्कोर के साथ हराया। पुरुष युगल वर्ग में रोहन बोपन्ना और



आर्थर फ़ेरी की जोड़ी ने सुमित नागल और विजय सुंदर प्रशांत को 15-10 के स्कोर के साथ हराया, जिससे राजस्थान रेंजर्स ने गेम 57-43 से जीत लिया। हैदराबाद स्ट्राइकर्स और बंगाल विजार्ड्स के बीच पहले दिन दूसरा मैच खेला गया। हैरियट डार्ट और कामिला राखीमोवा ने महिला एकल वर्ग में 18-7 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल वर्ग में बेंजामिन लॉक ने निकी पूनाचा के खिलाफ कड़ी टक्कर दी और 16-9 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की। मिश्रित युगल वर्ग में हैरियट डार्ट और विष्णु विनोद का मुकाबला कामिला राखीमोवा और श्रीराम बालाजी से हुआ। बंगाल विजार्ड्स ने 13-12 के स्कोर के साथ रोमांचक मुकाबला जीता। पुरुष युगल वर्ग में निकी पूनाचा और श्रीराम बालाजी ने बेंजामिन लॉक और विष्णु विनोद को 14-11 के स्कोर के साथ हराया, लेकिन हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने 57-43 से मैच जीत लिया। दिन के तीसरे मैच में पंजाब पैट्रियट्स और यश मुंबई ईगल्स आमने-सामने थे। महिला एकल में एलिना अवनेस्यान ने ज़ेनेप सोनमेज़ के खिलाफ़ रोमांचक मुक़ाबले में 13-12 के स्कोर से जीत हासिल की। ??पुरुष एकल में यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह ने पंजाब पैट्रियट्स के मुकुंद शशिकुमार के खिलाफ़ 18-7 के स्कोर से जीत दर्ज की। पंजाब पैट्रियट्स के साकेत मायनेनी और एलिना अवनेस्यान ने मिक्स्ड डबल्स श्रेणी में जीवन नेदुनचेजियान और ज़ेनेप सोनमेज़ के खिलाफ़ कड़े मुकाबले में 13-12 से जीत हासिल की। ??पुरुष युगल श्रेणी में एक और करीबी मुकाबले में, साकेत मायनेनी और मुकुंद शशिकुमार ने जीवन नेदुनचेजियान और करण सिंह का सामना किया। यश मुंबई ईगल्स की जोड़ी ने 13-12 से गेम जीतकर 55-45 के स्कोर के साथ मैच अपने नाम कर लिया। दिन के अंतिम मैच में, बेंगलुरु एसजी पाइपर्स और चेन्नई स्मैशर्स ने मुख्य भूमिका निभाई। चेन्नई स्मैशर्स की कोनी पेरिन ने बेंगलुरु एसजी पाइपर्स की गैब्रिएला नटसन के खिलाफ़ महिला एकल गेम 13-12 के स्कोर के साथ जीता। पुरुष एकल में भी यह एक और करीबी मुकाबला था, जहाँ ह्यूगो गैस्टन ने बर्नबे ज़ापाटा के खिलाफ़ 13-12 के स्कोर के साथ जीत हासिल की।

# सेंसेक्स 598 और निफ्टी 181 अंक उछला

एजेंसी

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर रियलटी, आईटी, बैंकिंग, वित्तीय सेवायें जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर आज लगातार चौथे दिन शेयर बाजार में तेजी बनी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.58 अंकों की बढ़त के साथ 80956.33 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 10.30 अंकों की तेजी लेकर 24467.45 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तेजी के साथ ही छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली देखी गयी। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.83 प्रतिशत उठकर 47372.25 अंक पर और स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत बढ़कर 56617.46 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 4070 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2384 हरे निशान में और 1582 लाल निशान में रही जबकि 104 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल समूहों में से बढ़त में रहने वालों रियलटी 2.13 प्रतिशत, वित्तीय सेवायें 1.19 प्रतिशत, बैंकिंग 0.91 प्रतिशत, सीडी 0.69 प्रतिशत, आईटी 0.52 प्रतिशत और फोक्सड आईटी 0.44 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। गिरावट में रहने वालों में ऑटो 0.67 प्रतिशत, एफएमसीजी 0.61 प्रतिशत, एनर्जी 0.42 प्रतिशत और सर्विसेज 0.44 प्रतिशत शामिल है।

वैश्विक स्तर से मिश्रित संकेत मिले। इस दौरान चीन का शंघाई कंपोजिट 0.42 प्रतिशत, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.02 प्रतिशत उतर गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.82 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.07 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई का सेंसेक्स 191 अंकों की बढ़त के साथ 81036.22 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 81245.39 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 80630.53 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 80845.75 अंकों की तुलना में 110.58 अंक अर्थात 0.14 प्रतिशत की तेजी लेकर 80956.33 अंक पर रहा।



सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 16 लाल निशान में और 14 हरे निशान में रही। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 21 अंकों की बढ़त के साथ 24488.75 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 24573.20 अंक के उच्चतम और 24366.30 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 24457.15 अंक की तुलना में 10.30 अंक अर्थात 0.04 प्रतिशत बढ़कर 24467.45 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 30 लाल निशान में और 20 हरे निशान में रही।

# तीसरी पीढ़ी की होंडा अमेज लाँच, कीमत 799900 रुपये से शुरू

नयी दिल्ली। प्रीमियम यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने आज भारत में बहुप्रतीक्षित नयी तीसरी पीढ़ी की होंडा अमेज लाँच की जिसकी शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 799900 रुपये है।

कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ ताकुया त्सुमुरा ने नई अमेज़ के लॉन्च के मौके पर कहा, ‪ल्ल हम ऑल-न्यू अमेज़ को पेश करते हुए बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। यह कार अपने स्टाइल, सुरक्षा, कनेक्टिविटी, ड्राइविंग अनुभव और आराम के मामले में शानदार साबित होगी। अमेज़ हमेशा से भारतीय उपभोक्ताओं के दिलों में एक खास जगह रखती आई है। यह नई पीढ़ी का मॉडल हमारे ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। हमें पूरा भरोसा है कि यह नई अमेज़ इस सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगी और भारत में होंडा की विरासत को और मजबूत बनाएगी।

# साइबर धोखाधड़ी मामले में दिल्ली, आसपास के 10 ठिकानों पर सीबीआई के छापे

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़े पैमाने पर वित्तीय घोटाले से जुड़े अन्तर्राष्ट्रीय साइबर सक्षम धोखाधड़ी मामले की जारी जांच के सम्बन्ध में बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी एवं आसपास के क्षेत्रों में 10 ठिकानों पर तलाशी ली।

सीबीआई की आज जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसने भारतीय दंड संहिता की धारा 403, 420 एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66डी के तहत उक्त मामला दर्ज किया, जो भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), केन्द्रीय गृह मंत्रालय से प्राप्त एक लिखित शिकायत पर आधारित था। शिकायत में यह आरोप है कि अज्ञात संगठित साइबर अपराधी एवं संदिग्ध विदेशी , पूरे भारत में व्यवस्थित वित्तीय धोखाधड़ी में संलिप्त हैं। सीबीआई को अब तक की जांच से पता चला है कि विदेशों से संचालित धोखाधड़ी करने वाले, भारत में पीड़ितों को निशाना बनाने के लिए वेबसाइट, व्हाट्सएप एवं टेलीग्राम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। वे अंशकालिक नौकरी घोटाले, कार्य-आधारित धोखाधड़ी एवं शुरुआती निवेश पर उच्च लाभ के वादों के माध्यम से व्यक्तियों को लुभाते हैं। पीड़ितों द्वारा जमा किए गए धन को 'म्यूल एकाउंट्स' के नेटवर्क के माध्यम से शीघ्रता से स्थानांतरित कर दिया जाता है। इन धनराशि को अंततः एटीएम के माध्यम से विदेशों में निकाल लिया जाता है। इसके लिए पीवाईवाईपीएल जैसे फिनटेक प्लेटफ़ॉर्म पर वॉलेट टॉप-अप के लिए उपयोग किया जाता है, जिसे अक्सर पीओएस लेनदेन के रूप में छुपे हुए अंतर्राष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क द्वारा सुगम बनाया जाता है। विज्ञप्ति में बताया कि 01 जनवरी, 2023 से 17 अक्टूबर, 2023 के बीच नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज 3,903 शिकायतों के विश्लेषण से पता चला है कि धोखाधड़ी करने वालों ने लगभग 117 करोड़ रुपये की धनराशि हड़प ली। ये धनराशि मुख्य रूप से दुबई एवं यूएई जैसी जगहों से निकाली गई। जांच में धोखाधड़ी लेन-देन में संलिप्त 3,295 भारतीय बैंक खातों की पहचान की गई है। इन खातों के ज़रिए भेजे गए पैसे का प्रयोग क्रिप्टोकरेंसी खरीदने में भी किया गया। सीबीआई ने आज तलाशी के दौरान धोखाधड़ी में संलिप्त होने के संदेह में 10 व्यक्तियों के परिसरों से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं वित्तीय रिकॉर्ड सहित अपराध साबित करने वाले साक्ष्य जब्त किए गए। सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की पहचान करने और अवैध धन के पूरे प्रवाह का पता लगाने के लिए जांच जारी है। सीबीआई ने नागरिकों से डिजिटल प्लेटफॉर्म मिले प्रस्तावों के साथ जुड़ते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया है, विशेषकर ऐसे प्रस्ताव जो त्वरित आय या आकर्षक निवेश का वादा करते हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दी जानी चाहिए।




# स्कूलों में भवन निर्माण में दिशा निर्देशों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जायेगी: जयंत

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि स्कूलों में भवन निर्माण करते समय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों का अनुपालन करना जरूरी है और यदि कहीं पर इनका उल्लंघन होता है तो जरूरी कार्रवाई की जायेगी।

शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। भारतीय जनता पार्टी के अरूण सिंह ने कहा कि राजधानी दिल्ली में सरकार नये स्कूल बनाने के बजाय पुराने स्कूल में ही चार मंजिल इमारत बना रही है और इसमें नियमों का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वह मयूर विहार स्थित ऐसे एक सरकारी स्कूल में गये थे जहां चार मंजिल की इमारत बनाते समय अग्निनशमन नियमों का पालन नहीं किया गया है।



श्री चौधरी ने कहा कि स्कूलों में भवन निर्माण करते समय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों का पालन जरूरी है। उन्होंने सदस्य से कहा कि वह इस तरह के मामले हमारी नजर में लायें और हम इस बारे में राज्य सरकार से बात करेंगे। एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समग्र शिक्षा योजना के तहत स्कूलों में सीसीटीवी के प्रावधान की मंजूरी दी गयी है। यदि कोई राज्य सरकार इस संबंध में प्रस्ताव लाती है तो सरकार स्कूल में कैमरे लगाने की मंजूरी देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे ले जाने के मामलों को सरकार गंभीरता से लेती है और इस संबंध में दिशा निर्देशों का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाती है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि सरकार शोध को बढावा देने के लिए कदम उठा रही है और इसके लिए अनुसंधान शोध संस्थान का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनुसंधान निधि निरंतर बढायी जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में शिक्षा पर खर्च सकल घरेलू उत्पाद का 4.12 प्रतिशत है। इसमें केन्द्र , राज्य सरकारों और अन्य विभागों द्वारा शिक्षा पर किया जा रहा खर्च शामिल है।

# भाजपा ने संविधान की धज्जियां उड़ाईं, उपासना स्थल कानून को तार-तार किया: खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल जाने से रोके जाने के बाद बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि विभाजनकारी एजेंडे से संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और उपासना स्थल कानून को तार-तार कर दिया गया है।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भाजपा-आरएसएस अपने विभाजनकारी एजेंडे से संविधान की धज्जियां उड़ाने में व्यस्त हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल में पीड़ित परिवारों से मिलने जाने से रोकना इसी बात को साबित करता है। उन्होंने कहा, ''दो समुदायों में नफ़रत पैदा करना ही भाजपा-आरएसएस की एकमात्र विचारधारा है, उसके लिए उन्होंने न केवल संविधान से पारित उपासना स्थल कानून को तार-तार किया, पर अब वो अपने नफ़रत के बाज़ार की शाखाओं को हर जगह खोलने पर उतारू हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी सौहार्द, शांति, भाईचारे, सद्भाव और मोहब्बत की दुकान खोलती चली जाएगी, और विविधता में एकता की तर्ज़ पर समाज को एकजुट रखेगी। हम झुकेंगे नहीं, पीछे हटेंगे नहीं। संभल हिंसा के पीड़ितों से बुधवार को मुलाकात करने जा रहे राहुल गांधी को उनके गंतव्य जनपद में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर रोक दिया गया। राहुल ने इसे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपने विशेषाधिकारों का हनन करार दिया। पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच लंबी बहस के बाद भी बात नहीं बनने पर राहुल करीब दो घंटे बाद दिल्ली लौट गए।

# स्वदेशी जागरण मंच ने गिरती प्रजनन दर चिंतन का किया आह्वान

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने देश में आम जनता, नीति निर्माताओं और समाज विश्लेषकों से गिरती प्रजनन दर के मुद्दे पर गहन विचार करने का आह्वान किया है। जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. अश्विनी महाजन ने बुधवार को यहां कहा कि कुल प्रजनन दर - टीएफआर में गिरावट प्रतिस्थापन स्तर से भी कम हो रही है, जो लंबे समय में समाज के अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने समस्या अपनी जनसंख्या को बनाए रखना है, ताकि विकास प्रयासों में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम इस संबंध में नहीं चेते, तो घटती प्रजनन दर जनसंख्या में खतरनाक असंतुलन पैदा कर सकती है। तेजी से घटती टीएफआर का तात्पर्य एक औसत 15-49 वर्ष की महिला अपने जीवनकाल में कितने बच्चों को जन्म देती है। इससे पहले आरएसएस के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने भी भारत में कुल प्रजनन दर 2.0 से नीचे गिरने पर चिंता व्यक्त की थी। उल्लेखनीय है कि विज्ञान पत्रिका लैंसेट ने बताया है कि भारत का टीएफआर वर्ष 2021 तक घटकर 1.91 हो गया है। वर्ष 1950 में प्रजनन दर 6.18 बच्चे प्रति महिला थी। जागरण मंच का कहना है कि राष्ट्र को यह सुनिश्चित करना होगा कि जनसंख्या वास्तव में कम नहीं होनी चाहिए। इस चेतावनी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। टीएफआर में कमी, प्रतिस्थापन दर से कम होने से किसी के द्वारा उन्हें नष्ट किए बिना ही समाज का अस्तित्व समाप्त हो सकता है। इसलिए समाज को लंबे समय में विलुप्त होने का खतरा है, जो एक बड़ी चिंता की वजह है। वैज्ञानिकों के अनुसार टीएफआर किसी भी स्थिति में 2.1 से नीचे नहीं गिरना चाहिए। लगातार घटते और कम टीएफआर वाले विकसित देश अपनी जनसंख्या में गिरावट का सामना कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया, जापान, जर्मनी आदि में टीएफआर प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से बहुत नीचे गिर गया है, जिससे उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। विज्ञप्ति के अनुसार भारत को इन देशों से सीखना चाहिए और घटती प्रवृत्ति को उलटने के लिए उपचारात्मक उपाय करने चाहिए। शिशु मृत्यु दर में कमी आने से देश में युवा आबादी लगातार बढ़ने लगी, जिसे 'जनसांख्यिकी लाभांश' के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2001 के आंकड़ों के अनुसार देश में युवाओं (15 से 34 वर्ष की आयु वर्ग) की आबादी कुल जनसंख्या का 33.80 प्रतिशत थी, जो 2011 में बढ़कर 34.85 प्रतिशत हो गई। वर्तमान में यह कुल जनसंख्या का 35.3 प्रतिशत से अधिक है।

# वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए शाह से मिली प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करके उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में भूस्खलन के कारण लोगों के समक्ष खड़ी हुई स्थिति से उन्हें अवगत कराया और पीड़ितों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है।

वायनाड लोकसभा सीट के लिए हाल में हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीतकर संसद पहुंची श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को श्री शाह से संसद भवन परिसर में उनके कार्यालय में मुलाकात के बाद पत्रकारों को को बताया कि उन्होंने श्री शाह से राजनीति से ऊपर उठकर वायनाड के लोगों की मदद करने का आग्रह किया है। श्रीमती वाड्रा ने कहा,हमने गृह मंत्री जी से मिलकर उन्हें वायनाड के हालात से अवगत करवाया है। वहां के लोगों के जीवन पर भूस्खलन का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है। लोगों के परिवार और घर उजड़ गए हैं और उनका जीवन बहुत मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा, इन हालातों में केंद्र सरकार अगर कुछ न करे, तो लोग किससे उम्मीद करेंगे। हमने गृह मंत्री जी से अपील की है कि राजनीति को परे , वायनाड के लोगों की मदद की जाए। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां पीड़ितों से मिले थे तब लोगों को मदद की उम्मीद जगी थी लेकिन अभी तक कोई मदद नहीं मिल पाई है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, मैंने श्री शाह से वायनाड के लोगों की राजनीति से ऊपर उठकर मदद करने का आग्रह किया है। बाढ़ के कारण सबके घर, पाठशालाएं सब बह गई हैं और इसी को देखते हुए गृहमंत्री से मानवता के आधार लोगों की मदद का आग्रह किया है। इस मामले में राजनीति से ऊपर उठकर वायनाड के पीड़ितों की मदद की जानी चाहिए।

## पीएसएलवी –सी59/प्रोबा मिशन का प्रक्षेपण गुरुवार तक के लिए टला

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)ने बुधवार को पीएसएलवी–सी59/प्रोबा–3 मिशन के अंतरिक्ष यान में विसंगति का पता चलने के बाद इसका प्रक्षेपण को बुधवार को एक दिन (कल तक) के लिए टाल दिया। इसरो ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया कि प्रक्षेपण अब गुरुवार को शाम चार बजकर12 मिनट पर होगा। पहले प्रक्षेपण आज शाम चार बजकर आठ मिनट पर निर्धारित किया गया था। इसरो ने कहा, ल्लप्रोबा–3 अंतरिक्षयान में पाई गई एक विसंगति के कारण पीएसएलवी–सी59/प्रोबा–3 मिशन का प्रक्षेपण कल 16:12 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। पीएसएलवी–सी59 यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा–3 अंतरिक्ष यान के दो उपग्रहों को ले जाएगा।प्रोबा–3 के दो उपग्रह 340 किलोग्राम के कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट (सीएससी) और 240 किलोग्राम के ऑकुल्टर स्पेसक्राफ्ट (ओएससी) हैं, जिन्हें अत्यधिक अण्डाकार कक्षा में स्थापित किया जाएगा। यह एक विशेष वाणिज्यिक मिशन होगा और प्रोबा–3, दुनिया का पहला सटीक निर्माण उड़ान मिशन, सूर्य की सबसे बाहरी परत, सौर कोरोना का अध्ययन करेगा।

## नक्सलियों के खिलाफ एक 'बड़ा ऑपरेशन' चलाया जाएगा: सुंदरराज

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बुधवार को नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की अपील करते हुए चेतावनी दी है कि यदि नक्सली सरेंडर नहीं करते हैं तो आने वाले दिनों में उनके खिलाफ एक 'बड़ा ऑपरेशन' चलाया जाएगा। बीजापुर और तेलंगाना के सीमा से लगे गांव में बीते दिन नक्सली तथा पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में सात नक्सलियों की मौत हुई, जिनमें से छह नक्सली बीजापुर के बताए जा रहे हैं। इस मुठभेड़ के बाद यह कार्रवाई नक्सली गतिविधियों पर काबू पाने के लिए की जा रही है, ताकि इलाके में शांति बनाए रखी जा सके। श्री सुंदरराज ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए एंटी नक्सल ऑपरेशन की जानकारी देते हुए बताया कि ज्वॉइंट स्टेट कार्डिनेशन (राज्य और केंद्रीय बलों के बीच समन्वय) के अच्छे तालमेल के कारण ही बड़े नक्सली कैडर्स को मारा जा सका है। उनका कहना था कि बस्तर सुरक्षा बलों का लगातार दबाव नक्सलियों को कमजोर कर रहा है, जिसके चलते उनकी टीम बिखर रही है और वे अब बॉर्डर इलाकों में अपना ठिकाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद, ग्रेहाउंड के जवानों ने उस क्षेत्र में ऑपरेशन चलाया, जिसमें सात नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र और उड़ीसा सरकारों के जवानों द्वारा लगातार दबाव बनाए रखने से नक्सलियों को जड़ से खत्म करने की योजना बनाई जा रही है। आईजी ने बचे नक्सलियों को अंतिम चेतावनी दी है कि उनका एकमात्र रास्ता सरेंडर करना है। यदि वे ऐसा नहीं करते, तो आने वाले दिनों में ऑपरेशन को और भी बड़ा किया जाएगा ताकि नक्सल गतिविधियों पर पूरी तरह काबू पाया जा सके।

## बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार का मामला लोकसभा में उठा, सरकार से की गयी हस्तक्षेप की मांग

नयी दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमामालिनी और अन्य सदस्यों ने बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार और हिन्दू मंदिरों को तोड़े जाने का मामला उठाया और सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। शून्य काल के दौरान श्रीमती हेमामालिनी ने कहा कि बंगलादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा खतरे में है। इस्कॉन से जुड़े लोगों को परेशान किया जा रहा है। संत चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार किया गया है। उनके विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि यह हमारी भावनाओं से जुड़ा मामला है, सरकार को तत्काल इस गंभीर मसले पर ध्यान देना चाहिये। भाजपा के ही दिलीप सैकिया ने भी इस मामले को उठाते हुये कहा कि बंगलादेश में हिन्दुओं के साथ अमानवीय कृत्य किये जा रहे हैं। वहां सनानत धर्म के विरुद्ध ताकतें सक्रिय हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार बंगलादेश को संदेश भेजे जिससे हिन्दुओं पर अत्याचार रोके जा सकें। भाजपा के ही अनिल फिरोजिया ने भी इस मामले को उठाते हुये मांग की भारत के प्रधानमंत्री इस मसले में हस्तक्षेप करें और इस्कान से जुड़े भक्तों को रिहा करायें।

# पेज एक का शेष

## कोयला घोटाला...

प्रधान न्यायाधीश ने वरिष्ठ अधिवक्ता आर. एस. चीमा से पूछा, ''क्या सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) का यह रुख है कि सब कुछ हमारे पास आना चाहिए? चीमा विशेष लोक अभियोजक के रूप में सीबीआई मामलों की पैरवी कर रहे हैं। पीठ ने कहा, ''हम इन मामलों में पारित दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशों का लाभ भी चाहते हैं। एक वादी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उच्च न्यायालय को अपीलों और मामलों में आरोप मुक्त करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने से नहीं रोका जा सकता। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'कॉमन कॉज' की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह आदेश ये सुनिश्चित करने के लिए पारित किए गए थे कि आरोपी निचली अदालत द्वारा पारित अंतरिम आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में जाकर मुकदमे में बाधा उत्पन्न नहीं करें। पीठ ने कहा कि चूंकि आदेश तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा पारित किए गए थे, इसलिए इसे 15 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाले सप्ताह में समान संख्या वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने 2014 में जनहित याचिकाओं पर संज्ञान लेते हुए 1993 से 2010 के बीच केंद्र द्वारा आवंटित 214 कोयला ब्लॉकों को रद्द कर दिया था और सीबीआई के विशेष न्यायाधीश द्वारा सुनवाई का आदेश दिया था। पीठ ने निर्देश दिया था कि जांच या मुकदमे पर रोक अथवा बाधित करने के लिए कोई भी अपील केवल सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष ही की जा सकती है। इससे अन्य अदालतों को ऐसी याचिकाओं पर विचार करने से प्रभावी रूप से रोक दिया गया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली एक अन्य पीठ ने इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था कि क्या उसका पूर्व का फैसला (जांच या मुकदमे पर रोक अथवा बाधित करने के लिए कोई भी अपील केवल सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष ही की जा सकती है) धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दायर शिकायतों पर भी लागू होता है। सीबीआई ने कोयला घोटाले में 57 मामले दर्ज किए हैं। इसके अलावा धन शोधन के कई मामले भी दर्ज किए गए।

## संभल जाने से...

मुझे रोका गया। मैं अकेला जाने को भी तैयार हूं, लेकिन वे इसके लिए भी नहीं माने। यह संविधान के ख़िलाफ़ है। भाजपा क्यों डरी हुई है - अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए पुलिस को आगे क्यों कर रही है? सच्चाई और भाईचारे के संदेश को क्यों दबा रही है। उधर, लखनऊ में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को पुलिस अधिकारियों ने घर से बाहर नहीं निकलने दिया। श्रीमती मिश्रा ने इसे सरकार की ज्यादती करार दिया। श्री गांधी के दौरे के मद्देनजर कंग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के घर के बाहर बडी संख्या में पुलिस की तैनाती की गयी थी। गौरतलब है कि श्री गांधी ने मंगलवार को संसद में संभल मामले में गर्मागर्म बहस के बाद संभल जाने की घोषणा की थी जिसके बाद संभल जिला प्रशासन अलर्ट हो गया था और जिलाधिकारी ने अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर के पुलिस प्रमुखों को संबोधित पत्र में आग्रह किया था कि वह श्री गांधी को अपने जिले की सीमा में प्रवेश करने से रोक दें।

## डिजिटल यूपी...

लिए वैकल्पिक समाधान निकाले जाएं। दिसंबर 2024 तक 8,568 नए एफटीटीएच (फाइबर टू द होम) कनेक्शन जोड़ने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल यूपी का सपना साकार करने के लिए विभिन्न विभागों को समन्वय बढ़ाने और परियोजना से जुड़े मुद्दों का समाधान करने का निर्देश दिया है। योगी सरकार ने ग्राम विकास अधिकारियों-पंचायत सचिवों को भारतनेट उपकरणों की देखरेख और उपयोगिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है। इसके तहत जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारी (संरक्षक) की नियुक्ति होगी। इसके अलावा फाइबर केबल को जहां ''हर घर जल योजना,'' सड़क चौड़ीकरण और अन्य निर्माण कार्यों के कारण क्षति पहुंची है, वहां इन्हें पुनः स्थापित करने का कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। वन विभाग को लंबित भूमि आवंटन पर तेजी से कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। साथ ही ऊर्जा विभाग को बिजली कनेक्शन प्रदान करने की प्रक्रिया को तेज करने और कठिन स्थलों के लिए समाधान तलाशने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि भारतनेट परियोजना देश के दूरदराज व ग्रामीण इलाकों में न केवल हाई-स्पीड इंटरनेट प्रदान कर रही है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, ई-गवर्नेंस और आर्थिक विकास को गति देने का महत्वपूर्ण साधन भी बन रही है। इस परियोजना के पूरा होने से गांवों के लोग डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारतनेट परियोजना के जरिए डिजिटल क्रांति की ओर अग्रसर है। गांव-गांव तक इंटरनेट पहुंचाने का यह प्रयास राज्य को डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## बादल को गोली...

हरप्रीत सिंह, एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिन्दर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग आदि शामिल थे। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक बड़ी वारदात रोकने के लिये पुलिस की तारीफ की और श्री बादल पर हमले की निंदा करते हुये पुलिस को निर्देश दिये कि मामले की गहन जांच कर रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत की जाये।

## आज मुख्यमंत्री...

रूपाणी मौजूद थे। महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री का शपथ-ग्रहण समारोह मुंबई के फोर्ट इलाके में आजाद मैदान में कल शाम साढ़े पांच बजे आयोजित किया जाएगा जहां राज्यपाल पीसी राधाकृषणन श्री फडनवीस को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी समारोह में उपस्थिति होंगे। इसके अलावा समारोह में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वरिष्ठ नेताओं और राजग की सरकारों वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों के उपस्थित रहने की संभावना है। महाराष्ट्र विधानसभा के हाल में संपन्न चुनावों में भारी बहुमत से जीत के बाद लगातार दूसरी बार महायुति की सरकार बनने जा रही है। महायुति में शामिल शिवसेना के नेता एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार ने पहले ही भाजपा के मुख्यमंत्री के साथ एकजुटता से काम करने की घोषणा कर चुके हैं। केंद्रीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में भाजपा विधायक दल की बैठक में भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल और श्री मुनगंटीवार ने पार्टी के 132 विधायकों के सामने श्री फडनवीस के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका सुश्री पंकजा मुंडे एवं कई अन्य विधायकों ने उसका अनुमोदन किया। श्री रूपाणी ने विधायकों से पूछा कि यदि उनके मन में किसी और के नाम का प्रस्ताव है तो वे रखें, लेकिन सभी विधायकों ने एकस्वर से श्री फड़नवीस के नाम पर सहमति जतायी। इसके बाद श्री फड़नवीस को नेता चुने जाने की घोषणा की गयी। नेता चुने जाने के बाद श्रीमती सीतारमण, श्री रूपाणी, श्री पाटिल, श्री मुनगंटीवार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े आदि नेताओं ने श्री फडनवीस का अभिनंदन किया और उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री होने की बधाई दी। श्री फडनवीस ने भी विनम्रता पूर्वक सबका आभार ज्ञापन किया। सूत्रों के अनुसार कल श्री फड़नवीस के साथ शिवसेना एवं राकांपा से एक-एक सदस्य उप मुख्यमंत्री के रूप में भी शपथ ले सकते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 सीटों में से महायुति को 230 सीटें प्राप्त हुईं हैं जिनमें से भाजपा ने 132 सीटें जीती है, तो श्री शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को 57 और श्री पवार की राकांपा को 41 सीटें मिली हैं। इस तरह भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और इस बार मुख्यमंत्री पद भाजपा को स्वाभाविक रूप से मिलना तय हुआ है। वर्ष 1970 में 22 जुलाई को जन्मे श्री फडनवीस 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा, शिव सेना की जीत के बाद पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। पिछली शिंदे सरकार में वह उप मुख्यमंत्री थे। इससे पहले 2019 से 2022 तक वह विधानसभा में विपक्ष के नेता थे।

## सपा नेताओं की मुलाकात...

और लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा निलम्बित जेलर और डिप्टी जेलर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी होगी।

## विधायक खेल...

रुपये दिए जाते हैं। ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को 10 लाख रुपये तथा कामनवेल्थ और वर्ल्ड चैंपियनशिप के प्रतिभागी खिलाड़ियों को 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस अवसर पर अपने गुरुदेव और जिनकी स्मृति में यह कबड्डी प्रतियोगिता हुई, का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का पूरा जीवन देश और धर्म के लिए समर्पित रहा। साथ ही वह खेलों को भी आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता से प्रयास करते रहे। संबोधन से पूर्व सीएम योगी ने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी ने देश को कई प्रमुख कबड्डी खिलाड़ी दिए। संजीव बालियान, बृजेंद्र, यशपाल, धर्मवीर, योगराज, राहुल चौधरी, नितिन तोमर आदि का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपने जज्बे से कबड्डी के खेल को नई ऊंचाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कबड्डी केवल ताकत का खेल नहीं है। इसमें सजगता, स्फूर्ति और टीम वर्क भी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश में खेलों को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर खेल विश्वविद्यालय से लेकर ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण हो या फिर खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि दोगुना करना, इसी का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण खेल लीग में विजेताओं को कोई वरीयता नहीं मिलती थी, अब खेल एसोसिएशनों के माध्यम से इस लीग को जोड़कर विजेताओं को सरकारी नौकरी में वरीयता दी जाएगी। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, प्रदेश के खेल सचिव एलवाई सुहास, खेल निदेशक आरपी सिंह, पूर्व महापौर डॉ. सत्या पांडेय, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अरुणेश शाही, हॉकी की पूर्व ओलंपियन प्रेम माया, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, कुश्ती संघ के दिनेश सिंह, जिला एथलेटिक्स संघ के अजय सिंह टप्पू, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग पर एक शार्ट फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले का आनंद उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। सीएम ने दोनों टीमों उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के खिलाड़ियों के बेहतर मूव्स पर ताली बजाकर उनकी हौसला बढ़ाया। मुकाबला समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री ने विजयी टीमों और दोनों सेमी फाइनलिस्ट टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में उत्तर की टीम ने कड़े और रोमांचक मुकाबले में आंध्र प्रदेश की टीम को 54-52 के अंतर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता यूपी टीम को सरकार की तरफ से ट्रॉफी, दो लाख रुपये और उप विजेता आंध्र प्रदेश को ट्रॉफी, एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। सेमी फाइनल खेलने वाली बाकी दो टीमों एचपीसीएल मुंबई और पंजाब को भी सीएम के हाथों ट्रॉफी व पचास-पचास हजार रुपये का पुरस्कार मिला। मुख्यमंत्री ने इन सभी चार टीमों के खिलाड़ियों को मेडल भी पहनाकर सम्मानित किया।

# राष्ट्रीय सुरक्षा हित सर्वोपरि रख कर चीन के साथ आगे बढ़ेंगे : जयशंकर

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार ने भारत एवं चीन के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अप्रैल 2020 के पूर्व की स्थिति बहाल होने को 'सुधार की दिशा' बताते हुए बुधवार को स्पष्ट किया कि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना एक पूर्व-आवश्यकता है और अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए ही आगे बढ़ेंगे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज राज्यसभा में चीन के साथ 21 अक्टूबर को हुए समझौते तथा उसके बाद भारत एवं चीन के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति को लेकर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा, ह्लमैं सदन को भारत चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में घटी कुछ घटनाओं और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभावों से अवगत कराना चाहता हूँ। सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द भंग हुआ था। हाल की घटनाएँ, जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाती हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है। विदेश मंत्री ने निकट भविष्य में चीन के साथ संबंधों की दिशा में अपनी अपेक्षाएँ साझा करते हुये कहा ह्ल हमारे संबंध कई क्षेत्रों में आगे बढ़े हैं, लेकिन हाल की घटनाओं से स्पष्ट रूप से नकारात्मक रूप से प्रभावित हुए हैं। हम स्पष्ट हैं कि सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखना हमारे संबंधों के विकास के लिए एक पूर्व-आवश्यकता है। आने वाले दिनों में, हम सीमा क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ तनाव कम करने पर भी चर्चा करेंगे। विघटन चरण के समापन से अब हमें अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए, अपने द्विपक्षीय संबंधों के अन्य पहलुओं पर विचार करने का अवसर मिला है। विदेश मंत्री वांग यी के साथ मेरी हाल की बैठक में, हम इस बात पर सहमत हुए कि विशेष प्रतिनिधि और विदेश सचिव स्तर की व्यवस्था की बैठकें जल्द ही आयोजित की जाएंगी। मुझे विश्वास है कि इस महत्वपूर्ण संबंध की जटिलताओं के समाधान में सरकार को सदन का पूर्ण समर्थन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह याद रखना चाहिए कि 21 अक्टूबर, 2024 का समझौता पूर्वी लद्दाख में विभिन्न टकराव बिंदुओं पर स्थिति के समाधान के संबंध में समझ की श्रृंखला में नवीनतम है। मई/जून 2020 की घटनाओं और जुलाई 2020 में गलवान घाटी में प्रारंभिक विघटन के बाद, 10 सितंबर, 2020 को मास्को में विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। उस समय सरकार का रुख यह था कि तत्काल कार्य सभी टकराव वाले क्षेत्रों में सैनिकों की व्यापक वापसी सुनिश्चित करना था। इस बात पर भी जोर दिया गया कि एलएसी पर सैनिकों का बड़ा जमावड़ा 1993 और 1996 के समझौतों के अनुसार नहीं था। यह स्पष्ट किया गया कि भारतीय पक्ष एकतरफा रूप से यथास्थिति को बदलने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा। हमें यह भी उम्मीद थी कि सीमा क्षेत्रों के प्रबंधन से



संबंधित सभी समझौतों और प्रोटोकॉल का ईमानदारी से पालन किया जाएगा। उन्होंने भारत चीन संबंधों की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा, सदन इस तथ्य से अवगत है कि 1962 के संघर्ष और उससे पहले की घटनाओं के परिणामस्वरूप चीन ने अक्साई चिन में 38 हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से 5180 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र चीन को सौंप दिया, जो 1948 से उसके कब्जे में था। भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए कई दशकों तक बातचीत की है। जबकि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में इस पर आम सहमति नहीं है। श्री जयशंकर ने कहा ह्ल हम सीमा समझौते के लिए एक निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चाओं के माध्यम से चीन के साथ जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल/मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों को एकत्र करने के परिणामस्वरूप कई बिंदुओं पर हमारी सेनाओं के साथ आमना-सामना हुआ। इस स्थिति के कारण गश्ती गतिविधियों में भी बाधा उत्पन्न हुई। यह हमारे सशस्त्र बलों के लिए श्रेय की बात है कि रसद संबंधी चुनौतियों और उस समय व्याप्त कोविड स्थिति के बावजूद, वे तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाबी तैनाती करने में सक्षम थे। उन्होंने कहा कि सदन जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़पों के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों से भली-भांति परिचित है। उसके बाद के महीनों में, हम ऐसी स्थिति से निपट रहे थे, जिसमें न केवल 45 वर्षों में पहली बार मौतें हुई थीं, बल्कि घटनाक्रम इतना गंभीर था कि एलएसी के करीब भारी हथियारों की तैनाती करनी पड़ी। जबकि सरकार की तत्काल प्रतिक्रिया पर्याप्त क्षमता की दृढ़ जवाबी तैनाती थी, इन बढ़े हुए तनावों को कम करने और शांति और सौहार्द बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयास की भी आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि चीन के साथ हमारे संबंधों का समकालीन चरण 1988 से शुरू होता है, जब यह स्पष्ट समझ थी कि चीन-भारत सीमा प्रश्न को शांतिपूर्ण और मैत्रीपूर्ण परामर्श के माध्यम से सुलझाया जाएगा। 1991 में, दोनों पक्ष सीमा प्रश्न के अंतिम समाधान तक एलएसी के साथ क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखने पर सहमत हुए। इसके बाद, 1993 में शांति और सौहार्द बनाए रखने पर एक समझौता हुआ। इसके बाद 1996 में, भारत और चीन सैन्य क्षेत्र में विश्वास निर्माण उपायों पर सहमत हुए। वर्ष 2003 में, हमने अपने संबंधों और व्यापक सहयोग के सिद्धांतों पर एक घोषणा को अंतिम रूप दिया, जिसमें विशेष प्रतिनिधियों की नियुक्ति भी शामिल थी। 2005 में, एलएसी पर विश्वास निर्माण उपायों के कार्यान्वयन के लिए तौर-तरीकों पर एक प्रोटोकॉल तैयार किया गया था। उसी समय, सीमा प्रश्न के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों और मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति हुई थी। श्री जयशंकर ने कहा, वर्ष 2012 में, परामर्श और समन्वय के लिए एक कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की स्थापना की गई थी और एक साल बाद 2013 में, हम सीमा रक्षा सहयोग पर भी एक समझ पर पहुँचे। इन समझौतों को याद करने का मेरा उद्देश्य शांति एवं सौहार्द सुनिश्चित करने के हमारे साझा प्रयासों की विस्तृत प्रकृति को रेखांकित करना है और 2020 में इसके अभूतपूर्व व्यवधान ने हमारे समग्र संबंधों के लिए जो कुछ भी निहित किया है, उसकी गंभीरता पर जोर देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने बड़ी वारदात होने से रोकी : मान

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की गोली मारकर हत्या के प्रयास की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब पुलिस ने एक बड़ी वारदात होने से रोकी है। श्री मान ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि पंजाब पुलिस की मुस्तैदी का नतीजा है कि प्रदेश और प्रदेशवासियों को बदनाम करने की साज़िश नाकाम हो गई है। पुलिस ने अपनी मुस्तैदी से मौके पर ही हमलावर को गिरफ्तार करके बड़ी कामयाबी हासिल की। उन्होंने कहा, मैं पुलिस की मुस्तैदी की सराहना करता हूँ, सुखबीर बादल जी पर हुए हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि इस घटना की जल्द जांच करके रिपोर्ट सौंपी जाए।

### फर्जी हस्ताक्षर की शिनाख्त करने वाला एआई मॉडल विकसित

चंडीगढ़। पंजाब विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग एवं फोरेंसिक विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं ने आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस आधारित एक ऐसा मॉडल विकसित किया है जो फर्जी हस्ताक्षर की शिनाख्त कर सकता है। विश्वविद्यालय की तरफ से बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार भारतीय कॉपीराइट कार्यालय ने इस एआई मॉडल के लिए कॉपीराइट दे दिया है और अब इसका इस्तेमाल महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों पर फर्जी हस्ताक्षर से फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करने के लिए किया जा सकता है। एआई मॉडल फोरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञ प्रोफ़ेसर केवल कृष्ण और उनकी अनुसंधान टीम ने किया है। एआई मॉडल मशीन लर्निंग ऐल्गरिदम सपोर्ट वेक्टर मशीन (एसवीएम) पर आधारित है जो असली व फर्जी हस्ताक्षरों में फर्क पहचान सकता है। मॉडल पर 1400 हस्ताक्षर (700 वास्तविक और 700 फर्जी) की जांच में नतीजों में 90 फीसदी सटीकता पाई गई। इस एआई मॉडल से विभिन्न फॉर्म, चेक, बैंक दस्तावेज़ों, संपत्ति की रजिस्ट्री दस्तावेज़ों आदि पर हस्ताक्षर फर्जीवाड़े के मामलों में फोरेंसिक जांच और आपराधिक जांच में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय की कुलपति रेणु विग ने टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### केएसटीपीपी ने ऊर्ज़ा उत्पादन में रचा इतिहास

**ऋषिकेश।** भारत के ऊर्ज़ा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) ने 1320 मेगावाट खुर्ज़ा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (केएसटीपीपी) के यूनिट-1 का पूर्ण भार (660 मेगावाट) सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने थर्मल ऊर्ज़ा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने बताया कि यूनिट-1 ने परीक्षण के दौरान 664 मेगावाट का अधिकतम भार प्राप्त किया। इस दौरान सभी छह कोयला मिलों का संचालन और तकनीकी पैरामीटर स्थिर रहे। यह उपलब्धि सुबह 5:15 बजे हासिल की गई। यूनिट को अब फ्ल्यू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) से जोड़ा जा रहा है, जिससे सात दिसंबर से वाणिज्यिक संचालन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। विश्नोई ने खुर्ज़ा एसटीपीपी की पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि यह थर्मल पावर प्रोजेक्ट पूर्ण लोड संचालन के लिए तैयार है। उन्होंने इस परियोजना को टीएचडीसीआईएल की ऊर्ज़ा क्षमता को बढ़ाने वाला मील का पत्थर बताया। निदेशक (कार्मिक) शैलेन्द्र सिंह ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कहा कि यह टीएचडीसीआईएल की ऊर्ज़ा पोर्टफोलियो को सुदृढ़ करने और टिकाऊ ऊर्ज़ा समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं, निदेशक (तकनीकी) भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना चरम ऊर्ज़ा मांग के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और नवीकरणीय ऊर्ज़ा संसाधनों के साथ तालमेल बनाएगी। टीएचडीसीआईएल पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग कर रहा है। यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने और स्वच्छ ईंधन विकल्पों की खोज के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक कुमार शरद, महाप्रबंधक बीके साहू, उप महाप्रबंधक एके विश्वकर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी समेत एनटीपीसी कंसल्टेंसी टीम, बीएचईएल, एलएमबी और एसटीईएजी जैसी प्रमुख हितधारक कंपनियों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## सिंगापुर की तर्ज पर चमकेगा चंपावत, स्वच्छ और समृद्ध बनाने की पहल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंपावत। उत्तराखंड के चंपावत जनपद में आदर्श ग्राम को विकसित करने के उद्देश्य से सिंगापुर की एचटूओ मंत्रा कंपनी आगे आई है। कंपनी ने जिला प्रशासन के सहयोग से आदर्श गांव को चिन्हित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसके तहत एचटूओ मंत्रा के सीईओ निदेशक डॉ. शैलेश खर्कवाल ने जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देशन में नायकगोठ गांव का दौरा किया।



उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर कंपनी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और कहा कि आज के समय में कूड़ा एक समस्या के रूप में उभर रहा है। समय रहते हम सभी को इसका बेहतर प्रबंधन करना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि गांव में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति सूखा और गीला कूड़ा का अंतर समझते हुए घर पर ही इसको अलग-अलग करें। गीला कूड़ा हमको जैविक खाद के रूप में आय प्रदान करता है और स्वच्छता भी प्रदान होती है। जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी ने कहा कि कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्य को जिला प्रशासन का और सहयोग मिलेगा। हम सभी कूड़े से लाभ उठाने का कार्य करें। जैविक खेती ही हमको बेहतर दाम दे सकती है, लेकिन जनसहयोग सबसे जरूरी है। उरेडा के अवर अभियंता सीपी उपाध्याय ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि मॉडल व ऊर्ज़ा विलेज का चयन किया जा रहा है। जनपद में 10 गांव चिन्हित किए हैं। इनमें से एक गांव नायकगोठ भी है। योजना के तहत एक करोड़ की धनराशि का पुरस्कार प्रस्तावित है। गांव में महिला समूहों का गठन है और प्रत्येक घर की चाभी महिला के पास होती है।

## हाई पावर कमेटी की सभी बैठकें 'राष्ट्रीय खेल सचिवालय' में ही हों: रेखा आर्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। राज्य के खेल मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को राज्य में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सुझाव दिया है। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन व क्रियान्वयन के लिए उनकी अध्यक्षता में गठित 'हाई पावर कमेटी' की आगामी समस्त बैठकें 'राष्ट्रीय खेल सचिवालय' में ही आयोजित की जाएं।

खेल मंत्री रेखा आर्या के मुताबिक, राष्ट्रीय खेल सचिवालय में बैठकों के संचालन से आयोजन की तैयारियों और खेल अवस्थापना कार्यों पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में जुटे सभी अधिकारियों को मुख्य सचिव का कुशल प्रशासकीय अनुभव भी प्राप्त होगा। आर्या के अनुसार मुख्यमंत्री धामी और स्वयं उनके ओर से भी राष्ट्रीय खेलों से जुड़ी सभी बैठकों को 'राष्ट्रीय खेल सचिवालय' में ही आहूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक टीम की तरह इस आयोजन को सफल और ऐतिहासिक बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और निश्चित ही हम सभी के प्रयास, देवभूमि को 'खेलभूमि' के रूप में स्थापित करने में निर्णायक सिद्ध होंगे। उल्लेखनीय हैं कि इस 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 28 जनवरी 2025 से 14 फरवरी तक होना है। पहली बार इन खेलों की मेजबानी का जिम्मा उत्तराखंड को मिला है।

## नेशनल वॉक रेस में जीता पदक, छात्र अमन ठाकुर को डीएम ने किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोपेश्वर। सीमांत जनपद चमोली के अमन ठाकुर ने 60वीं विद्यालयी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तहत अंडर-17 वॉक रेस इवेन्ट में ब्रॉज मेडल जीतकर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालयी राष्ट्रीय खेलों में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बुधवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने एथलीट अमन ठाकुर, उनके कोच गोपाल सिंह बिष्ट और स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश मैठाणी को सम्मानित किया और खिलाड़ी अमन ठाकुर को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। एथलीट अमन ठाकुर अभी राजकीय इंटर कॉलेज बैरांगना में 12वीं कक्षा का छात्रा है। उन्होंने हाल ही में लखनऊ में संपन्न हुई विद्यालयी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अंडर-17 की पांच किलोमीटर वॉक रेस प्रतियोगिता में ब्रॉज मेडल जीता है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, स्पोटर्स समन्वय केसी पंत, जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार आदि मौजूद थे।

## कोठियालसैंण में पेयजल संकट, डीएम से मिले ग्रामीण, पंप मरम्मत में देरी पर जताई नाराजगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोपेश्वर। चमोली जिला मुख्यालय पर कोठियालसैंण वार्ड में पिछले 18 दिनों से पेयजल की किल्लत ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। स्थानीय जल आपूर्ति पंप के खराब होने से पानी की सप्लाई ठप हो गई है और इससे रोजमर्रा के कामों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संकट से निजात पाने के लिए कोठियालसैंण के ग्रामीण बुधवार को जिलाधिकारी से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल पंप ठीक करने की मांग की। साथ ही पंप मरम्मत में हो रही देरी पर नाराजगी भी जताई।ग्रामीण धीरेंद्र गडोरिया, संदीप झिक्वाण और सरजीत ने बताया कि कोठियालसैंण को पेयजल आपूर्ति करने



वाला हाईड्रम पंप 18 नवंबर से खराब है। इस बारे में जल संस्थान को सूचना दी गई थी, और विभाग ने दो दिन में पंप ठीक करने का आश्वासन दिया था। लेकिन दो सप्ताह बीतने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।पानी की किल्लत के कारण स्थानीय निवासियों को दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि जल संस्थान को जल्द से जल्द पंप को ठीक करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि इस समस्या का समाधान हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

## मुख्यमंत्री ने किया 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक का विमोचन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय वैदिक दर्शन और सनातन संस्कृति के संभावक के रूप में एक नई पहचान स्थापित कर रहे हैं।




इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक के लेखक प्रकाश सुमन ध्यानी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने उपनिषद के जटिल और गूढ़ रहस्यों को साधारण तरीके से लिखा है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को सबके समक्ष रखा है। उपनिषद भारतीय संस्कृति और दर्शन की अमूल्य निधि है, जिसने संपूर्ण विश्व को ज्ञान और चेतना का मार्ग दिखाया है। हमारी ज्ञान परंपरा संपूर्ण विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम के रूप में मानती है। उपनिषद आध्यात्मिक चितंन के स्रोत के साथ ही मानवता को व्यावहाकि जीवन दृष्टि भी प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से ज्ञान-विज्ञान आगे बढ़ रहा है, तब उपनिषदों और वेदों का ज्ञान हमारे लिए और भी प्रासांगिक हो जाता है। जीवन में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भौतिकवाद की चकाचौंध के बीच में आत्मा और ब्रह्मा की खोज निश्चित रूप से हमें प्रेरणा देने का कार्य करेगी। यह पुस्तक सभी को आत्म विकास, आत्म चिंतन और स्वयं की खोज के लिए भी प्रेरित करेगी।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश देवभूमि होने के साथ ही आध्यात्मिक चिंतन का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। आदि शंकराचार्य, स्वामी विवेकानन्द और ऋषि-मुनियों ने इस पुण्य धरा को अपनी शरण स्थली बनाया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक हमारी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि प्रकाश सुमन ध्यानी ने जीव विज्ञान की पढ़ाई कर आत्मज्ञान तक पहुंचकर 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक लिखी इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि उपनिषद जैसे विषय पर व्याख्यान करना बड़ी बात है। आज भारत की आस्था, निधि और गौरव 'अध्यात्म' की ओर आज पूरी दुनिया आ रही है। उन्होंने कहा कि भारत के मूल में आध्यात्मिक इंटेलीजेंस है। आध्यात्मिक इंटेलीजेंस हमारे देश की ख्याति है। भारत विश्व को अध्यात्म और योग का ज्ञान देने वाला है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण ने कहा कि 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक के माध्यम से लेखक ने आम जनमानस को उपनिषद और वेदों से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया है। हमारे वेद उपनिषद और प्राचीन ग्रंथ 21वीं सदी की आवश्यकता बन रहे हैं। जीवन जीने की शैली हमारे ये ग्रंथ सिखाते हैं। भावी पीढ़ी को अपने नैतिक मूल्यों से जोड़ना जरूरी है। आसान भाषा में हमारे ग्रंथो को बच्चों और जनमानस के साथ जोड़ना जरूरी है। आत्मा का चिंतन और परमात्मा से जुड़ाव होना आवश्यक है। इस पुस्तक के माध्यम से इस दिशा में सराहनीय प्रयास किया गया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063